RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 113
फरीदाबाद, मंगलवार, 30 मई, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



कोहली ने टीम इंडिया के साथ किया अभ्यास, रोहित आज से करेंगे शुरू
पेज-12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,846 | ▲ | 344.69 |
| निफ्टी | 18,598 | ▲ | 99.30 |
| सोना | 59,965 | ▼ | 110 /10 gm |
| चांदी | 73,040 | ▲ | 290 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.00°C
न्यूनतम 23.00°C

## क्विक न्यूज

### देश की जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा जताया : भूपेंद्र यादव



**भोपाल।** केंद्रीय पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन, श्रम और रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि देश की जनता ने जो विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर जताया, उस पर वह खरी उतर रही है। यादव ने यहां कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर सभागार में मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने पूर्व की कांग्रेस नीत केन्द्र सरकारों पर तंज कसते हुए कहा, 2014 से पहले देश में जो सरकार थी, उसमें सत्ता के ऐसे केंद्र बन गए थे, जो संविधानेत्तर थे और उनकी देश के संविधान के प्रति कोई जवाबदेही नहीं थी। यादव ने कहा, देश पॉलिसी पैरालिसिस का शिकार था। अर्थव्यवस्था ढेर हो रही थी और भ्रष्टाचार की स्थिति यह थी कि सरकार के मंत्री जेल चले जाते थे।

### कर्नाटक में कार-बस की टक्कर, 10 लोगों की मौत



**मैसूर।** कर्नाटक में सोमवार को एक कार और निजी बस की टक्कर में दो बच्चों सहित दस लोगों की मौत हो गई। घटना मैसूर के पास तनरसिंहपुरा की है। कार में सवार लोगों में तीन व्यक्ति घायल हैं। उसे इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार में ड्राइवर सहित 13 लोग सवार थे। एसपी सीमा लातकर ने बताया कि हादसे में इनोवा कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है। मरने वाले 9 लोग बेल्लारी के और ड्राइवर मैसूर का रहने वाला था। मैसूरु शहर से 35 किमी दूर कुर्बुर गांव के पास यह दुर्घटना हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कहा कि मृतक बल्लारी जिले के सांगनाकल्लू के रहने वाले थे। वे वे बीआर हिल्स से एक इनोवा कार में लौट रहे थे। उन्होंने कार किराए पर ली थी। मैसूरु से उन्हें शाम की ट्रेन से बेल्लारी लौटना था। उनके पास ट्रेन के टिकट भी थे।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

# इसरो का नेविगेशन सैटेलाइट लॉन्च, मोबाइल लोकेशन बेहतर होगी

**आर्मी को दुश्मनों के ठिकानों की सटीक जानकारी मिलेगी**

**एजेंसी।** बेंगलुरू

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से नेविगेशन सैटेलाइट एनवीएस-01 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इससे हमारा नेवआइसी नेविगेशन सिस्टम और मजबूत होगा। नाविक सैटेलाइट्स से हमारी सेनाओं को दुश्मनों के ठिकानों की सटीक जानकारी मिलेगी। इनके अलावा, नेविगेशन सर्विस भी मजबूत होगी।



इसरो प्रमुख डॉ. एस सोमनाथ ने बताया कि भारत के पास सात नाविक सैटेलाइट्स थे। इनमें से चार ही काम कर रहे हैं। तीन खराब हो चुके हैं। अगर हम तीनों को बदलते तब तक ये चार भी बेकार हो जाते। इसलिए हमने पांच नेक्स्ट जेनरेशन नाविक सैटेलाइट्स एनवीएस को छोड़ने की तैयारी की। एनवीएस-01 उनमें से एक है।

बता दें, 1999 में कारगिल वॉर के दौरान भारत सरकार ने घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी सैनिकों की पोजीशन जानने के लिए अमेरिका से मदद मांगी थी। तब अमेरिका ने जीपीएस सपोर्ट देने से मना कर दिया था। इसके बाद से ही भारत अपना नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम बनाने में जुट गया था।

देश में सिविल एविएशन सेक्टर की बढ़ती आवश्यकताओं को देखते हुए ये सिस्टम डेवलप किया गया है। ये नेटवर्क भारत और उसकी सीमा से 1500 किमी तक के क्षेत्र को कवर करता है। इसका इस्तेमाल टेरेस्टियल, एरियल और मरीन ट्रांसपोर्टेशन, लोकेशन बेस्ड सर्विसेज, पर्सनल मोबिलिटी, रिसोर्स मॉनिटरिंग और साइंटिफिक रिसर्च के लिए किया जाता है। नाविक की पोजीशन एक्यूरेसी सामान्य यूजर्स के लिए 5-20 मीटर और सैन्य उपयोग के लिए 0.5 मीटर है। इसकी मदद से एनिमी टारगेट पर ज्यादा एक्यूरेसी से अटैक किया जा सकता है। वहीं ये एयरक्राफ्ट और शिप के साथ रोड पर चलने वाले यात्रियों की मदद करता है। गूगल की तरह विजुअल और वॉइस नेविगेशन फीचर भी इसमें मिलते हैं।

**रॉकेट ने सुबह 10:42 बजे उड़ान भरी**

**श्रीहरिकोटा** के सतीश धवन स्पेस सेंटर के दूसरे लॉन्च पैड से सुबह 10.42 बजे जीएसएलवी ने उड़ान भरी। लॉन्च के करीब 18 मिनट बाद रॉकेट से पेलोड अलग हो गया। इसने एनवीएस-1 सैटेलाइट को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में डिप्लॉय किया। इसके बाद इंजीनियरों ने सैटेलाइट को सही ऑर्बिट में प्लेस करने के लिए ऑर्बिट-रेजिंग मैनुवर परफॉर्म किए।

### गैंगस्टर अमरप्रीत समरा की कनाडा में हत्या

**जालंधर।** कनाडा के टॉप-10 गैंगस्टरों में से एक अमरप्रीत समरा उर्फ चक्की की गोलियां मार कर हत्या कर दी गई। अमरप्रीत वैंकूवर में शादी में शामिल होने के लिए पहुंचा था। रात को डिनर और डांस के बाद जैसे ही फ्रेसरव्यू हॉल से बाहर निकला। ब्रदर्स कीपर्स ग्रुप के गुर्गों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। यह घटना कनाडा के समय अनुसार रविवार रात को करीब 1:30 बजे की है। अमरप्रीत अपने भाई रविंद्र के साथ शादी समारोह में शामिल हुआ था। हमलावरों ने सबूत मिटाने के लिए वह गाड़ी भी आग के हवाले कर दी, जिसमें वे सवार होकर आए थे।

**भारत-चीन के रिश्तों में सामंजस्य की जरूरत पर जोर**

# तीन सालों से बॉर्डर पर हम बेहद जटिल चुनौतियां झेल रहे : जयशंकर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने कहा- भारत पिछले तीन साल से चीन के साथ बॉर्डर एरिया पर बेहद जटिल चुनौतियों का सामना कर रहा है। मौजूदा स्थिति को बदलने के लिए एकतरफा प्रयास काफी नहीं हैं। दोनों देशों के रिश्तों में सामंजस्य की जरूरत है। तभी स्थितियां सामान्य हो पाएंगी। जयशंकर ने यह बात सोमवार को यूके के विदेश राज्य मंत्री तारिक अहमद के साथ बैठक के बाद कहीं। बैठक में मुक्त व्यापार समझौते, भारत-प्रशांत और जी-20 सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

पिछले साल अगस्त में भी जयशंकर ने यह भी माना था कि भारत के चीन से संबंध ठीक नहीं हैं। उन्होंने कहा था- लद्दाख में झड़प के बाद भी चीनी सेना बॉर्डर के इलाकों में डटी है। अगर चीन ने शांति भंग की तो इसका असर दोनों देशों के



संबंधों पर पड़ेगा। भारत अपने रुख पर कायम है। कमांडर स्तर पर हमारी 15 दौर की बातचीत हुई है। दोनों पक्षों के उन स्थानों से पीछे हटने के बारे में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, जहां वे बहुत करीब हैं, लेकिन अभी भी कुछ जगहें हैं, जहां वे पीछे नहीं हटे हैं। जयशंकर ने कहा- मैंने 2020 और 2021 में कहा और 2022 में भी कह रहा हूं कि हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं। यदि सीमा पर स्थिति सामान्य नहीं है तो संबंध सामान्य नहीं रह सकते और सीमा की स्थिति अभी सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा था कि सीमा की स्थिति एक बड़ी समस्या बनी हुई है, क्योंकि सेना पिछली दो सर्दियों से वहां डटी हुई है। यह बहुत तनावपूर्ण स्थिति है और यह एक खतरनाक स्थिति भी हो सकती है, इसलिए हम बातचीत कर रहे हैं।

**विदेश मंत्री ने पहले कहा था, हम चीन से नहीं डरते**

हालांकि इसी साल फरवरी में जयशंकर ने चीन के मुद्दे पर राहुल गांधी और कांग्रेस के सवालों का जवाब देते हुए कहा था- हम पर आरोप लगता है कि हम चीन से डरते हैं, उसका नाम भी नहीं लेते हैं। मैं बता दूं कि हम चीन से नहीं डरते। अगर हम डरते तो भारतीय सेना को चीन बॉर्डर पर किसने भेजा? ये सेना राहुल गांधी ने नहीं भेजी, नरेंद्र मोदी ने भेजी है। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां आरोप लगाती हैं कि लद्दाख में पैंगोंग झील के पास चीन ब्रिज बना रहा है। मैं आपको बता दूं कि यह इलाका 1962 से चीन के अवैध कब्जे में है। इस वक्त भारत के इतिहास का सबसे बड़ा पीस टाइम डिप्लॉयमेंट चीन बॉर्डर पर तैनात है।

# मणिपुर में हिंसा के बाद फिर पांच की मौत, एनकाउंटर जारी

**सीएम बीरेन सिंह ने इन्हें मिलिटेंट बताया**

**एजेंसी।** इम्फाल



**मणिपुर** में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच आरक्षण को लेकर तीन मई से हिंसा जारी है। रविवार को एक बार फिर राजधानी इम्फाल से लगे सेरौ और सुगनू इलाके में हिंसक झड़प हुई। इसमें एक पुलिसकर्मी समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 घायल हुए हैं। राज्य में हिंसा के चलते अब तक करीब 80 लोगों की जान गई है। 26 दिनों से जारी हिंसा के बीच पुलिस ने रविवार तक 40 लोगों का एनकाउंटर भी किया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने इन एनकाउंटर की पुष्टि की है। उन्होंने एनकाउंटर में मारे गए लोगों को मिलिटेंट बताया है। सीएम ने कहा- ये लोग आम नागरिकों के खिलाफ एम-16, एके-47 असॉल्ट राइफलों और स्नाइपर गन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सेना के मुताबिक, रविवार को इम्फाल के विभिन्न इलाकों से 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पांच 12 बोर डबल बैरल और तीन सिंगल बैरल राइफलें और गोला बारूद बरामद किया गया है। इसके अलावा न्यू चेकॉन में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनसे एक इनसास राइफल, 60 राउंड गोली, चीनी हथगोला और डेटोनेटर मिला है।

बता दें, मणिपुर में कुकी जनजाति के लोग मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा देने के खिलाफ तीन मई से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। चूराचांदपुर में तीन मई की रात प्रदर्शन के दौरान दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे से भिड़ गए। चूराचांदपुर में ही 4 मई को सीएम एन बीरेन सिंह का एक कार्यक्रम तय था। इसकी तैयारियों को लेकर मंच और पंडाल लगाए गए थे, जिसे प्रदर्शनकारियों ने आग के हवाले कर दिया। इसके बाद राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ती गई। केंद्र सरकार को राज्य में सेना और अर्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा। कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया, जो अब तक जारी है। 31 मई तक इंटरनेट भी बैन कर दिया गया है। राज्य से अब तक 40 हजार लोग पलायन कर चुके हैं।

**गृह राज्य मंत्री, सेना प्रमुख के बाद अब अमित शाह का दौरा**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह 29 मई से 1 जून तक राज्य के दौरे पर जा रहे हैं। वे सोमवार शाम को राजधानी इम्फाल पहुंचे। तीन मई को हिंसा शुरू होने के बाद शाह पहली बार मणिपुर पहुंचे। शाह राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए राज्य सरकार, सुरक्षाबलों और कुकी-मैतेई समुदाय के लोगों से बारी-बारी मिलेंगे। वे यहां के अन्य सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों से भी मिलेंगे।

**प्रॉपर्टी टैक्स बकाएदारों को बड़ी राहत**

## दस से बढ़ाकर 30 फीसद की ब्याज छूट, 31 जुलाई तक मिलेगा लाभ

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**सरकार** ने प्रॉपर्टी टैक्स की राशि 31 जुलाई 2023 तक जमा कराने पर ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। पहले यह छूट 10 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से ब्याज छूट में 20 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले सभी वर्गों को काफी राहत मिलेगी। जिन नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकते हैं।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाइन हो चुका है। प्रॉपर्टी टैक्स की ब्याज राशि में 30 प्रतिशत छूट का लाभ अधिकतम लोगों को मिले, इसके लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

जिन लोगों की तरफ अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, वे जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाएं, ताकि नगर निगमों व नगर परिषद को विकास कार्यों के लिए पैसा प्राप्त हो सके। यदि यह पैसा निगम व परिषद के खजाने में आता है तो शहर में तेजी से विकास कार्य संपन्न कराए जा सकेंगे।

## भ्रष्टाचार के मामले में रोल्स-रॉयस अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय वायुसेना और नौसेना के लिए हॉक 115 अत्याधुनिक जेट प्रशिक्षण विमान की खरीद में भ्रष्टाचार के आरोप में ब्रिटिश एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी रोल्स-रॉयस पीएलसी, इसकी भारतीय इकाई के वरिष्ठ अधिकारियों और शस्त्र विक्रेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

प्राथमिकी के अनुसार, सीबीआई ने मामले में छह साल की जांच पूरी होने के बाद भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 420




(धोखाधड़ी) और भ्रष्टाचार निरोधक कानून के प्रावधानों के तहत रोल्स-रॉयस इंडिया के निदेशक टिम जोन्स, कथित हथियार आपूर्तिकर्ता सुधीर चौधरी और उनके बेटे भानु चौधरी तथा ब्रिटिश एयरोस्पेस सिस्टम्स के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों ने बताया कि 2017 में एक ब्रिटिश अदालत ने भी समझौते को अंजाम देने के लिए कंपनी द्वारा बिचौलिए को शामिल कर कमीशन का भुगतान करने का जिक्र था।

आरोप है कि 2003-12 के दौरान साजिश में शामिल इन आरोपियों ने 73.42 करोड़ ब्रिटिश पाउंड की लागत से 24 हॉक 115 एजेटी की खरीद के लिए अज्ञात लोक सेवकों के साथ मिलकर आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया था। उन्होंने निर्माता लाइसेंस शुल्क के नाम पर 30.82 करोड़ अमेरिकी डॉलर और 75 लाख अमेरिकी डॉलर की अतिरिक्त राशि के लिए रोल्स रॉयस को आपूर्ति की गई सामग्री के बदले एचएएल के साथ डील पर जोर दिया।

## राहुल गांधी का दावा- एमपी में 150 सीट लाएगी कांग्रेस

**एजेंसी।** भोपाल

**राहुल** गांधी ने मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एमपी में 150 सीटें जीतेगी। राहुल गांधी के दावे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि हम उनकी बात से सहमत हैं। सीएम शिवराज सिंह ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि मन को बहलाने को बाबा ख्याल अच्छा है। हालांकि राहुल गांधी इस सवाल को टाल गए कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की ओर से सीएम फेस कौन होगा? दरअसल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने सोमवार को



दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर बैठक की। राहुल गांधी ने कहा कि बैठक में हमारी लंबी चर्चा चली। हमारा आंतरिक आकलन है कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिली हैं। मध्यप्रदेश में 150 सीटें मिलने वाली हैं। कर्नाटक में जो किया, उसे हम रिपीट करने जा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, हम मध्यप्रदेश भी जीतने जा रहे हैं।

## पांच जिले जोड़ने वाली दो और सड़कों को मंजूरी, 53 करोड़ का आएगा खर्च

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**डिप्टी** सीएम दुष्यंत चौटाला ने दो और सड़कों को मंजूरी दे दी है। इन सड़कों के निर्माण में 53 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। हालांकि इन सड़कों के निर्माण से सूबे के पांच जिलों को सीधा फायदा पहुंचेगा। डिप्टी सीएम ने इन दोनों प्रोजेक्टों को लेकर अधिकारियों से चर्चा भी की है। झज्जर से बादली तक की सड़क में 19 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। यह सड़क 18 किलोमीटर लंबी होगी।

वहीं रेवाड़ी-सोहना-पलवल एनएच-919 सड़क का भी हरियाणा सरकार विस्तार करेगी। 23 किलोमीटर की इस सड़क पर लगभग 34 करोड़ रुपए का खर्च होगा। डिप्टी सीएम ने अधिकारियों को दोनों सड़कों पर जल्दी से काम शुरू करने के निर्देश दिए हैं। दुष्यंत चौटाला ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे हिसार में एलिवेटिड-रोड के कार्य के



प्रथम चरण को जल्द शुरू करें ताकि शहर को भारी ट्रैफिक से होने वाली परेशानियों से मुक्त किया जा सके। उन्होंने इस कार्य को चरणबद्ध तरीके से तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही पीडब्ल्यूडी (लोक निर्माण विभाग) के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की।

**धरना दे रहे पहलवान दिल्ली से अपने घरों को हुए रवाना, खापों ने दी चेतावनी**

# सब्जी-फल-दूध की सप्लाई बंद करेंगे, दिल्ली घेरेंगे किसान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जंतर**-मंतर पर रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद पहलवान सोमवार को दिल्ली से घरों के लिए रवाना हो गए। पुलिस ने कहा कि हमने 38 दिन से धरना दे रहे पहलवानों को हर मुमकिन सुविधा दी थी, लेकिन रविवार को इन लोगों ने कानून तोड़ा। डिप्टी पुलिस कमिश्नर सुमन नालवा ने कहा- अगर पहलवानों ने अगली बार धरने की इजाजत मांगी तो हम उन्हें जंतर-मंतर नहीं, दूसरी जगह पर भेजेंगे। दरअसल, रविवार को झड़प के बाद रेसलर साक्षी ने कहा था कि अब जंतर-मंतर पर सत्याग्रह करेंगे। रविवार को नई संसद के सामने महिला महापंचायत बुलाई गई थी।



पहलवानों ने वहां जाने के लिए मार्च निकाला और बैरिकेड्स तोड़े। इस दौरान पुलिस के साथ झड़प हुई। इसके बाद विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया समेत कई पहलवानों को हिरासत में लिया गया। हालांकि बाद में उन्हें रिहा कर दिया गया। पुलिस ने पहलवानों समेत 109 लोगों पर एफआइआर दर्ज की है। इन पर दंगा फैलाने, सरकारी काम में बाधा डालने जैसे आरोप हैं। इन धाराओं में सात साल तक कारावास का प्रावधान है।

वहीं, जींद में खापों व किसानों ने पंचायत कर ऐलान किया कि दिल्ली में दूध, सब्जी, फल और अन्य सामान की सप्लाई को बंद करेंगे। किसान आंदोलन की तरह दिल्ली को चारों तरफ से घेर लिया जाएगा। उधर, इस मसले में एक रिटायर्ड आइपीएस डॉ. एनसी अस्थाना ने पहलवानों के खिलाफ ट्वीट कर लिखा- जरूरत हुई तो गोली भी मारेंगे। मगर, तुम्हारे कहने से नहीं। अभी तो सिर्फ कचरे के बोरे की तरह घसीट कर फेंका है। दफा 129 में पुलिस को गोली मारने का अधिकार है।

उचित परिस्थितियों में वो हसरत भी पूरी होगी। मगर वह जानने के लिये पढ़ा-लिखा होना आवश्यक है। फिर मिलेंगे पोस्टमार्टम टेबल पर!

बजरंग पूनिया ने अस्थाना को जवाब दिया- ये आइपीएस ऑफिसर हमें गोली मारने की बात कर रहा है। भाई सामने खड़े हैं, बता कहां आना है गोली खाने, कसम है पीठ नहीं दिखाएंगे, सीने पे खाएंगे तेरी गोली। यही बाकी रह गया है अब हमारे साथ करना, तो यो भी सही।

**क्या हमारा एनकाउंटर करना चाहते हैं? : विनेश**

**पहलवान** विनेश फोगाट ने सोमवार को कहा, दिल्ली से पहलवान सामान लेकर वापस जा रहे थे, तो पुलिस पीछे लग गई। पुलिस ने बताया कि पहलवानों को सिक्योरिटी देनी है। मैंने उनसे पूछा कि हमें रविवार शाम 7.30 बजे थाने से छोड़ा गया था, उसके बाद से ये पीएसओ कहां थे। पीछा करने की क्या जरूरत है। क्या हमारा एनकाउंटर करना चाहते हो? हो सकता है कि पुलिस के भेष में ये बृजभूषण ने ही भेजे हों। सभी के पास हथियार थे। हो सकता है कि हमारा एनकाउंटर कर दिया जाए।

**हम वापस जंतर-मंतर पर अपना सत्याग्रह शुरू करेंगे**



साक्षी मलिक ने कहा, दिल्ली पुलिस को यौन शोषण करने वाले बृजभूषण के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने में सात दिन लगते हैं और शांतिपूर्ण आंदोलन करने पर हमारे खिलाफ दर्ज करने में सात घंटे भी नहीं लगाए। क्या इस देश में तानाशाही शुरू हो गई है? सारी दुनिया देख रही है, कैसे सरकार अपने खिलाड़ियों के साथ बर्ताव कर रही है। हम वापस जंतर-मंतर पर अपना सत्याग्रह शुरू करेंगे।

# प्रेमी ने की थी हत्या, आरोपी बिहार से किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी दीपक कुमार ने अपनी टीम के साथ हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम आनन्द कुमार है। आरोपी मूल रुप से बिहार के सिवान जिले के गांव जगतपुर देवी राय का वर्तमान में आदर्श नगर फरीदाबाद में रह रहा था। आरोपी प्राइवेट कम्पनी में नौकरी करता है।

लड़की की छाती में दर्द होने के कारण मृत्यु हो गई है। जिस पर जांच के बाद व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार लड़की की मृत्यु गला दबा कर होनी पाई। आरोपी लड़की के परिवार के साथ रहता था। लड़की के पिता की शिकायत पर थाना आदर्श नगर में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी। क्राइम ब्रांच टीम आरोपी को मात्र 48 घंटे के अंदर गांव चांद बरवा जिला सिवान बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर लेकर आरोपी से वारदात में प्रयोग तकिया बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया की आरोपी ने लड़की की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# डीएलएसए के तत्वावधान में चाइल्ड लेबर एवं पुनर्वास विषय पर हुआ सेमिनार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला न्यायाधीश यशवीर राठौर के दिशा-निर्देश पर हुआ आयोजन**

**सीजेएम सुकीर्ति गोयल ने सेमिनार को किया संबोधित**

**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यशवीर सिंह राठौर के निर्देशानुसार एवं सीजेएम सुकीर्ति गोयल की अध्यक्षता व देखरेख में चाइल्ड लेबर को रेस्क्यू कराने व पुनर्वास एवं चुनौतियों पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन बचपन बचाओ आंदोलन एनजीओ के सहयोग से सेक्टर-12 फरीदाबाद में किया गया था।

सेमिनार में चाइल्ड वेलफेयर कमिटी ऑफ एजुकेशन डिपार्टमेंट वुमन और चाइल्ड डेवलपमेंट और डिस्ट्रिक चाइल्ड प्रोटक्शन यूनिट से संबंधित




अधिकारी भी शामिल रहे। बचपन बचाओ आंदोलन एनजीओ की तरफ से अरुण कुमार शर्मा, मोहित उपस्थित हुए।

इस अवसर पर सुकीर्ति गोयल ने बताया कि बच्चों को रेस्क्यू करना अलग काम है, लेकिन उनको पुनर्वास करना उससे भी बड़ा काम है। हमें बच्चों को रेस्क्यू के साथ-साथ उनके पुनर्वास पर अधिक जोर देना चाहिए, क्योंकि हम जब किसी बच्चे को उसके जीवन में दखल देते हैं तो हमें यह देखना चाहिए कि भविष्य में किस प्रकार मुख्यधारा से जोड़कर पुनर्वास करना है।

# आजाद नगर के महिला-पुरुष नगर निगम कार्यालय पहुंचे, किया प्रदर्शन

**फिर किसी का रेप और हत्या न हो, इसीलिए शौचालय बनाने की मांग उठाई**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**आजाद** नगर इलाके में शौचालय की समस्या से जूझ रहे लोगों ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद एडिशनल कमिश्नर गौरव आंतिल को लोगों ने मांग पत्र सौंपा। महिलाओं और पुरुषों ने जल्द से जल्द शौचालय बनाए जाने जाने की मांग अधिकारियों से की है।

नगर निगम दफ्तर में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि आजाद नगर इलाके में शौचालय ने होने से महिलाओं-बच्चियों को खुले में जाना पड़ता है। पिछले साल 11 और 12 अगस्त की रात को एक नाबालिग बच्ची रेलवे ट्रैक पार कर शौच के लिए गई थी। अज्ञात आरोपी ने न केवल उसे हवस का शिकार बनाया बल्कि उसकी हत्या कर दी थी। पुलिस आज तक इस वारदात से पर्दा नहीं उठा सकी।

डीसी ने इस वारदात के बाद आजाद नगर इलाके में शौचालय बनाए जाने का लोगों को आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक इलाके में शौचालय तो शौचालय के लिए नींव तक नहीं खो दी गई है। लोगों ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह पिछले लगभग 8/9 महीने से डीसी से लेकर नगर ने कमिश्नर और अन्य कई अधिकारी से मिल चुके हैं, लेकिन आज तक इलाके में शौचालय नहीं बनाया गया। केवल उन्हें आश्वासन पर आश्वासन दिया जा रहा है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। फरीदाबाद प्रशासन पहले ही दावा कर चुका है कि शहर खुले में शौच मुक्त हो चुका है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने प्रशासन के दावे पर सवालिया निशान लगा दिया।

लोगों ने कहा कि प्रशासन के दावे खोखले हैं। ज्ञापन लेने पहुंचे डिप्टी कमिश्नर गौरव आंतिल से इस मामले में बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देने से यह कहकर इनकार कर दिया कि वह इसके लिए आथोराइज नहीं हैं।

# होमगार्ड दफ्तर के क्लर्क-चपरासी रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार





**फरीदाबाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 2500 रुपए के साथ दबोचा**

**रिश्वत की रकम डीसी/एसी तक पहुंचने की बात कही**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सोमवार को नगर निगम में होमगार्ड ऑफिस के क्लर्क और चपरासी को ढाई हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी होमगार्ड की दोबारा ज्वाइनिंग कराने की एवज में रिश्वत ले रहे थे। विजिलेंस की टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि अब तक वह कितने लोगों से और कब-कब पैसे ले चुके हैं।

शिकायतकर्ता होमगार्ड के मुताबिक, उसकी 89 दिन ब्रेक के बाद दोबारा ज्वाइनिंग होनी थी, लेकिन इसकी एवज में चपरासी जितेंद्र पावा और क्लर्क बिजेंद्र ने उससे 2500 रुपये मांगे थे। इसकी शिकायत उसने एंटी करप्शन ब्यूरो को दी। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चपरासी और क्लर्क को को ढाई हजार लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। वहीं पीड़ित होमगार्ड की मानें तो पिछले काफी दिनों से क्लर्क उसकी दोबारा ज्वाइनिंग के लिए पैसों की डिमांड कर रहा थे। वहीं होमगार्ड ने क्लर्क और चपरासी के पकड़े जाने के बाद संगीन आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तो यह छोटे गुर्गे पकड़े गए हैं। रिश्वत की रकम तो डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट (डीसी) और असिस्टेंट कमांडेंट (एसी) तक पहुंचती है।

# पत्नी ने हिम्मत बढ़ाई इसीलिए हनीट्रैप केस में पुलिस तक पहुंचा कारोबारी



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हनीट्रैप** में फंसाकर सेक्टर-14 के कारोबारी से दो करोड़ रुपये हड़पने वाले नोएडा निवासी पति-पत्नी अय्याशी कर रहे थे। दोनों को सेक्टर आठ थाना पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। सेक्टर आठ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने यह बताया है कि यह उनका पहला मामला था।

हड़पे गए रुपयों को वे मौज-मस्ती में उड़ा रहे थे। महंगे होटलों में ठहरते थे। बाहर घूमने जाते थे। इन्हीं रुपयों से आरोपियों ने 17 लाख रुपये की कार खरीदी थी। बहुत जल्द वे फ्लैट खरीदने की तैयारी में थे। पुलिस तीन दिन के रिमांड के दौरान आरोपियों से हड़पे गए रुपये बरामदगी का प्रयास करेगी।

बता दें कि नोएडा के दंपति ने सेक्टर-14 के कारोबारी को हनीट्रैप में फंसा लिया था। महिला पहले कारोबारी के साथ स्कूल में पढ़ती थी। उसने कारोबारी से पहले दोस्ती की। इसके बाद नोएडा मिलने के लिए बुलाया। वहां कारोबारी के साथ शारीरिक संबंध बनाए। पहले कारोबार शुरू करने के नाम पर 20 लाख रुपये मांगे। इसके बाद दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने की बात कहकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पांच बार में कारोबारी से दो करोड़ रुपये हड़प लिए। अब वे पांच करोड़ रुपयों की मांग कर रहे थे। कारोबारी की शिकायत पर सेक्टर आठ थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

यह भी बता दें कि हनीट्रैप में फंसे कारोबारी का हौसला उसकी पत्नी और चाचा ने बढ़ाया। आमतौर पर इस तरह का मामला सामने आने के बाद परिवार के लोग पीड़ित को ही बुरा भला कहते हैं, मगर कारोबारी की पत्नी और चाचा ने उसे पुलिस में शिकायत देने की सलाह दी और साथ खड़े होने का हौसला भी दिया। कारोबारी ने अपनी शिकायत में कहा है आरोपियों द्वारा लगातार ब्लैकमेल किए जाने से वह परेशान रहने लगा और अवसाद में चला गया। जब आरोपियों ने पांच करोड़ रुपये मांगे तो कारोबारी ने हिम्मत करके सारी बात पत्नी व चाचा को बताई। तब पत्नी व चाचा ने उन्हें हिम्मत दी व पुलिस के पास शिकायत देने के लिए गए।

# एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थी परिषद का गठन हुआ




एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद स्थित एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थी परिषद (स्टूडेंट काउंसिल) का गठन किया गया। इसके बाद परिषद के सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। विद्यालय की इस परिषद में विभिन्न पदों के लिए चयनित विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

इन पदों के लिए विद्यार्थियों को एक निर्धारित चयन प्रक्रिया में विभिन्न चरणों से गुजरना पड़ा। जिसमें तात्कालिक भाषण, समूह चर्चा, प्रधानाचार्या, कोर्डिनेटर व अपनी कक्षा अध्यापिका से बातचीत और छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड आदि प्रमुख थे। विभिन्न चरणों में हुई इस प्रक्रिया को पूरा करते हुए कुछ छात्र सत्र 2023-24 की विद्यार्थी परिषद के लिए चुने गए।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सुरजीत खन्ना, प्रिंसीपल डीपीएस ग्रेटर फरीदाबाद और विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विनय गोयल, प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा, स्कूल मैनेजर तेज प्रकाश पांडेय व शिक्षाविद् सीएल गोयल ने विद्यार्थी परिषद सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# आंगन में सो रही महिला पर लाठी से हमला

**फरीदाबाद।** गांव कबूलपुर में अपने घर के आंगन में सो रही महिला के ऊपर किसी अज्ञात व्यक्ति ने लाठी से हमला कर दिया। उसने लाठी मारकर महिला के पैर तोड़ डाले। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला के पति हनुमान ने अपनी शिकायत में बताया है कि 24 मई की रात तबीयत खराब होने के कारण वह अपने कमरे में सो रहा था। उसकी पत्नी घर के आंगन में खाट पर सो रही थी। तभी उसे शोर सुनाई दी। वह कमरे से बाहर आया तो देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति उसकी पत्नी के पैरों पर लाठी से हमला कर रहा था। वह दर्द से चिल्ला रही थी। जब तक हनुमान कुछ समझ पाता और आरोपी को पकड़ने का प्रयास करता, वह मौके पर ही लाठी छोड़कर भाग गया। पीड़ित के अनुसार वह तुरंत अपनी पत्नी को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है, आरोपी की तलाश की जा रही है।

# डीपीएस ग्रेफ के छात्रों ने लिखी 'यार्न' पुस्तक, हुआ विमोचन



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**इस किताब में बच्चों ने अपने जीवन व साहस को लेकर विचारों का समावेश अपनी कहानियों से किया है**

**स्कूल के प्रो. वीसी रोहित जैन ने किताब के लिए सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा की**

**डीपीएस** ग्रेटर फरीदाबाद स्कूल द्वारा दसवें साल की अकादमिक उपलब्धियों को सेलिब्रेट करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। एक नई शुरुआत करते हुए स्कूल के विद्यार्थी, जो लेखन में रुचि रखते हैं, उन्हें एक मंच प्रदान किया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों ने स्कूल द्वारा दी गई थीम पर अपनी कहानियां यार्न नामक किताब में लिखी।

कहानियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने जीवन में साहस के मायनों को प्रस्तुत किया। प्रिंसीपल सुरजीत खन्ना ने बताया कि 22 विद्यार्थियों ने इस किताब में 15 कहानियां लिखीं, जिन्हें आकर्षक चित्रों व स्कैच के माध्यम से दर्शाया गया। खन्ना ने कहा कि पहली प्रकाशित पुस्तक, यार्न-वीविंग वर्ड्स का मकसद युवा लेखकों व चित्रकारों को प्रोत्साहित कर उनकी प्रतिभा को निखारना रहा। उन्होंने कहा कि इस किताब में बच्चों ने अपने जीवन व साहस को लेकर विचारों का समावेश अपनी कहानियों से किया है। यह स्कूल के लिए गौरव की बात है। स्कूल के प्रो. वीसी रोहित जैन ने किताब के लिए सभी विद्यार्थियों की प्रशंसा की और कहा कि पहली बार इस तरह की शुरुआत स्कूल में की गई है। आगे भी इसी तरह से बच्चों की प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल प्रयासरत रहेगा।

# हत्या के प्रयास में पांच वर्ष से फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना सदर बल्लभगढ़ प्रभारी महेंद्र पाठक की टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में वर्ष 2017 से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में अमित और भारत उर्फ कालू का नाम शामिल है। आरोपी अमित बल्लभगढ़ के गांव दयालपुर का तथा आरोपी भारत उर्फ कालू अजरौंदा चौक के पास का रहने वाला है। दोनों मच्छगर गांव के टी पॉइन्ट से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष 2017 में पीड़ित आशीष पर देसी कट्टे से फायरिंग की थी। मामले में एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। दोनों आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले में शामिल अन्य आरोपी की तलाश जारी है। जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




सही कैसे कहें उसको चले जिस राह सत्ता की
किसी में भी नहीं देखी थी ऐसी चाह सत्ता की
खिंचे हैं नारियों के चीर तक कुर्सी की चाहत में
किसी दिन ले के डूबेगी तुम्हें ये आह सत्ता की

# किडनी के मरीजों में ब्लड प्रेशर की भूमिका अहम : जितेंद्र कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**इंस्टीट्यूट** ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंस, दिल्ली में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र कुमार सहित देशभर से डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। उन्होंने किडनी के मरीजों में ब्लड प्रेशर की समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि ब्लड प्रेशर की समस्या भारत में तेजी से फेल रही है। देश में ब्लड प्रेशर से ग्रसित लोगों में 75 प्रतिशत अपना उचित इलाज नहीं करा रहे हैं। इस कारण हार्ट और किडनी फेलियर की बीमारियां बढ़ रही है। इतना ही नहीं ब्लड प्रेशर का जन्म किडनी की बीमारी के कारण हो सकता है। ब्लड प्रेशर कम उम्र में शुरू हुआ हो, प्रेगनेंसी में शुरु हुआ या ढेर सारी दवाइयां खाने की जरूरत पड़ रही हो तो ऐसे मरीजों को अंतराष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार किडनी चेकअप जरूर कराना चाहिए।

ये जानने के लिए कि उनकी किडनी कहीं इस ब्लड प्रेशर का स्त्रोत तो नहीं है। अगर ब्लड प्रेशर अन्य कारणों से भी हुआ तो ये किडनी को हानि तो नहीं पंहुचा रहा है। यदि शुरुआत में ही बीमारी की पहचान कर ली जाए तो बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। ब्लड प्रेशर ज्यादा लक्षण पैदा नहीं करता। ये संभव है कि हाई बीपी हो और मरीज को कोई लक्षण न हो तो, जो लोग लक्षण दिखाई देने का इंतजार करते हैं, वो कई बार बहुत देर कर देते हैं। नॉर्मल 140/90 बीपी के ऊपर इलाज हो जाना चाहिए, क्योंकि किडनी का रिश्ता बीपी से अत्यधिक है। इसलिए किडनी के मरीजों में बीपी 130/80 होना चाहिए। कभी कभी 120/80 के नीचे लाने का भी प्रयास किया जाता है।

# श्रीविश्वकर्मा कौशल विवि में आज होगा नेपुन्य

**फरीदाबाद।** श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में मंगलवार को सांस्कृतिक समारोह नेपुन्य का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में संस्कृति की अनोखी झलक दिखाई देगी। जहां विश्वविद्यालय के कलाकार रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे, वहीं हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार हरविंदर राणा विशेष प्रस्तुति देने के लिए मंच पर होंगे।

इस समारोह में पंडित लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट के कुलपति गजेंद्र चौहान मुख्य अतिथि होंगे। जबकि हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि नेपुन्य के माध्यम से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा बाहर आएगी। प्रतिभावान विद्यार्थियों को मंच प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य है। विद्यार्थी अपनी लोक संस्कृति के साथ जुड़े रहें। अपनी मेधा को मंच से प्रदर्शित करें, इसी उद्देश्य से नेपुन्य का आयोजन किया जा रहा है। लोक कलाओं को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय विशेष तौर पर प्रयास कर रहा है।

इसी को ध्यान में रखते हुए बंचारी लोक कला पर डिप्लोमा भी करवाया जा रहा है। एसोसिएट डीन डॉ. सविता शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय के जिम्नेजियम हाल में यह भव्य कार्यक्रम होगा। इसमें काफी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रस्तुतियां देंगे। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. प्रीति ने बताया कि हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार हरविंदर राणा की प्रस्तुति भी बड़ा आकर्षण होगी।

# 34 लाख की लागत से होगा कुलैना-मकसूदपुर सड़क का सुधारीकरण

## विधायक दीपक मंगला ने नारियल फोड़कर किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विधायक** दीपक मंगला ने सोमवार को गांव कुलैना से मकसूदपुर तक लगभग 34 लाख रुपये की लागत से 1100 मीटर लंबी तथा 12 फीट चौड़ी सड़क के सुधारीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि इस सड़क की सुदृढ़ीकरण कार्य को लगभग चार महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

लोगों के सुगम आवागमन की सुविधा को देखते हुए सुधारीकरण कार्य को शुरू करवाया गया है। सड़क की मरम्मत होने से यहां से गुजरने वाले आसपास के कई गांवों के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक दीपक मंगला का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर उनके साथ मुकेश सिंगला, हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड एसडीओ देवेंद्र सहरावत, पंडित हरीश कुलैना, रणवीर मनोज, सुरेंद्र सिंगला, गजेंद्र, श्यामवीर, जगदीश, अजीत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



दीपक मंगला ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल के कुशल नेतृत्व में पलवल जिला में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए जा रहे है। प्रदेश सरकार विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवा रही है। आमजन को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करने को लेकर सरकार पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार लोगों के कल्याण के लिए नई-नई योजनाएं लागू कर रही है। प्रदेश में खुशहाली का नया दौर शुरू हुआ है।

नागरिकों को घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का ऑनलाइन माध्यम से लाभ मिल रहा है। दीपक मंगला ने मौके पर हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़क के सुदृढीकरण कार्य में उच्च गुणवत्तायुक्त सामग्री का इस्तेमाल करें।

### रोडवेज कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

# दो घंटे काम ठप करके ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ धरने पर बैठे

## 11 जून को किया जाएगा परिवहन मंत्री आवास का घेराव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को पलवल डिपो परिसर में दो घंटे विरोध प्रदर्शन किया गया। मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी दिया गया।

विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता डिपो के सांझा मोर्चा के अध्यक्ष मंडल ने की, जबकि मुख्य रूप से सांझा मोर्चा के राज्य उप महासचिव



नवीन राणा और उप प्रधान चंद्रहास विशेष रूप से मौजूद रहे। सांझा मोर्चा अध्यक्ष मंडल का कहना है कि परिवहन विभाग ने 20 मई 2023 को हरियाणा रोडवेज विभाग के 1883 चालकों, परिचालक और लिपिकों की जो ऑनलाइन ट्रांसफर किए हैं, वे पूर्ण रूप से गलत हैं। सरकार ने ऑनलाइन ट्रांसफर के लिए, जो ड्राफ्ट तैयार किया गया था, उसके अनुसार एक भी ट्रांसफर नहीं किया गया।

परिवहन मंत्री ने बयान दिया था कि ट्रांसफर घर से 50 से 60 किलोमाटर के दायरे के अंदर की जाएगी, ताकि किसी भी कर्मचारी को किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े, लेकिन हुआ इसके विपरीत। कर्मचारियों को 200 से 300 किलोमीटर की दूरी पर भेजा गया और सर्विस रूल के अनुसार कर्मचारियों को ज्वाइनिंग टाइम दिया गया।

सांझा मोर्चा के अध्यक्ष मंडल का कहना है कि सरकार इस तानाशाही फरमान को वापस ले और दोबारा से तबादला नीति बनाई जाए, नहीं तो आने वाली 11 जून को रोडवेज कर्मचारी परिवहन मंत्री के निवास स्थान का घेराव करेंगे। अगर उसके बाद भी सरकार नहीं मानती है तो 26 जून को एक दिन का पूर्ण रूप से चक्का जाम किया जाएगा।

# नाबालिग आत्महत्या प्रकरण में सीआइए ने पांच महीने बाद पकड़ा आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**सीआइए** टीम ने नाबालिग लड़के को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सुसाइड करने के पांच महीने बाद आरोपी देवदत्त उर्फ बादल पकड़ में आया है। अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है, जिन्हें जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।

सीआइए प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बंचारी गांव निवासी देवी सिंह ने मुंडकटी थाना में तीन जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि उसका 16 वर्षीय बेटा यश सौरोत गांव में बने स्टेडियम में वॉलीबाल खेलने गया था। इस दौरान स्टेडियम में गांव के ही बादल ने उसके साथ मारपीट की। देवी सिंह के अनुसार, जब यश सौरोत ने शिकायत आरोपी बादल के बड़े भाई अनिल और उसकी मां सुरेश से की तो उल्टा उन्होंने भी यश को ही मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया।

यश ने इस मामले की जानकारी उन्हें दी और बताया कि आरोपी उसे जान से मार देंगे, जिस वजह से वह काफी डरा हुआ था। देवी ने बताया कि इस बीच एक दिन पत्नी बाहर से घर लौटी तो उसने देखा कि यश ने घर में लगे पंखे से फांसी लगाई हुई थी और उसकी मौत हो चुकी थी। यश ने आरोपियों की धमकी से परेशान होकर फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने आकर शव को कब्जे में लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### रविंद्र युवा सैन समाज संगठन के प्रधान बने



**फरीदाबाद।** युवा सैन समाज फरीदाबाद संगठन की एक आवश्यक बैठक का आयोजन डबुआ कालोनी में किया गया। इस बैठक में प्रधान योगेन्द्र सैन के तीन वर्ष पूरे होने के एडवोकेट रविन्द्र सैन सिद्धू को सर्वसम्मति से आगामी तीन वर्ष के लिए प्रधान चुना गया। इस अवसर पर सैन समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सैन व हरिशंकर सविता को सैन समाज कोर कमेटी सदस्य बनाया गया। तत्पश्चात सभी को सम्मान कर स्वागत किया गया। उपस्थित समाज के मौजिज लोगों, बुजुर्ग तथा पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए रविन्द्र सैन सिद्धू ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारे पहले प्रधान राजीव बालियान व योगेन्द्र सैन ने बहुत ही मेहनत व कर्तव्य निष्ठा से संगठन को आगे बढ़ाया है। आज जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी गई है, मैं उस जिम्मेदारी को उठाने के लिए तैयार हुए हम सब मिलकर फरीदाबाद सैन समाज के लिए और अच्छे व बेहतर कार्य करेंगे। सैन समाज को आगे बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। सैन जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजन के साथ धार्मिक व सामाजिक कार्य को भी सैन समाज फरीदाबाद द्वारा निरन्तर किया जाएगा, जिसमें रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर व जरूरतमंदों की मदद का कार्य शामिल है। इस अवसर पर कुलदीप सैन, हरिशंकर सविता, राजीव बालियान, विनोद सैन, अनिल राणा, सुनील सैन, सैन अनिल धामा, ठा. लाल, कमल सिंह सैन, सुधीर माथुर सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

### घर से 9.28 लाख रुपये कैश और सोने का हार गायब

**पलवल।** जिले में असावटा गांव में एक मकान से 11 रुपये लाख की चोरी हुई है। करीब 9.28 लाख कैश और ढाई तोले सोने का हार गायब हुआ। मकान मालिक का आरोप है कि गैस सप्लाई करने वाले युवक ने ही चोरी की है। कैंप थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर गैस सप्लायर के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी उदयभान के अनुसार, असावटा गांव निवासी राहुल पोसवाल ने शिकायत दी कि वह घर पर नहीं था। उसकी पत्नी शनिवार रात करीब 10 बजे पड़ोसी में कुछ काम से गई थी। उसी दौरान भाभी उनके घर किसी काम से आई तो उसे घर का कोई सदस्य मौके पर नहीं मिला, लेकिन उसने घर के अंदर टीकरी ब्राह्मण गांव निवासी कन्हैया को खड़े देखा। इसी दौरान चोरी भी हो गई।

### देशी कट्टे सहित क्राइम ब्रांच एनआईटी ने दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम नवनीत है। आरोपी मूल रुप से बिहार के गांव कैलाचक का हाल हनुमान नगर नहरपार फरीदाबाद का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना खेडी पुल के एरिया हनुमान नगर से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा बरामद हुआ है। आरोपी से देसी कट्टा का लाइसेंस पेश करने को कहा तो आरोपी लाइसेंस पेश नहीं कर पाया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी भरतपुर पहाड़ी बस स्टैण्ड राहुल नाम के व्यक्ति से 5000 रुपये में खरीद कर लाया था। आरोपी राहुल के नाम से अधिक कुछ नहीं जानता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

### जल सुरक्षा योजना को लेकर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पलवल।** जिला स्तरीय फेस-2 आयोजन सोमवार को पप्पन प्लाजा परिसर में किया गया। इसमें डा. भक्ति देवी (जलस्मृति) ने विस्तार से लोगों को जल की योजना के बारे मे जानकारी दी। सभी अधिकारियों से भूजल स्तर को सुधारने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपस में सहयोग करें। उल्लेखनीय है कि एआईआईएलएसजी एक नागरिक अध्ययन संस्थान है, जो लोक स्वशासन, नगरीय विकास, और स्थानीय स्वशासन से संबंधित प्रशिक्षण और क्षेत्रीय विकास कार्यों की ट्रेनिंग प्रदान करती है। इसका मुख्य उद्देश्य जलसंसाधनों की सुरक्षा, प्रबंधन और गणना कौशल का विकास करना होता है। इस मौके पर डीआईपी टीम से अशोक, अभिषेक चौधरी, सीबी ट्रेनर आबिद, देवीलाल, राधा, प्रीति, मोनिका, डीपीएमयू से वारिश खान, मोहित, बागवानी विभाग से योगेंद्र, मंजू रानी सहित अन्य सदस्यों ने प्रशिक्षण लिया।

### नगाड़ा वादकों का डाटा एकत्रित हो रहा

**पलवल।** सरकार की हिदायत अनुसार हरियाणा राज्य में नगाड़ा वादकों का पंजीकरण किया जाना है। इसी कड़ी में जिला पलवल में भी नगाड़ा वादकों का पंजीकरण किया जाएगा। कला एवं सांस्कृति कार्य विभाग द्वारा समय-समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें अतिथिगणों के स्वागत के लिए नगाड़ा वादकों को प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह कार्य आगामी 02 जून से 04 जून 2023 तक पुराना कोर्ट परिसर में स्थित सूचना, जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग पलवल के कार्यालय में किया जा रहा है। पंजीकरण के लिए नगाड़ा वादकों को अपने मूल दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, बैंक पासबुक, कैंसिल चैक का प्रथम पेज, पैन कार्ड की प्रतियां तथा पासपोर्ट साइज फोटो साथ लेकर आने अनिवार्य हैं।

# तकनीकी व प्रबंधन शिक्षा क्षेत्र में एनजीएफ कॉलेज को मिला शिक्षा रत्न सम्मान



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मथुरा** मार्ग पर स्थित एनजीएफ कॉलेज को हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय द्वारा तकनीकी व प्रबंधन शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय योगदान के लिए शिक्षा रत्न सम्मान प्रदान किया गया है। पंचकूला के पीडब्ल्यूडी के सभागार में राष्ट्रीय पत्रिका वैश्य भारती द्वारा आयोजित वैश्य संवाद और सम्मान समारोह में एनजीएफ कॉलेज के सीईओ अश्वनी प्रभाकर और मार्केटिंग प्रमुख अमित दीक्षित को यह सम्मान राज्यपाल और हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता द्वारा दिया गया।

सीईओ ने बताया कि एनजीएफ कॉलेज में हर सेमेस्टर में बेहतर परीक्षा परिणाम देने के साथ-साथ यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को नियमित रूप से इंडस्ट्रियल विजिट, विशेषज्ञों द्वारा सेमिनार और वर्कशॉप की व्यवस्था रहती है, ताकि इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को आज की तकनीकी और औद्योगिक जरूरतों के विषय में पता चलता रहे और वे अपने आपको इसके लिए समय रहते तैयार कर सकें।

हाल ही में इसी कॉलेज की 2017-21 बैच की छात्रा ने यूपीएससी की मेन परीक्षा पास की है। इसके अतिरिक्त यहां के बच्चों को बड़ी-बड़ी कंपनियां जैसे विप्रो, एचसीएल आदि में भी ऊंची वेतन पर नौकरियां मिलती रहती हैं। जल संरक्षण, वृक्षारोपण के अलावा बहुत से सामाजिक चेतना के कार्यों में भी इस कॉलेज का बढ़चढ़कर योगदान रहता है। इसी कारण इस विद्यालय को शिक्षा रत्न जैसा प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है, जिससे अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा मिल सके। अश्वनी प्रभाकर ने बताया कि वह अपने कॉलेज के लिए 'शिक्षा रत्न' जैसा प्रतिष्ठित सम्मान पाकर अत्यंत खुश हैं। एनजीएफ कॉलेज के ही प्रोफेसर और श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी, दूधौला का कुलगीत लिखने वाले राज्यपाल अवार्डी डॉ राजेश कुमार मंगला 'पार्थ' को भी राज्यपाल ने साहित्य रत्न सम्मान देकर हमारे कॉलेज की गरिमा में चार चांद लगा दिए हैं। इस अवसर पर वह उपस्थित पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल, प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल और अन्य औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभावान हस्तियों ने भी अश्वनी प्रभाकर और अमित दीक्षित को बधाई देते हुए निरंतर नई ऊंचाइयां छूने की शुभकामनाएं भी दीं।

# आइटीआइ में अगले माह शुरू होगी दाखिला प्रक्रिया जारी किए दिशा निर्देश

**पलवल।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा सरकारी और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आइटीआइ में दाखिला प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने जा रही है। सत्र 2023-24 के दाखिले को लेकर विभाग द्वारा अगले माह में शेड्यूल जारी किया जा रहा है। दाखिला प्रक्रिया में शामिल होने के लिए छात्रों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए दाखिले से संबंधित दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा द्वारा दाखिले को लेकर जल्द ही वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। दाखिलों के चरण के लिए मेरिट एवं सीट अलॉटमेंट जारी होने को लेकर सभी तरह की जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। जो भी विद्यार्थी आईटीआई में दाखिला लेना चाहते हैं, उनको सलाह दी जाती है कि समय रहते हुए जरूरी कागजातों का प्रबंध कर लें। फैमिली आईडी जिसमें उनका नाम, उनके पिता का नाम, उनकी माता का नाम, जन्मतिथि वही हो जो उनकी दसवीं की मार्कशीट में है। फैमिली आईडी में मोबाइल नंबर अवश्य लिंक करवा ले। मोबाइल नंबर वही होना चाहिए जो चालू हो ताकि ओटीपी आ सके और छात्र की खुद की नई ईमेल आईडी हो जो पहले किसी अन्य छात्र के दाखिले में रजिस्टर्ड न हो। इसके अलावा छात्र दसवीं की मार्कशीट, 12वीं की मार्कशीट, नया फोटो, हरियाणा रिहायशी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, स्कॉलरशिप के लिए बैंक खाते की कॉपी, इनकम सर्टिफिकेट, ऑनलाइन दाखिला फीस जमा कराने के लिए एटीएम, फोन पे, गूगल पे की सुविधा अनिवार्य है। आईटीआई की ट्रेड से संबंधित जानकारी व अन्य दाखिले संबंधित जानकारी के लिए छात्र अपने नजदीक किसी भी सरकारी आईटीआई में संपर्क कर सकता हैं।

> **राजकीय** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जल्द ही दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। ऐसे में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करते समय विद्यार्थियों को सावधानी बरतने की जरूरत है, ताकि बाद में किसी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े।
>
> 
>
> **-भगत सिंह, प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल**

## निरोगी हरियाणा योजना के तहत मिलेगा मुफ्त इलाज : उपायुक्त

**पलवल।** उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि गरीब परिवारों को चिकित्सा निशुल्क लाभ प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से निरोगी हरियाणा योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। लाभार्थियों को परामर्श के साथ-साथ दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। इस योजना के तहत अंत्योदय सूचीबद्ध परिवार, जिनकी आय 1 लाख 80 हजार रुपये प्रतिवर्ष से कम हैं, ऐसे को मुफ्त स्वास्थ्य जांच और आवश्यक उपचार की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

ऐसे गरीब परिवार जिन्हें परामर्श और जांच के अभाव में शरीर में होने वाले रोग की जानकारी नहीं होती थी, उनके लिए यह योजना अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उपायुक्त ने पात्र परिवारों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है। सिविल सर्जन डा. लोकवीर ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग की एएनएम और आशा वर्कर अपने-अपने संबंधित क्षेत्रों में लाभार्थियों से संपर्क करेंगी और उन्हें सूचित की गई तिथि के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाओं में आने के लिए आमंत्रण पत्र देंगी। इस योजना का लाभ जिला नागरिक अस्पताल के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में उपमंडल स्तरीय अस्पताल, सभी सीएचसी, पीएचसी में लिया जा सकता है।

# विवाहिता से दुष्कर्म कर वीडियो बनाया, ससुरालियों ने घर से निकाला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**विवाहिता** को प्रेमजाल में फंसाकर पहले संबंध बनाए। अश्लील वीडियो-फोटो के नाम ब्लैकमेल करके बार-बार संबंध बनाने को मजबूर किया। पैसे मांगे, मानसिक तौर पर परेशान किया। विरोध करने पर वीडियो-फोटो वायरल कर दिए, जो ससुरालियों तक पहुंचे तो उन्होंने विवाहिता को रखने से इनकार कर दिया।

महिला थाना पुलिस ने विवाहिता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं पीड़िता की काउंसिलिंग भी कराई जा रही है।

हथीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने शिकायत दी। इसमें उसने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी एक वर्ष पूर्व नूह जिले के एक गांव में की थी। शादी के चार माह बाद हुजेफा नामक युवक ने उसकी बेटी के साथ बहला-फुसला कर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली। फोटो भी खींच लिए। व्यक्ति के अनुसार, अब युवक उनको वायरल करने की धमकी देकर बेटी को ब्लैकमेल करके मानसिक तौर पर परेशान करने लगा है। उसकी बेटी ने जब विरोध किया और उसकी बात नहीं मानी तो आरोपी ने बेटी की अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ससुराल वालों के नंबरों पर भी सेंड कर दिए।

अब ससुराल वाले बेटी को रखने से इनकार कर रहे हैं। आरोपी के कारण बेटी का घर टूट गया। वह मानसिक तौर पर परेशान रहने लगी है। बदनामी अलग से उठानी पड़ी। वहीं महिला थाना प्रभारी और जांच अधिकारी सुशीला को आरोपी हुजेफा के खिलाफ शिकायत मिल गई है। वे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हैं।

# स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक डेजर्ट कैफे का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आइसक्रीम** की हमारे दिलों में जगह है। हर बच्चे का यह पहला प्यार होता है जो ताउम्र कायम रहता है। स्कूजो सही मायनों में विशेषज्ञता को परिभाषित करता है और इसका उद्देश्य अपने प्रोडक्ट्स में नवीनता लाना और भारत का सर्वश्रेष्ठ डेजर्ट ब्रांड बनाना है। भारत के पहले लाइव पॉप्सिकल कंसेप्ट स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक ने एससीओ नं. 04, सेक्टर - 79, ओमैक्स वर्ल्ड स्ट्रीट, ग्रेटर फरीदाबाद, हरियाणा, में अपना डेजर्ट कैफे लॉन्च किया है। स्वस्थ डेजर्ट और फूड प्रोडक्ट्स की मांग हर उम्र के लोगों में बढ़ रही है और इस प्रकार स्कूजो ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक डेजर्ट ब्रांड के रूप में उभरने की जिम्मेदारी ली है।

स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हुए आइसक्रीम को प्राकृतिक अवयवों के साथ मिलाकर डेजर्ट इंडस्ट्री में क्रांति ला दी है। स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक के निर्माता प्रचलित, कम पौष्टिक डेजर्ट विकल्पों के विपरीत एक पौष्टिक और प्राकृतिक विकल्प पेश करने के इच्छुक हैं। यह विजन उन व्यक्तियों के लिए एक सपने के सच होने में बदल गई है। जो अब इसके नकारात्मक प्रभावों के बारे में चिंता किए बिना डेजर्ट का स्वाद ले सकते हैं। भारत में अभूतपूर्व कंसेप्ट पेश करते हुए स्कूजो गर्व से पॉप्सिकल्स के बेहतरीन विकल्प प्रस्तुत करता है, जिसे दुनिया के विभिन्न कोनों से मिले हुए स्वादों के एक आकर्षक मिश्रण से तैयार किया गया है। प्राकृतिक अवयवों की एक दिल को लुभाने वाली सिम्फनी का अनुभव करें, जिसे सावधानी के साथ परफेक्ट किया गया है। स्कूजो डेजर्ट्स को विदेशी फलों और नट्स के साथ एक गुप्त नुस्खे का उपयोग कर बनाया जाता है, जो आइसक्रीम के ताजा स्वाद को कई गुना बढ़ा देता है। स्कूजो के मेनू में स्वादिष्ट पॉप्सिकल्स और जिलेटो डेजर्ट के विभिन्न प्रकार के स्वाद हैं।



इसमें आइसक्रीम वफल, पेनकेक्स, मिल्कशेक, डेजर्ट केक और संडेज जैसे डेसर्ट का विकल्प भी है जो आपकी डेजर्ट की तलब को संतुष्ट करेगा।

स्कूजो आइस ओ मैजिक के संस्थापक और निदेशक गगन आनंद ने यह मानते हुए कि फरीदाबाद के लोगों में मिठाइयों और डेजर्ट के लिए मजबूत आकर्षण है, फरीदाबाद में एक नई शाखा खोलने को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्हें वहां एक आदर्श स्थान मिलने की खुशी है। आनंद उद्यमशीलता की मानसिकता को बढ़ावा देने और उसे समर्थन देने के अपने मिशन पर आगे बढ़ रहे हैं, जिसका उद्देश्य मेहमानों को एक अविस्मरणीय और आनंदमय डेजर्ट का अनुभव प्रदान करना है। फरीदाबाद में स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक एक परफेक्ट डेजर्ट कैफे है। जो ग्राहकों को आराम के साथ भोजन करने के एक बेहतरीन माहौल प्रदान करता है। ताजा और प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर तैयार किए गए उल्लेखनीय 100% शाकाहारी मेनू पर कैफे को गर्व है। स्कूजो डेजर्ट कैफे विभिन्न प्रकार के डेजर्ट और गर्म व ठंडे दोनों तरह के पेय परोसकर कंपनी के नैतिक मूल्यों को कायम रखता है। स्कूजो आइस 'ओ' मैजिक एक कंपनी के रूप में अपनी जिम्मेदारी को समझता है और यह भी समझता है कि यह अपने काम से समाज को कैसे लाभ पहुंचा सकता है। श्री आनंद यह सुनिश्चित करते हैं कि उनकी कंपनी विश्वसनीय और स्वास्थ्य-केंद्रित उत्पाद बनाती है।

# सेक्टर-23 के कम्युनिटी सेंटर में मनाया गया श्याम वंदना महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**श्रीश्याम** दरबार ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति श्रीश्याम वंदना महोत्सव सेक्टर-23ए कम्युनिटी सेन्टर में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर के संरक्षक एवं बाबा के अनन्य भक्त लेखराज दीक्षित व चेयरमैन मुकेश दीक्षित ने की। संस्था के प्रधान प्रदीप दीक्षित व महासचिव कुलदीप लाम्बा ने बताया कि कम्युनिटी सेन्टर में भव्य दरबार, पुष्प वर्षा, इत्र वर्षा व छप्पन भोग लगाकर बाबा का गुणगान किया गया। महासचिव कुलदीप लाम्बा ने बताया कि भजन प्रवाहक मनोज शर्मा, मोनू भैया, राशि पाटनी, कोमल चोपड़ा के साथ मंदिर के सदस्यों द्वारा सायंकालीन भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम के मंच का संचालन श्याम आहूजा ने किया। श्याम वंदना महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा के बड़े भाई एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता टिपर चंद



शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष लाम्बा, निवर्तमान पार्षद जयवीर खटाना, शीतल खटाना, प्रमोद कुमार टिबड़ेवाल, ज्ञानेंद्र भारद्वाज, अनुराग गर्ग, शिक्षाविद् भारत भूषण शर्मा, संजीव प्रधान, श्याम सुंदर गोयल, प्रदीप गुप्ता, सचिन, विशाल गोयल, गौरव कंसल, रवि सोनी, गुरु चरण डोरा, राजीव गोयल, संदीप सिंगला, गौरव गोयल आदि अतिथि उपस्थित रहे। वंदना महोत्सव में चेयरमैन मुकेश दीक्षित, अध्यक्ष प्रदीप दीक्षित, उपप्रधान सत्येन्द्र यादव, वरिष्ठ उप प्रधान मुकेश संदूजा, कोषाध्यक्ष पवन गुप्ता, सुशील अग्रवाल, प्रचार मंत्री पूनम शर्मा, लवली गर्ग, राजेश लाम्बा, मोहन अग्रवाल, तरुण भारद्वाज, जगबीर खटाना, प्रेम शंकर शर्मा, जॉनी, दीपांशु शर्मा, रणबीर शर्मा सहित कार्यकारणी के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## हरियाणा बोर्ड से जुड़े विद्यालयों के

# शिक्षक लेंगे अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण

### हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का स्विट्जरलैंड के संस्थान आईबी से हुआ करार

### शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर व जेनेवा स्थित आईबी के महानिदेशक ओली पेका हेंवनें के बीच हुआ एमओयू साइन

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**हरियाणा** विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से सम्बद्धता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षा के अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर आधारित प्रशिक्षण मिलेगा। इसके लिए सोमवार को यहां हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड का स्विट्जरलैंड के जेनेवा स्थित इंटरनेशनल बैकलौरिएट (आईबी) के साथ एमओयू साइन हुआ।

इस एमओयू साइन होने के साथ ही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने स्वयं को देश के चुनिंदा बोर्ड में शामिल कर लिया, जो अपने शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण दिलाते हैं। गुरुग्राम के एक निजी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर व आईबी के महानिदेशक ओली पेका हेंवनें ने एमओयू का आदान प्रदान किया। इस दौरान हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चैयरमेन डॉ. वीपी यादव भी मौजूद रहे। शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आईबी के साथ हुए इस एमओयू से अध्यापन के स्तर में सुधार आने के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी उत्तम गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्वीकार्यता होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी एवं आईबी के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित होने से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व आईबी द्वारा जारी संयुक्त हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्रों की प्रमाणिकता अंतरराष्ट्रीय स्तर की होने के कारण हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की पहचान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होगी, जो कि अपने आप में एक विशिष्ट उपलब्धि होगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस एमओयू के होने से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड यह उपलब्धि हासिल करने वाले देश के चुनिंदा बोर्डों में शामिल हो गया है। ऐसे में यह संपूर्ण शिक्षा जगत के लिये गौरवमयी क्षण है।



हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड व स्विट्‌जरलैंड के जेनेवा स्थित आईबी के बीच एमओयू साइन के बाद फाइलों का आदान प्रदान करते शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर व आईबी के महानिदेशक ओली पेका हेंवनें।

शिक्षा मंत्री ने बोर्ड की कार्यप्रणाली का जिक्र करते हुए कहा कि आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड तकनीकी युग से पूरी प्रतिबद्धता के साथ कदमताल करते हुए शिक्षा क्षेत्र की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रथम चरण में प्रदेश के 10वीं तक के 113 स्कूलों को 12वीं तक अपग्रेड करने निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के सचिव कृष्ण कुमार, आईबी के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर मैट कॉस्टेलो, भारत में आईबी के डेवलपमेंट एवं रिकॉग्निशन मैनेजर महेश बालाकृष्णन, बोर्ड के संयुक्त सचिव डॉ. पवन कुमार शर्मा, सहायक सचिव संतोष नरवाल, संयुक्त निदेशक राम सिंह यादव, सुपरिन्टेन्डेन्ट नेपाल सिंह तंवर व सुनील दत्त, सहायक मुकेश कुमार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

---

## शिक्षण संस्थानों में नैतिक शिक्षा पर भी दिया जाए जोर : विधायक



गुरुग्राम के सेक्टर-52 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रथम वार्षिक सम्मेलन का शुभारंभ करते विधायक सुधीर सिंगला।

### सुधीर सिंगला ने सेक्टर-52 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रथम वार्षिक सम्मेलन में कहा

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने सेक्टर-52 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्रथम वार्षिक सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान विधायक ने महाविद्यालय के सभी अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं और छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए सदैव परिश्रम करते रहने की प्रेरणा दी।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में शिक्षकों का कर्तव्य विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा देना है, वहीं विद्यार्थियों का कर्तव्य है कि वे उस शिक्षा को अपने पूर्व विवेक से ग्रहण करें। जो शिक्षा हमें अपने शिक्षण संस्थान में मिलती है, वह शायद ही कहीं और मिले। इसलिए यहां पढ़ाए जाने वाले हर पाठ को अपने जीवन में अपनाएं। उन्होंने कहा कि किताबी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक शिक्षा भी जरूरी है। जब तक हम अपने नैतिक मूल्यों को नहीं समझेंगे, तब तक हमारा जीवन बेहतर नहीं होगा। नैतिकता बहुत जरूरी है। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हर व्यक्ति अपने जीवन में सदा विद्यार्थी होता है। वह हमेशा सीखता रहता है। जिसके अंदर सब कुछ सीखे होने की भावना आ जाती है, वह खाली हो जाता है। इसलिए हर कदम पर, छोटों से, बड़ों से सीख लेने की आदत हमारी होनी चाहिए। यह अहंकार कभी ना पालें कि हमें सब कुछ पता है। यह हमें पतन की ओर ले जाएगा। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि वर्तमान सरकार ने शिक्षा का काफी स्तर सुधार दिया है। नई शिक्षा नीति हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस शिक्षा नीति में हमारे लिए संस्कार भी हैं। रोजगार भी हैं। यह संस्कारों की भी नीति है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बहुत सुविधाएं दी हैं। ऐसे में बेटियों को अपने माता-पिता, शहर, प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए खूब मेहनत करनी चाहिए।

इस दौरान विधायक के समक्ष महाविद्यालय द्वारा कुछ समस्याएं भी रखी गई, जिसका समाधान जल्द ही करवाया जाएगा। कार्यक्रम में केएन भट्ट, सुभाष यादव, मोहम्मद रफीक, महाविद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र मलिक, गौरव भाटिया, मोनिका चौधरी, सुशील वाजपेयी, मनीष वजीराबाद, कुलदीप यादव, पंकज यादव व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

---

## सरपंच सुंदर लाल ने लाइब्रेरी ट्रस्ट में किताबों के लिए दिए 51 हजार रुपये

### किताबों की कमी को पूरा करने के लिए दी यह धनराशि

**गुरुग्राम।** गांव कासन स्थित बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी ट्रस्ट में किताबों की जरूरत को पूरी करने के लिए पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल ने अपने निजी कोष से 51 हजार रुपये की धनराशि भेंट की। इस कार्य के लिए ट्रस्ट के प्रधान प्रकाश कासन, उपाध्यक्ष कमल, महासचिव चमन लाल, अकाउंट चीफ अशोक कुमार व सचिव जिले सिंह ने उनसे मुलाकात की थी।

इस दौरान लाइब्रेरी संचालकों से उन्होंने कहा कि वे गांव में शहरों की तर्ज पर लाइब्रेरी बनाकर जो सुविधा बच्चों, युवाओं को दे रहे हैं, यह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर सभी का अधिकार है। कोई भी शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा का महत्व बताते हुए शिक्षित होने का संदेश दिया था। उन्हें खुशी है कि यह लाइब्रेरी भी उन्हीं के नाम से बनाई गई है। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने शिक्षा को बेहतर बनाया है।



अपने कार्यालय में गांव कासन स्थित बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर लाइब्रेरी ट्रस्ट को आर्थिक सहयोग देते सरपंच सुंदर लाल।

नई शिक्षा बनाकर देश को शिक्षा के साथ संस्कारों की एक अहम नीति दी है। इसका महत्व सभी को समझना होगा, तभी हमारा देश फिर से विश्व गुरू बनेगा। उन्होंने कहा कि जीवन में हमें शिक्षा से अपने बच्चों को दूर नहीं करना चाहिए। अगर बच्चों को शिक्षा दे देते हैं तो उनका जीवन सुधार देते हैं। अनपढ़ता समाज पर एक अभिशाप की तरह है। इसलिए कोई अनपढ़ नहीं रहना चाहिए। सुंदर लाल ने कहा कि शिक्षा पर सभी का अधिकार है।

---

## द केरला स्टोरी फिल्म दिखा बोधराज सीकरी ने किया बेटियों को जागरुक

**गुरुग्राम।** समाजसेवी बोधराज सीकरी द्वारा 650 लोगों, बेटियों को द केरला स्टोरी फिल्म दिखाई। फिल्म देखने के लिए पूरा हॉल बुक करवाया गया था। फिल्म को लेकर बेटियों और युवा वर्ग में काफी उत्साह को देखते हुए 650 लोगों को यह मूवी दिखाने की व्यवस्था चार किश्तों में की गई। बोधराज सीकरी ने कहा कि फिल्म को देखने के लिए लोगों में भारी उत्साह था। दो ऑडिटोरियम दो दिन के लिए अलग-अलग बुक किये गए। अत्यधिक संख्या में लोगों ने यह फिल्म देखने की रुचि दिखाई, इसलिए सोमवार को भी बुकिंग की गई है। बोधराज सीकरी ने कहा कि अगर इसी तरह लोगों का उत्साह और सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती रही तो इस मुहिम को एक कदम और आगे बढ़ाया जाएगा।

धर्म परिवर्तन पर बनी इस फिल्म पर अपनी प्रतिक्रिया में बोधराज सीकरी ने कहा कि धर्मांतरण के कारण देश की बेटियों के साथ कई अत्याचार हुए हैं और उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। हैवानियत की हदें पार हो रही हैं। सीकरी ने कहा कि यह फिल्म हर वर्ग खासकर हिन्दू बेटियों को जरूर देखनी चाहिए। इस फिल्म का उद्देश्य



गुरुग्राम के एक सिनेमा में द केरला स्टोरी देखने पहुंचे लोग।

बेटियों को जागरूक करना है। समाज के प्रति उन्हें अपनी जिम्मेदारी का अहसास कराना है। माता-पिता का भी फर्ज बनता है कि वें बेटियों और बेटों को भी सही मार्गदर्शन दें। उन्हें अपनी संस्कृति और परम्पराओं से जोड़ें। अपने ग्रंथों से जोड़ें।

बोधराज सीकरी ने बताया कि पिछले वर्ष द कश्मीर फाइल्स फिल्म दिखाई थी। इस मुहिम में धर्मेंद्र बजाज, राज कुमार कथूरिया, अनिल कुमार, ज्योत्सना बजाज, रमेश कामरा, ओपी कालरा ने कॉर्डिनेट करके अपने स्तर पर सहयोग किया।

---

## बारिश ने किए गए बरसाती इंतजामों की खोली पोल



सोमवार को हुई बारिश से सोहना की सड़कों पर जमा पानी।

**सोहना।** सोमवार को हुई बारिश ने नगर परिषद और मार्केट कमेटी प्रशासन की पोल खोल दी। शहर के आम रास्तों से लेकर सार्वजनिक स्थान, बाजार, मुख्य सड़कों पर जलभराव का हो जाने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मार्केट कमेटी और नगर परिषद प्रशासन शहर में होने वाले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए तैयार नहीं है। केवल बारिश के दिनों में ही जलभराव की समस्या याद आती है, लेकिन बारिश का मौसम से पूर्व तैयारियां न करने का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ा है। सोमवार को हुई बारिश से शहर के 10 से 15 स्थानों पर हुए जलभराव से लोग अपने घर व दुकानों में कैद हो गए। किसी भी बरसाती नाले से बारिश के पानी की निकासी सही न होने से देर शाम तक आम रास्ते, सड़क, बाजार और चौक-चौराहों पर जमा रहा। जलभराव वाले स्थानों में बालूदा मार्ग पर हरीनगर कॉलोनी, अस्पताल मार्ग, दमदमा चौक, पुरानी सब्जी मंडी, अग्रसैन चौक, बस स्टैंड मार्ग, बस स्टैंड के सामने, पुराना तहसील परिसर आदि स्थानों पर जलभराव होने से पैदल चलने वालों को भी जमा पानी में से ही निकलना पड़ा।

**नालों पर कर रखे हैं अवैध कब्जे :** नगर परिषद और अनाज मंडी परिसर में गंदे व बारिश वाले नालों पर पक्की सीमेंट की पट्टी बनवाकर दुकानदारों ने अवैध कब्जा किया हुआ है। अनाज मंडी परिसर में से एक मात्र नाले का 20 से 25 फीसदी ही खुला है। 75 से 80 फीसदी पर लैंटर डालकर अवैध कब्जा जमाया हुआ है। जिसके कारण नाले की नियमित रूप से सफाई नहीं होती। मार्केट कमेटी प्रशासन देखते हुए अंजान बना हुआ।

---

## नवीन गोयल ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर लोगों के साथ की निगमायुक्त से मुलाकात

### सभी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर जल्द काम करने को जीएमडीए के सीईओ व निगमायुक्त ने किया आश्वस्त

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शहर** की अलग-अलग कालोनियों व कुछ सामूहिक मांगों को लेकर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने मौजिज लोगों के साथ नगर निगम आयुक्त व जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा से मुलाकात की। उन्होंने मांग पत्र सौंपकर उसमें शामिल मांगों पर काम करने आग्रह किया।

नवीन गोयल के नेतृत्व में जीएन शर्मा, प्रद्युम्न जांघू, शोकेस भारद्वाज, यादराम यादव, निशा भारद्वाज, योगेश, गजेंद्र गुप्ता, विशाल अग्रवाल, श्वेता दहिया यादव, संदीप भारद्वाज, वाल्मीकि समाज के प्रधान सुल्तान वाल्मीकि, उपप्रधान कुलदीप सिंह, लालचंद, रामफल शर्मा, एलसी चोपड़ा, प्रकाश चंद, गुरुप्रसाद, राजकुमार खैरालिया आदि निगमायुक्त से मिले। नवीन गोयल ने निगमायुक्त को बताया कि गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार के पंजीरी प्लांट में सामाजिक कार्यों के उपयोग के लिए कम्युनिटी सेंटर की मांग लोगों द्वारा की जा रही है। इसका काम जल्द से जल्द कराया जाए। बेरी वाला बाग की जमीन पर एक आधुनिक पार्क एवं एक कम्युनिटी सेंटर बनाया जाए, ताकि हीरा नगर, शिवाजी नगर, ओमनगर, शांति नगर, राजनगर के लोगों को कार्यक्रम करने के लिए जगह उपलब्ध हो सके। साथ ही लोगों को घूमने के लिए पार्क की भी सुविधा उपलब्ध हो। द्रोणाचार्य कॉलेज से लेकर महावीर रोड की जर्जर सड़क का पुनर्निर्माण करवाया जाए।



नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त को मांग पत्र सौंपते नवीन गोयल व साथ गए लोग।

उन्होंने बताया कि अशोक विहार फेज-1 व 2 का कुछ इलाका किन्हीं कारणों की वजह से अपूर्ण रह गया है। उसकी जांच करवाकर कालोनियों की आने वाली अप्रूव्ड लिस्ट में उसको जल्द से जल्द डलवाया जाए, ताकि लोगों को निगम की आम सुविधाएं प्राप्त हो सकें। वर्ष 1982 से बसी अमर कालोनी में रजिस्ट्री भी पुरानी है, इंतकाल भी है, हाउस टैक्स भी लोग दे रहे हैं। उस कॉलोनी को भी अप्रूव्ड लिस्ट में डलवाया जाए। नवीन गोयल ने शहर में घूम रहे गोवंश को लेकर भी मांग उठाते हुए कहा कि गुरुग्राम के अंदर गोवंश सड़क पर घूम रहे हैं। पालतू गोवंश के मालिकों का चालान काटा जाए व इधर-उधर सड़कों पर घूम रहे गोवंश को गोशाला तक पहुंचाया जाए। सेक्टर 68, 69, 70ए के कहर बालक चौक से दरबारीपुर रोड तक गलियों की लाइटें व टूटे हुए रोड को भी बनवाया जाए।

लक्ष्मण विहार का अप्रूव्ड इलाका भी 2022 के बाद कंप्यूटर में 111 नंबर मकान से लेकर 326 मकान नंबर तक अप्रूव्ड दिखा रहा है। उसको भी कम्प्यूटर में अप्रूव्ड किया जाए। अर्जुन नगर की गली नंबर-3, 4, 5 में पीने का पानी नहीं आ रहा है। पेयजल निकासी भी दुरुस्त कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। सभी विषयों पर निगमायुक्त मीणा ने जलद से जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया और कुछ विषयों पर तुरंत आदेश किए।

---

## धर्म व समाज की सेवा के लिए हमेशा अहिल्या बाई का कृतज्ञ रहेगा राष्ट्र : जीएल शर्मा

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम



**पाल** बघेल महासभा की ओर से देवी अहिल्या बाई होलकर चौक पर देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान महासभा की ओर से मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को शीतल जल पिलाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे हरियाणा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने महारानी अहिल्या बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप जलाकर उन्हें नमन किया।

जीएल शर्मा ने कहा कि धर्म और समाज की सेवा के लिए राष्ट्र हमेशा महारानी अहिल्या बाई होल्कर का कृतज्ञ रहेगा। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने कई धार्मिक कार्य किए। उन्होंने औरंगजेब द्वारा तोड़े हुए मंदिरों का दोबारा निमाज़्ण करवाया। उन्होंने पूरे भारत में श्रीनगर, हरिद्वार, केदारनाथ, बदरीनाथ, प्रयाग, वाराणसी, नैमिषारण्य, पुरी, रामेश्वरम, सोमनाथ, महाबलेश्वर, पुणे, इंदौर, उडुपी, गोकर्ण, काठमांडू आदि में बहुत से मंदिर बनवाए। प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब वाराणसी की पुरानी गरिमा को वापस दिलाते हुए काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण करवाया तो उसमें मराठा साम्राज्य की महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भी स्थापित की गई। इसका कारण यह है कि उन्होंने ही सन् 1780 में काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण करवाया था। साथ ही मंदिर के व्यय के लिए आमदनी की भी व्यवस्था की। हिन्दू समाज उनके इन कार्यों के लिए महारानी का कृतज्ञ है।

---

## फाईसर्व ने किया गुरुग्राम में गवर्नमेंट मिडिल स्कूल तिगरा में पहली स्टेम प्रयोगशाला का उद्‌घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**फाईनेंशल** सर्विसेज टेक्नॉलॉजी सॉल्यूशंस एवं पेमेंट्स में ग्लोबल लीडर, फाईसर्व ने अपना साइंस टेक्नॉलॉजी, इंजीनियरिंग, एवं मैथमैटिक्स (स्टेम) लैबोरेटरी प्रोग्राम लॉन्च किया है। जिससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में और इसके आसपास आठ पब्लिक स्कूल्स के बच्चों को अनुभवात्मक अध्ययन प्राप्त हो सकेगा। इस परियोजना में एडिशनल चीफ एग्जिक्यूटिव ऑफिसर, सीएसआर ट्रस्ट, हरियाणा सरकार के ऑफिस का सहयोग है। इसका क्रियान्वयन फाइसर्व के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पार्टनर यूनाईटेड वे मुंबई के माध्यम से एक्सपेरिफन द्वारा किया जा रहा है। 63 लाख के निवेश के साथ फाईसर्व का उद्‌देश्य स्टेम शिक्षा के फायदे प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के 4000 से ज्यादा वंचित विद्यार्थियों तक पहुंचाना है। यह अभियान किफायती पाठ्यक्रम आधारित स्टेम प्रयोगशालाओं का डिजाइन करने और विकास करने पर केंद्रित है, ताकि अवधारणा की कल्पना करने, खोज करने, प्रयोग करने और पढ़ने एवं पढ़ाने के एक अभिनव तरीके का विकास करने में मदद मिले। इस प्रयोगशाला में एक ई-लर्निंग इन्फॉर्मेशन एवं कम्युनिकेशंस टेक्नॉलॉजी (आईसीटी) मोबाइल एप्लीकेशन, पहले साल के लिए 'ट्यूटर सपोर्ट' और क्वालिटी कंट्रोल के लिए एक प्रोग्राम मैनेजमेंट कम इंपैक्ट असेसमेंट टूल की सुविधा होगी। यह परियोजना पायलट के चरण में चेन्नई, तमिलनाडु के पब्लिक स्कूल्स में चलाने के बाद फाईसर्व ने इसका विस्तार एनसीआर में कर दिया है, और अब भविष्य में बैंगलुरू एवं पुणे में भी इसका विस्तार किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य इन प्रयोगशालाओं के पूरे जीवनचक्र में स्टेम शिक्षा को पूरे भारत में लगभग 18,000 विद्यार्थियों तक पहुंचाना है, जो 4 शहरों के 34 पब्लिक स्कूल्स में पढ़ते हैं। श्रीनी कृश,



प्रेसिडेंट, ग्लोबल सर्विसेज, फाईसर्व ने कहा, ''हमारे रहने और काम करने के आसपास के इलाकों में समुदायों को सशक्त बनाना समावेशी विकास के लिए बहुत जरूरी है। देश में स्टेम शिक्षा को प्रोत्साहित करने की ओर हमारे प्रयासों द्वारा हमें उम्मीद है कि हम वंचित स्कूलों के बच्चों तक अनुभवात्मक अध्ययन पहुंचा सकेंगे। राष्ट्रीय प्रतिभा समूह के गठन में यह हमारा योगदान है, और हम समाज का अपना योगदान देने के पूरे प्रयास करते रहेंगे।'' कंपनी का ग्लोबल कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोग्राम, फाईसर्व गिव्स बैक अपने आसपास के समुदायों के जीवन में चार क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करता है। ये चार क्षेत्र हैं - शिक्षा को प्रोत्साहन, पर्यावरण की स्टुअर्डशिप, समावेशन, और सेहत एवं स्वास्थ्य।

**इस अभियान के अंतर्गत शामिल स्कूलों में हैं :** गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल, सीकरी, फरीदाबाद, गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल, भांकपुर, फरीदाबाद, गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल, दयालपुर, फरीदाबाद, गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल, घनगोला, गुरुग्राम, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल बलूदा, गुरुग्राम, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, खेड़की मजरा, गुरुग्राम, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, नाहरपुर रूपा, गुरुग्राम, गवर्नमेंट मिडिल स्कूल, तिगरा।

---

## इनडीड नए एड कैम्पेन द्वारा भारत में नौकरी तलाशने वालों के लिए लाया सही नौकरी की पेशकश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दुनिया** की नं. 1 नौकरी की साइट, इनडीड ने एक नया रचनात्मक कैम्पेन पेश किया है, जो नौकरी तलाशने वालों को सुगमता से उनके लिए उपयुक्त काम के अवसर पेश करता है। इस कैम्पेन में नए लोगों का ध्यान आकर्षित करने और उन्हें लक्ष्य पर केंद्रित विज्ञापन द्वारा ब्रांड का परिचय देने का प्रयास किया गया है, जिसके द्वारा उनकी जरूरतें पूरी हो सकें। ''लेट्स जॉब फाईंड यू'' की थीम पर निर्मित नए क्रिएटिव्स के साथ इनडीड का उद्‌देश्य नौकरी तलाशने वालों में जागरुकता बढ़ाते रहना है ताकि लोगों के साथ ब्रांड का संबंध ऐसे संदेश द्वारा मजबूत बने, जो ''हैल्पिंग पीपुल गेट जॉब्स'' का इसका मिशन पूरा करने में मदद करे।

यह एड कैम्पेन पूरे देश में विभिन्न भाषाओं जैसे हिंदी, मराठी, बंगाली, गुजराती, तमिल, तेलुगू और कन्नड़ में प्रसारित होगा। निशिता ललवानी, डायरेक्टर, इनडीड इंडिया एवं साउथ ईस्ट एशिया ने कहा, ''एक दशक से ज्यादा समय तक भारत के श्रम बाजार का अवलोकन करने के बाद हम भारत में नौकरी तलाशने वालों के अद्वितीय परिदृश्य और जरूरतों को गहराई से समझते हैं, और भारत में सभी को काम दिलवाले के लिए उन्हें कस्टमाईज़्ड समाधान प्रदान करते हैं।'' इस संकल्पना से यह जानकारी मिलती है कि भारत में नौकरी का परिदृश्य बहुत विशाल है और नौकरी तलाशने वाले जानकारी और जागरुकता की कमी के कारण अक्सर ऐसी नौकरियों में चले जाते हैं, जो उनके लिए उपयुक्त नहीं हैं। इस कैम्पेन द्वारा इनडीड नौकरी तलाशने वालों के लिए सही नौकरियां पेश करने का वादा करता है।

''इनडीड हमेशा से नौकरी तलाशने वालों का समर्थक रहा है, और हम लोगों को खुद के लिए सही नौकरी तलाशने में मदद करने के अपने मिशन की ओर निरंतर प्रयासरत हैं। भारत में नौकरी तलाशने वाले आज इनडीड को नौकरी के सुगम संसाधन के रूप में देखते हैं और यह इस बात का प्रमाण है कि इनडीड किस प्रकार उन्हें सही नौकरियों तक पहुँचाने में मदद करता है।'' डीडीबी मुद्रा द्वारा कॉन्सेप्चुअलाईज़्ड और निर्मित इस एड कैम्पेन का निर्देशन अवार्ड-विनिंग डायरेक्टर, विवेक कक्कड़ ने किया है, जो इससे पहले कैडबरी, डव और लेविस आदि के लिए बेहतरीन कैम्पेन बना चुके हैं। ये एड फिल्में जियो सिनेमा पर खेल के वर्तमान सीजन में चल रही हैं।

---

## बजाज आलियांज लाइफ ने लांच किया टाईप-2 डायबेटिक्स और प्री-डायबेटिक्स ले लिए भारत का पहला टर्म प्रोडक्ट

### भारतीयजीवन बीमा उद्योग में अपने तरह का पहला सुरक्षा प्लान है जिसे विशेष रूप से टाइप 2 डायबिटिक और प्री-डायबिटिकव्यक्तियों के लिए डिज़ाइन किया गया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**मधुमेह** के व्यक्तियों को सशक्त बनाने और उन्हें अपने प्रियजनों के जीवन लक्ष्यों को हासिल करने के बारे में आश्वस्त होने में सक्षम बनाने के लिए, भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, बजाज आलियांज लाइफ ने एक विशेष टर्म प्लान बजाज आलियांज लाइफ डायबिटिक टर्म प्लान सब 8 एचबीए1सी लॉन्च किया है। यह भारतीयजीवन बीमा उद्योग में अपने तरह का पहला सुरक्षा प्लान है। जिसे विशेष रूप से टाइप 2 डायबिटिक और प्री-डायबिटिकव्यक्तियों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

इस एक्सक्लूसिव प्रोडक्ट के लॉन्च के मौके पर बजाज आलियांज लाइफ के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तरुण चुग ने कहा, ''लाइफ गोल्स एनेबलर्स के रूप में हम खुद में नयापन लाने की चुनौती लगातार लेते रहते हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल कर सकें। मधुमेह रोगियों के लिए डिज़ाइन किए गए अपनी तरहके इस पहले टर्म प्लान के साथ, मुझे खुशी है कि हम कई भारतीयों को उनके परिवार की लंबी अवधि की वित्तीय योजनाओं को सुरक्षित करने में मदद करने में सक्षम होंगे, जिससे उन्हें मानसिक शांति मिलेगी। हम अपने डायबिटिक ग्राहकों को उनके स्वास्थ्य के प्रबंधन और रखरखाव के लिए एक इको-सिस्टम भी प्रदान करेंगे।

हम समझते हैं कि वे अपने इंसुलिन के स्तर को नियंत्रितकरने के लिए बहुत कुछ करते हैं, और उनकी यात्रा में हमवतन के रूप में हमउनके स्वास्थ्य लक्ष्यों को पूरा करने के लिए उनकी पॉलिसी की वर्षगांठ पर प्रीमियममें 10% की कमी की पेशकश करेंगे।'' बजाज आलियांज लाइफ का डायबिटिकटर्म प्लान सब 8 एचबीए1सी मधुमेह वाले लोगों की स्वास्थ्य स्थितिकी बारीकियों को ध्यान में रखते हुए जीवन बीमा कवरेज प्रदान करता है। प्री-डायबिटिकया टाइप 2 डायबिटिक व्यक्तियों के लिए जिनका एचबीए1सी 8% (3) तक है। यह व्यापकप्लान उन्हें अपने प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम बनाएगा।

**फिट रहने के लाभ व अन्य!**

**बजाज** आलियांज लाइफ के डायबिटिकटर्म प्लान सब 8 एचबीए1सी की एक और अनूठी विशेषता यह है कि यह व्यक्तियोंको अपने एचबीए1सी की जांच करने और इसे सुधारने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह सुनिश्चित करेगा कि वे पॉलिसी वर्षगांठ पर नवीनीकरण प्रीमियमपर 10% की विशिष्ट कटौती का लाभ उठासकते हैं। ग्राहकों को उनके मधुमेह और सामान्य स्वास्थ्य के प्रबंधन में सहयोग देने के लिए वेबिनार, चिकित्सा परामर्श आदि के माध्यम से स्वास्थ्यप्रबंधन सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी।

# पुलिस ने 41 पेटी अंग्रेजी व देशी अवैध शराब बरामद की

### नूह पुलिस ने थ्री-व्हीलर में अवैध शराब ले जाते एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

### प्रभारी पुलिस चौकी खोरी सहायक उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र के नेतृत्व में टीम ने की कार्रवाई



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**नूह** जिला पुलिस ने अवैध शराब तस्करों एवं जुआ सट्टा खाई वाली करने वालों की धरपकड़ के लिये एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में थाना सदर तावडू के अन्तर्गत प्रभारी पुलिस चौकी खोरी सहायक उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र के नेतृत्व में गठित टीम ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब सहित एक शराब तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

ये कार्यवाही पुलिस अधीक्षक नूह वरुण सिंगला के मार्गदर्शन में हुई। प्रभारी पुलिस चौकी खोरी सहायक उप-निरीक्षक धर्मेन्द्र ने बताया कि 28 मई को ईएसआई दशरथ कुमार के नेतृत्व में गठित टीम गस्त पडताल क्राइम बस अड्डा कालरपुरी डिढारा जौरासी रोड पर मौजूद थी। जहां उन्हें विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि निजाम पुत्र मम्मन निवासी कांगराका अपने थ्री-व्हीलर में अवैध शराब की पेटियां भरकर जौरासी गांव की तरफ से आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बिना किसी देरी के नाकाबन्दी करके थ्री-व्हीलर को चालक सहित काबू किया। थ्री-व्हीलर चालक की पहचान निजाम पुत्र मम्मन निवासी कांगराका के रूप में हुई। थ्री-व्हीलर की तलाशी लेने पर उसके अन्दर 41 पेटी (कुल 497 बोतल) अंग्रेजी व देशी अवैध शराब बरामद हुई।

जब आरोपी से शराब के बारे में लाइसेंन्स व परमिट मांगा तो कोई भी लाइसेंन्स व परमिट पेश नहीं कर सका। बरामद अवैध शराब एवं थ्री-व्हीलर को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सदर तावडू में आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई जारी है।

## 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व लगा शिक्षक प्रशिक्षण शिविर

**गुरुग्राम।** जिला में 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। 21 जून को योग दिवस के अवसर पर लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में सोमवार को ताऊ देवीलाल स्टेडियम में स्कूली शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण शिविर में योग विशेषज्ञ डॉ. भूदेव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 के प्रोटोकॉल के अनुरुप अभ्यास करवाया। जिसमें 69 पीटीआई व डीपीआई शामिल रहे। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू कुमारी ने बताया कि जिला परिषद की सीईओ व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अनु श्योकंद के दिशा निर्देशन में जिला व ब्लॉक स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ब्लॉक लेवल स्तर के कार्यक्रम के तहत सोमवार को ब्लॉक सोहना में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भोंडसी, फरूखनगर ब्लॉक में गांव डाबोदा की व्यायामशाला सहित ब्लॉक पटौदी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी पीटीआई, डीपीआई व अध्यापकों को योग प्रशिक्षण का अभ्यास करवाया गया।

## तीसरे दिन भी सफाई कर्मियों की जारी रही हड़ताल, लगे कूड़े के ढेर



जलूस निकालते सफाई कर्मचारी व शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर।

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना

**सफाई** कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन सोमवार को भी लगातार जारी रही। सफाई कर्मियों ने पूरे शहर में जुलूस प्रदर्शन निकालते हुए जमकर सरकार व नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। शहर के मुख्य बाजार सहित सब्जी मंडी आदि स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए है। हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले शहर के मुख्य मार्गों से जलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया।

नगर पालिका के सफाई कर्मचारी धर्मवीर सिंह, राकेश, राजेश, अनिल, विजय, गीता, मीरा, मनोज, महावीर, राजकुमार, सुरेश, शांति, दीपक आदि लोगों का कहना है कि समान काम समान वेतन सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर वो दो दिन की भूख हड़ताल कर चुके हैं, लेकिन सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि अपनी मांगों को लेकर वो पहले भी कई बार हड़ताल कर चुके हैं लेकिन सरकार की ओर से उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि एरियर ना मिलने के कारण वो आर्थिक तंगी झेल रहे हैं।

नगरपालिका की ओर से मिलने वाला तेल व साबुन भी उन्हें नहीं मिल पा रहा। कर्मचारियों का साफ कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी तक वो हड़ताल पर रहेंगे। इधर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। कूड़ा उठान न होने के कारण दो दिन से शहरवासी भी पूरी तरह परेशान हैं। लोग स्वयं कूड़े को खुद दूर स्थानों पर फेंक रहे हैं या घरों या दुकानों पर काम करने वाले निजी कर्मियों से साफ करा रहे हैं।

सफाई कर्मियों की हड़ताल के सामने नगरपालिका प्रशासन पूरी तरह बेबस नजर आ रहा है। जिसके चलते सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, अब देखना ये है कि कब तक सफाई कर्मियों की मांग पूरी होगी और सफाई व्यवस्था फिर से कब पटरी पर लौटेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सोहना निरंकारी कॉलेज में दाखिला 5 जून से लें दाखिला



**सोहना।** निरंकारी महाविद्यालय में 5 जून से दाखिला प्रक्रिया आरम्भ होगी। दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन अपना आवेदन कर सकेंगे। निरंकारी महाविद्यालय स्नातक की कक्षाओं में दाखिला लेगा। हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग ने वर्ष 2023-24 में नये सत्र में कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया शुरु करने के आदेश जारी कर दिए हैं। शहर के निरंकारी बाबा गुरबचन सिंह मैमोरियल महाविद्यालय ने वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिसके लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने लिखित आदेश जारी कर दिए हैं। विद्यार्थी 5 से 19 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों को मैरिट के अनुसार दाखिला मिलेगा। कॉलेज में विद्यार्थी बीए आर्ट्स, बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, एमए, एमकॉम, बीएससी नॉन मेडिकल, बीबीए, बीसीए में दाखिला ले सकते हैं। निरंकारी कॉलेज में दाखिला कार्यक्रम के तहत विद्यार्थी 5 से 19 जून तक ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। कॉलेज द्वारा 8 जून से 23 जून तक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। 1 जुलाई से 20 जुलाई तक पहली मैरिट सूची जारी की जायेगी। विद्यार्थियों को फीस उसी दिन जमा करनी होगी। शैक्षणिक कार्य 21 जुलाई से प्रारंभ होगा। विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, फोटो, चरित्र प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र, दसवीं मार्कशीट, बारहवीं मार्कशीट आदि जमा करने होंगे। जबकि अनुसूचित विद्यार्थियों को इसके अलावा बैंक एकाउंट, इनकम सर्टिफिकेट, एससी सर्टिफिकेट भी जमा करने होंगे। डॉ. एमएस खत्री (प्रधानाचार्य, निरंकारी महाविद्यालय) ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया पूरा करने की तैयारियां कर ली गई है। यह कार्यक्रम 5 से 19 जून तक चलेगा। दाखिले मैरिट आधार पर मिलेंगे। विद्यार्थियों को सभी दस्तावेज अपलोड करने होंगे।

### राजकीय स्कूल के अपग्रेड होने से छात्रों में छाई खुशी



**सोहना।** ग्राम पंचायत रिठौज के नागरिकों ने स्थानीय राजकीय उच्च विद्यालय अपग्रेड होने पर प्रदेश शिक्षा मंत्री कंवरपाल गूर्जर को बधाई दी। ग्रामीणों ने प्रदेश शिक्षा मंत्री के निवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। स्कूल अपग्रेड होने से रिठौज समेत पास के गांव सहजावा, बहलपा और देव नगर कॉलोनियों में रहने वाले बच्चों अपने घर के पास ही शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। सोमवार को ग्राम पंचायत रिठौज निवासी प्रदेश शिक्षा मंत्री कंवरपाल गूर्जर के पास उनके निवास स्थान राजकीय स्कूल को अपग्रेड किए जाने पर बधाई व आभार प्रकट करने पहुंचे। ग्रामीणों ने शिक्षा मंत्री को बताया कि रिठौज ही नहीं पास के गांव सहजावास, बहलपा व देव नगर पार्ट-वन व टू में रहने वाले बच्चों को अपने घर के निकट ही 12वीं तक एक ही स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। गांव पूर्व सरपंच धर्मपाल ने बताया कि स्कूल अपग्रेड होने से विशेषकर उन बेटियों को सबसे ज्यादा लाभ होगा। जिन्हें 10 पास करने के बाद दो वर्ष कक्षा 11 व 12वीं पास करने के लिए भोंडसी, बादशाहपुर जाना पड़ रहा था। उसके बाद वापस अपने ही रिठौज के राजकीय कॉलेज में शिक्षा प्राप्त करने के लिए आना पड़ता था। बाबूराम ने बताया कि आने व जाने के संसाधन सही न होने पर बेटियों को कुछ अभिभावक गांव से बाहर भेजकर खुश नहीं थे।

### अरावली अंसल गोल्डन हाइट में बने फार्म हाउस में चोरी

**सोहना।** अरावली पहाड़ी क्षेत्र के अंसल गोल्डन हाइट में बने फार्म हाउस में दिन दहाड़े एक लाख से भी अधिक का सामान चोरी हो गया। जिसकी शिकायत मिलने पर शहर थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। दिल्ली निवासी जीके जैन ने पुलिस को बताया कि उसका अंसल गोल्डन हाइट में गांव सांप की नंगली के पास ई-12ए फार्म हाउस बना हुआ है। जिस पर हाकिम खान नामक चौकीदार रहता है। तीन मई को हाकिम खान किसी काम से सुबह 10 बजे अदालत चला गया था। वह 4 बजे सायं वापस फार्म हाउस पर आया। उसने देखा कि फार्म हाउस के अंदर बने सभी कमरों के अंदर बने किचन व बाथरुम के ताले टूटे हुए हैं। जिनमें लगा कीमती सामान गायब था। जिससे उससे करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जैन ने पुलिस को बताया कि इससे पहले भी उसके फार्म हाउस में 16 फरवरी 2020 व 19 जुलाई 2021 को चोरियां हुई हैं। पुलिस आज तक चोरों की खोज नहीं कर सकी है। शहर थाना पुलिस ने फार्म हाउस मालिक की शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

### दो साल के मासूम को नशा पिलाने का आरोप, हालत गंभीर

**मेवात।** पिनगवां थाना के औथा गांव में दो साल के मासूम को नशीली दवा पिलाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों का आरोप है कि जिन लोगों ने मासूम को कोरेक्स सीसी पिलाया है। वे गांव में निडर होकर कोरेक्स शीशी, गांजा, अफीम जैसे नशीले पदार्थ बेचते हैं। नशीली कोरेक्स पीने के बाद मासूम की हालत जब बिगड़ने लगी तो परिजन उसे पुन्हाना प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसकी बेहोशी की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे नलहड़ के लिए रेफर कर दिया। जहां पर कई दिन भर्ती रहकर डॉक्टरों द्वारा इलाज करने पर मासूम की हालत में सुधार आया। मासूम के पिता ने नशा बेचने वाले लोगों के खिलाफ सीएम विंडो, आईजी रेवाडी, डीजीपी, गृहमंत्री अनिल विज सहित कई जगह लिखित शिकायत की है। औथा निवासी इब्राहीम पुत्र इसुफ ने शिकायत में बताया कि उसके पडोस में रहने वाले खान मोहम्मद व उसका लड़का नौसाद सहित परिवार के लोग बेखौफ और दबंग तरीके से नशीले पदार्थों की बिक्री करते हैं। जिन्हें न पुलिस का खौफ है न कानून का। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपियों ने मेरे दो साल के बेटे असद को रंजिश के चलते नशीला पदार्थ पिला दिया। आरोप है कि जब आरोपियों से कहासुनी की तो उन्होंने कहा कि हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

पायनियर क्लासीफाइड

NAME CHANGE

I, Sheela Devi W/o Vijay Kumar R/o H.No. RZ-26P/91C, Indra Park, West Sagarpur, South West, Delhi 110045 declare that Sheela Devi and Sushila both are the name of same and one person.

I, Pooja Pawah W/o Salil Pawah R/o 5D/5, B.P. Railway Road, NIT, Faridabad have changed my name to Pooja Sachdeva Pawah for all future purposes.

बेदखली सूचना

मैं, सीता राम मित्तल पुत्र श्री तारा चन्द मित्तल व अंजना मित्तल पत्नी श्री सीता राम मित्तल निवासी मकान नम्बर 294, गली नम्बर 2, जीवन नगर पार्ट-2, गौंछी, बल्लबगढ़ जिला फरीदाबाद, हरियाणा ब्यान करता हूँ, कि भारती मित्तल हमारी सगी पुत्री है, जोकि बालिग है, उसने अपनी मर्जी से संजय पुत्र श्री दौलत राम से बिना हमारी सहमति के शादी कर ली है, में अपनी पुत्री भारती मित्तल को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ।

बेदखली सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है, कि मैं कंचन सिंह चौहान पुत्र डम्बर सिंह निवासी खेड़ला तहसील सोहना जिला गुरुग्राम मै अपने पौत्र नितेश, राकेश व नीतू पुत्री राजेश पत्नी मृतक कृष्णपाल को उनके गलत व्यवहार व चाल-चलन सही नहीं है, जिसके कारण अपनी सभी प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, भविष्य में ये लोग किसी भी प्रकार का लेन देन करने के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

बेदखली सूचना

मैं, प्रेमवती (आधार नम्बर 3528 2924 3766) पत्नी श्री दिलबाग सिंह निवासी बनिया वडा पाना पूठ खुर्द नार्थ वेस्ट दिल्ली ब्यान करती हूँ, कि मेरा पुत्र हरीश (आधार नम्बर 4602 5528 8777) मेरे कहने सुनने से बहार है, भविष्य में मेरा और मेरे बाकि परिवार का हरीश के साथ किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है, मैं हरीश को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ, भविष्य में हरीश से लेन देन करने वाला स्वंय जिमेवार होगा।

# संदिग्धों की निगरानी को सीसीटीवी कैमरा लगवाएं लोग : वरुण सिंगला

### पुलिस अधीक्षक ने कहा, थाना प्रभारी अपने अधीन क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी रिकार्ड में रखें

### कप्तान ने कहा, दुकानदार कम से कम दो कैमरे दुकान के बाहर जरुर लगावाएं



**मेवात।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बतलाया कि पुलिस अधीक्षक नूह वरुण सिंगला ने जिला में अपराधों की रोकथाम व असामाजिक तत्वों पर निगरानी हेतु आमजन से सीसीटीवी कैमरा लगवाने की अपील की है। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने अधीन क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी रिकार्ड में रखें। क्योंकि जब कोई अपराध होता है तो सबसे पहले पुलिस अपराधियों का पता लगाने हेतु प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी फुटेज की सहायता लेती है ताकि समयनुसार अपराधियों का पता लगाकर उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके। आज के समय अपराधों की रोकथाम और अपराध अन्वेषण एवं छानबीन के लिए नवीन तकनीकी का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहा है। सीसीटीवी कैमरा लगने के कारण असामाजिक तत्वों पर भी खौफ बना रहता है। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि अपराध को रोकने के लिए आप सभी सतर्क रहें और सीसीटीवी कैमरा लगाकर पुलिस का सहयोग करें। जनता का सहयोग मिलने पर ही पुलिस हर अपराध पर अंकुश लगा सकती है। आम जनता पुलिस के बीच आपसी तालमेल से कार्य करने पर कोई अपराधी पुलिस की नजर से बच नहीं सकता। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद सीसीटीवी कैमरे के साथ तोड़फोड़ करके भाग जाते हैं। जिसके कारण घटना की जांच अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को दिक्कत होती है। इस संबंध में सभी दुकानदारों से भी अपील है कि वे कम से कम दो कैमरे दुकान के बाहर जरुर लगावाएं। जिससे रोड पर होने वाली गतिविधियों एवं संदिग्धों पर नजर रखी जा सके। हो सके तो कुछ अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। कई बार यह देखने को मिला है कि संदेही तो दिख रहे हैं किन्तु तस्वीर क्वालिटी अच्छी नहीं होने के कारण उन्हें पहचानने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

## साइबर क्राइम: क्लिक करके पैसे कमाने जैसा कोई काम नहीं होता

### जिला नूह पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी से बचने को जारी की विशेष एडवाइजरी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**जिला** नूह पुलिस ने वर्क फ्रॉम होम के नाम पर हो रही ठगी को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस अधीक्षक नूह वरुण सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा आजकल वर्क फ्रॉम होम के नाम पर ठगी की जा रही है। इस प्रकार की ठगी में घर बैठी महिलाओं को ज्यादा टारगेट किया जाता है। पढ़े लिखे लोगों से भी ठगी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि ऐसे मामलें सामने आए हैं। जिनमें महिलाओं को वर्क फ्रॉम होम का झांसा देकर अच्छे रुपये कमाने के नाम पर ठगी की जाती है। यह देखने में आया है कि ज्यादातर महिला अपने साथ ठगी होने पर वह इस बात का जिक्र अपने परिवार या पति से नहीं करती हैं। उन्होंने बताया कि साइबर ठग आपको एक क्लिक करने के नाम पर रुपये 50 मिलने का झांसा देकर अपने चंगुल में फंसाते हैं। उनके स्क्रीन पर इतना पैसा नजर आता है कि लालच बढ़ने लगता है। आपको स्क्रीन पर आपका फर्जी स्कोर दिखाया जाता है। साइबर ठग किसी प्रकार की गलती करने का बहाना बनाकर आपके सभी प्वॉइंट खत्म होने की बात बोलते हैं। उसे रिकवर करने के लिए दूसरे खेल में पैसा लगाकर सदस्य बनाने की बात कहते हैं। इस प्रकार आमजन रुपयों का लालच देकर साइबर ठगों के झांसे में आ जाता है। वह अपनी गाढ़ी कमाई गंवा बैठता है। उन्होंने कहा कि ऐसे लालच से बचें व समझदारी से काम लें। हमेशा यह ध्यान रखें कि कोई भी ऐसा काम नहीं है। जिसमें क्लिक करने पर पैसा मिले। ऐसे जालसाजों से बचे व उनके झांसे में ना आए। पुलिस अधीक्षक ने यह भी कहा कि यदि आपके साथ किसी प्रकार प्रकार की वित्तीय या ऑनलाइन धोखाधड़ी होती है तो इसकी शिकायत तुरंत नेशनल साइबर कंप्लेंट पोर्टल नंबर 1930 पर कॉल करके दर्ज करवाएं और डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटसाइबरक्राइमडॉटगोवडॉटइन पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराएं। इसके अतिरिक्त अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर साइबर हेल्प डेस्क या साइबर थाना की मदद लें।

## समाज को नशा मुक्त करने में सहयोग करें ग्रामीण : एडीसी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



नारकोटिक्स को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित करती एडीसी रेनु सोगन।

**अतिरिक्त** उपायुक्त रेनु सोगन ने सोमवार को अपने कार्यालय में नारकोटिक्स को लेकर पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की। एडीसी ने बताया कि हरियाणा में नशे के खिलाफ एक विशेष अभियान नशे से आजादी शुरू किया गया।

इस अभियान के तहत जिला भर में नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान चलाकर नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी ताकि इस अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके। इस पखवाड़े के दौरान पुलिस आमजन को नशा न करने के प्रति प्रेरित करेगी। उन्होंने गठित टीम को जिले में विभिन्न स्तर स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। जिसमें लोगों को नशा छोड़ने को लेकर जागरूक किया जाए ताकि नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी दी जाए। नशे के बारे में कस्बे के लोगों को जागरूक किया गया। उनसे आह्वान किया गया कि अगर उनके आसपास कहीं नशा बिकता है तो वह इसकी सूचना स्थानीय पुलिस या एंटी नारकोटिक्स सेल तावडू के मोबाइल नंबर 8930900297 व टोल फ्री ड्रग हेल्प लाइन नंबर 9050891508 पर अवश्य दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, इसे हम सबको मिलकर जड़ से उखाड़ना होगा। इस मुहिम में हर व्यक्ति अपना योगदान दें और अपनी जिम्मेदारी को समझें तथा समाज के प्रति अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

एडीसी रेनु सोगन ने कहा कि पूरे हरियाणा में नशे से आजादी को लेकर अभियान चलाया जाए। समय-समय पर जिला भर में ब्लॉक व गांव स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाए। लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे भी बताया जाए, नशे को समाज से खत्म करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाए। उन्होंने कहा कि नशे की गिरफ्त में फंसे युवकों को मुख्यधारा में लाना है और समाज को नशा मुक्त करना है।

# कन्या कालेज में शिक्षा का संदेश देगी माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा : नवीन गोयल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा का अनावरण करते नवीन गोयल व अन्य।

**भारत** की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की यहां राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में सोमवार को प्रतिमा स्थापित की गई। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल, प्राचार्य डा. रमेश गर्ग, ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी ने प्रतिमा का अनावरण किया। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल व ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की महिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रतिमा स्थापित की गई।

अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि महान हस्तियों की प्रेरणा लेकर हम अपने जीवन का एक लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं। इस प्रेरणा के लिए शिक्षा के मंदिरों में तो उनकी प्रतिमाएं होनी चाहिए। नवीन गोयल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा का भी आभार जताया है। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज महिला इकाई की अध्यक्ष नीलम सैनी ने सैनी समाज की तरफ से उनका आभार जताया। उन्होंने यहां यह मांग भी रखी कि इस राजकीय कन्या महाविद्यालय का नाम भी माता सावित्री बाई फुले के नाम पर रखा जाए। प्राचार्य डा. रमेश गर्ग ने कहा कि शिक्षा के मंदिर में माता सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा लगाकर यहां के प्रांगण की शोभा बढ़ाई है। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी ने कहा कि जब व्यक्ति किसी बुलंदी पर पहुंच जाता है तो वह सर्व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होता है। राष्ट्रीय महासचिव रेखा सैनी, जिला अध्यक्ष कमलेश सैनी ने कहा कि सावित्रीबाई फुले शिक्षक होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थी। इन्हें बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना पड़ा था।

विवाह के समय वह पढ़ी-लिखी नहीं थीं। उनके पढ़ने और सीखने की लगन से प्रभावित होकर उनके पति ने उन्हें आगे पढ़ना और लिखना सिखाया। वे भी नारी सशक्तिकरण का बहुत बड़ा उदाहरण हैं। इस दौरान प्रदीप सैनी, राधेश्याम, हंसराज सैनी, पीसी सैनी, अशोक सैनी, केसी सैनी, प्रो. सुशील, सूबे सिंह सैनी, एडवोकेट मुकेश, महावीर, जरनैल सिंह, नंद किशोर, विजय सैनी, रतन लाल गुप्ता, उषा सैनी संध्या, भारती सैनी, शालिनी, नीलम सैनी, दिनेश सैनी, योगिता सैनी, आरके गर्ग, राज सैनी बिसरवाल व अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे।

## आदेश के बावजूद नहीं हो पाई रेलवे द्वारा अधिग्रहित भूमि की पैमाइश

### पार्षद ने लगाया रेलवे पर अधिग्रहण से ज्यादा भूमि कब्जाने का आरोप

**ताबडू।** उपमंडल के धुलावट सहित सहसोला राजस्व क्षेत्र की सीमा से गुजर रही वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कारिडोर रेलवे ट्रैक के लिए अधिग्रहित की गई भूमि से अधिक भूमि पर कब्जा करने का मामला सामने आया। वार्ड नंबर-2 से पार्षद हैदर अली ने रेलवे विभाग पर यह आरोप लगाया।

उन्होंने बताया कि लाइन के साथ-साथ कहीं दस फीट तो कहीं 25 से 30 फीट अतिरिक्त भूमि पर निर्माणाधीन कंपनी ने कब्जा कर लिया। उन्होंने बताया कि जिला राजस्व अधिकारी नरेश गोयल को पत्र लिख डेडीकेटेड रेल कारिडोर द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि की निशानदेही की मांग की है। 17 अप्रैल को दी गई शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिला राजस्व अधिकारी ने 25 अप्रैल को तहसीलदार तावडू को भूमि की निशानदेही दोनों पक्षों की उपस्थिति में कराने के निर्देश जारी कर दिए। आरोप है कि अधिग्रहित की गई भूमि से अलग कहीं दस फीट तो कहीं 25 फीट अतिरिक्त भूमि पर कब्जा कर रखा है। जिसमें सैकड़ों किसानों की 25 एकड़ से अधिक भूमि निर्माणाधीन कंपनी ने कब्जा ली है। जिस पर नाले व पक्के रास्ते बनाई जा रहे हैं।

### जल्द ही दोनों पक्षों को बुलाकर कराएंगे निशानदेही

**रेलवे** विभाग के उप प्रबंध निदेशक आलोक का कहना है कि नियमानुसार ही भूमि अधिग्रहण की गई है तो तावडू तहसीलदार प्रदीप देशवाल का कहना है कि हाल ही में उन्होंने कार्यभार संभाला है। जल्दी ही रेलवे विभाग के अधिकारियों को बुलाकर सभी पक्षों की उपस्थिति में निशानदेही कराई जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## कर्नाटक नतीजा

### लोकरंजकता का खतरा

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव नतीजे विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच 'प्रतियोगी लोकरंजकता' को जन्म दे सकते हैं। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की शानदार विजय ने न केवल राष्ट्रीय राजनीति में एक नई गतिशीलता पैदा की है, बल्कि इसने आर्थिक सुधारों के भविष्य पर भी सवालिया निशान लगा दिए हैं। वैसे भी आमतौर से आम चुनाव के पहले सुधारों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। पी.वी. नरसिम्हा राव ने अपने कार्यकाल 1991-96 के पहले तीन सालों में ऐतिहासिक उदारीकरण किया था। इसी प्रकार महान उदारवादी माने जाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल के अंतिम वर्ष में किसी सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू का निजीकरण नहीं किया था। कहा जाता है कि फिलहाल नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार किसी नए पीएसयू का निजीकरण नहीं शुरू करेगी, हालांकि सरकार आईडीबीआई बैंक, शिपिंग कार्पोरेशन, बीईएमएल व कंटेनर कार्पोरेशन आफ इंडिया-कोनकोर में विनिवेश संबंधी प्रक्रिया पर आधारित समझौतों को आगे बढ़ाती रहेगी। एक खबर में एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि 'दो सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों व एक बीमा कंपनी के प्रस्तावित निजीकरण को टाल दिया गया है।' इसके कारण तलाशना कठिन नहीं है। समाजवादियों व निहित स्वार्थी तत्वों के लिए किसी निजीकरण में कमियां तलाशना बहुत आसान है। वे अक्सर इससे जुड़ी हर चीज और हर व्यक्ति की निंदा करते हैं जिसमें निजीकरण, प्रक्रिया, निजीकरण करने वाले, इसका प्रयास करने वाली सरकार तथा पीएसयू की



ब्रिकी के समर्थक अर्थशास्त्री व विशेषज्ञ शामिल हैं। वे 'निजीकरण विरोधी जिहाद' में सभी तरकीबें और फर्जी तर्क आजमाते हैं जिनमें 'रोजमर्रा खर्च के लिए घर का सोना-चांदी बेचने', 'मामूली कीमत पर राष्ट्रीय संपत्तियों की बिक्री', आदि तर्क शामिल हैं। यदि वे निजीकरण रोकने में विफल रहते हैं तो निजीकरण करने वालों को परेशान करते हैं। वाजपेयी कैबिनेट में विनिवेश मंत्री रहे अरुण शोरी निजीकरण के दशकों बाद आज भी अदालतों में मुकदमों का सामना कर रहे हैं।

उदारीकरण के 'राजनीतिक जोखिम' भी बहुत हैं या कम से कम राजनेताओं का यही विश्वास है। उदाहरणार्थ, 2004 में वाजपेयी सरकार की पराजय का कारण कुछ लोग सरकार के निजीकरण प्रयासों को बताते हैं। लेकिन तथ्य यह है कि न केवल वामपंथी झुकाव वाले बुद्धिजीवी, बल्कि संघ परिवार से जुड़े कुछ लोग भी संभवत: सरकार द्वारा किए अनेक सुधारों से संतुष्ट नहीं थे। उस समय सार्वजनिक विमर्श 'समाजवादी पूर्वाग्रहों' से अत्यधिक प्रभावित था, और कुछ सीमा तक आज भी यही स्थिति है। सबसे बुरी बात यह समझ है कि अर्थव्यवस्था में किसी को लाभ दूसरों की कीमत पर ही हो सकता है। इसलिये यदि उस समय भाजपा के दावों के अनुसार, 'इंडिया शाइनिंग' था तो भारत दु:खी रहा होगा। इस माहौल में कांग्रेस ने कहना शुरू किया, 'आम आदमी को क्या मिला।' मोदी सरकार की प्रशंसा की जानी चाहिए कि इस सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक परिवेश में भी उसने न निजीकरण को खारिज किया है और न उसकी गति धीमी की है। लेकिन 'लोकरंजकता' का खतरा असली है और यह बढ़ सकता है। कांग्रेस ने कर्नाटक में लोकरंजकता का सहारा लिया जिसके कारण राज्य के करदाताओं पर 50000-60000 करोड़ का भार पड़ेगा। कांग्रेस व अन्य पार्टियां और ज्यादा 'खैरातों' व 'रियायतों' की घोषणा कर सकती हैं। ऐसे में भाजपा को भी चाहे-अनचाहे 'प्रतियोगी लोकरंजकता' में उतरना पड़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो आर्थिक सुधारों को भयानक धक्का लगेगा।

# समझना होगा सावरकर के हिन्दुत्व को

**वीर सावरकर के अनुसार 'हिंदुत्व' एक ऐसी बृहत्तर विचारधारा है, जिसमें अनेक भारतीय धर्म, भारत भूमि की भौगोलिक अवधारणा एवं एक सांस्कृतिक पहचान सम्मिलित है।**



**डॉ. विकास नौटियाल**
(लेखक, इतिहास के प्रोफेसर हैं।)



भारत में सनातन संस्कृति के अंतर्गत प्रश्न करने, प्रश्नोत्तर, शास्त्रार्थ, प्रश्नचिन्ह लगाने की परंपरा एक 'लोकतांत्रिक विमर्श' के रूप में वैदिक काल से ही देखी जा सकती है। वीर सावरकर के संबंध में उनके योगदान को लेकर उनके विरोधियों में भी यह सहमति अवश्य है कि अपने जीवन के प्रारंभिक काल में वे क्रांतिकारी आंदोलन के सूत्रधार एवं रणनीतिकार रहे। सांस्कृतिक रूप से भारत के हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास सावरकर द्वारा अपनी विचारधारा 'हिंदुत्व' के अंतर्गत किया गया। भारत के इतिहास एवं संस्कृति में भारत के सनातन ग्रंथों में भारत भूमि के लिए 'जम्मू द्वीपे भारतखंडे' शब्दावली का प्रारंभ में प्रयोग मिलता है। हिंदू शब्द का प्रयोग भौगोलिक एवं धर्म दोनों रूपों में किए जाने की पृष्ठभूमि प्राचीन काल में निर्मित होने लगी थी। मूल रूप से ऋग्वेद में सत्य के मार्ग के लिए 'सनातन' एवं कॉस्मिक व्यवस्था की नियमबद्धता, शाश्वतता के लिए 'ऋत' शब्द का प्रयोग किया गया किंतु धीरे-धीरे इस 'ऋत' जैसी नियमावली का सामाजिक जीवन में 'धर्म' के रूप में प्रयोग होने लगा। सनातन एवं ऋत की इसी संकल्पना के आधार पर प्राचीन काल में वैदिक धर्म के विस्तारित रूप को सनातन धर्म भी कहा जाने लगा एवं यही हिंदू धर्म की मूल पृष्ठभूमि बना।

सावरकर एवं उनके चिंतन में सनातन संस्कृति की अभिव्यक्ति 'हिंदुत्व' के राजनीतिक सांस्कृतिक आयाम के अंतर्गत जटिल रूप में परिभाषित हुई जो कि उनके द्वारा 'हिंदुओं की एकता' के लिए सनातन, सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति की पृष्ठभूमि में विकसित की गई। वस्तुत: 'हिंदुत्व' (हिंदूनैस) शब्दावली संस्कृत, हिंदी, मराठी से संबंधित रही है। यह शब्दावली अंग्रेजी की नहीं है। सावरकर द्वारा 'हिंदुत्व' शब्दावली का प्रयोग उनकी अंग्रेजी में लिखी गई पुस्तक हिंदुत्व: हू इज हिंदू , जिसकी रूपरेखा अंडमान की जेल के दौरान तैयार की गई थी, में 1923 में किया गया। जिस संदर्भ में सावरकर द्वारा 'हिंदुत्व' शब्द का प्रयोग किया गया इससे पूर्व में इसका प्रयोग इस संदर्भ में नहीं था। वस्तुत: 'हिंदुत्व' शब्दावली का प्रयोग हुगली के बंगाली साहित्यकार चंद्रनाथ बसु द्वारा 19वीं शताब्दी के अंतिम दशक में किया गया। वैचारिक रूप से 'हिंदू राष्ट्र' की अवधारणा 19वीं शताब्दी में ही श्रीअरबिंदो घोष के नाना राजनारायण बसु एवं उनके मित्र नवा गोपाल मित्र के विचारों में भी देखी जा सकती है। इसके उपरांत तिलक, लाला लाजपत राय, भाई परमानंद, हिंदू महासभा द्वारा भी हिंदू एवं हिंदुत्व शब्दावली का प्रयोग किया गया। किंतु सावरकर द्वारा अपने से पूर्व के इन महानुभावों से भिन्न रूप में हिंदुत्व को परिभाषित किया गया।

सावरकर ने 'हिंदुत्व' को परिभाषित करते हुए इसे हिंदू धर्म से पृथक एवं एक अत्यंत वृहत अवधारणा माना। उनके अनुसार 'हिंदुत्व' एक ऐसी बृहतर विचारधारा है जिसमें अनेक भारतीय धर्म, भारत भूमि की भौगोलिक अवधारणा एवं एक सांस्कृतिक पहचान सम्मिलित है। वे 'हिंदुत्व' के अंतर्गत 'धार्मिक राष्ट्रवाद' के बजाय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर अधिक बल देते हैं। उनके अनुसार जब-जब भारत में हिंदू के साथ 'इज्म' शब्द का प्रयोग किया जाता है तो इसका संदर्भ 'हिंदू रिलिजन' के संबंध में कर दिया जाता है। किंतु 'हिंदुत्व' भारत भूमि में रहने वाले सभी भारतीयों को 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के रूप में एक कर एक संयुक्त बल के द्वारा 'हिंदू राष्ट्र' बनाता है । हिंदुत्व के आधार पर विकसित राज्य में सभी धर्मों एवं संप्रदायों को महत्व दिया जाना सुनिश्चित किया गया किंतु अल्पसंख्यकों का किसी प्रकार से तुष्टीकरण एवं रियायत प्रदान नहीं देने की बात कही गई। यह भी कहा गया की 'हिंदू राष्ट' हिंदुत्व पर आधारित राज्य का एक महत्वपूर्ण एवं प्रभु भाग होगा अन्य धर्मों के लोग हिंदुत्व के राज्य- 'हिंदू राज' के भीतर गरिमा एवं सम्मान के साथ रह सकते हैं। ऐसे धर्मों के लोगों को भारतभूमि के इस हिंदुत्व की मुख्य संस्कृति को अपनाना अधिक बेहतर माना गया।

सावरकर के अनुसार हिंदू शब्द की उत्पत्ति सिंधु शब्द से हुई है और हिंदू वे हैं जो सिंधु से लेकर समुद्र पर्यंत तक भारतीय भूमि में वास करते हैं। जिनकी 'पित्रभूमि' एवं 'पुण्यभूमि' दोनों ही भारत बताई गई। यहां 'पित्रभूमि' से उनका आशय पूर्वजों की भूमि से तथा 'पुण्यभूमि' से आशय उनके पवित्र तीर्थस्थलों से था। उनकी हिंदुत्व की संकल्पना मूलत: हिंदू धर्म नहीं थी किंतु इसने ईसाइयों एवं मुसलमानों के मन में एक संदेह अवश्य उत्पन्न कर दिया। सावरकर ने व्यक्ति विशेष के हिंदू धर्म को राष्ट्र की हिंदू संस्कृति कहकर उसे अधिक वृहत्तर एवं संस्थागत करते हुए एक सेकुलर 'हिंदुत्व' नाम से परिभाषित किया।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जिन्ना एवं अन्य अधिकांश मुस्लिम नेताओं ने सावरकर के 'हिंदुत्व' को समझने में गलती की और हो सकता है कि वे यह समझना भी न चाहते हों कि सावरकर के 'हिंदुत्व का आशय हिंदू धर्म से नहीं है।' सावरकर के बारे में पूर्वाग्रह से ग्रसित तथाकथित विद्वानों एवं आलोचकों का यह मानना रहा है कि जिन्ना से पूर्व सावरकर द्वारा 1937 में द्विराष्ट्र सिद्धांत का प्रतिपादन किया गया। वर्तमान में शशि थरूर भी अपनी पुस्तक वाई एमआई ए हिंदू में लिखते हैं, 'अपनी ऐतिहासिक कसौटी में द्विराष्ट्र सिद्धांत के पहले पैरोकार सावरकर ही थे, जिन्होंने हिंदू महासभा के प्रमुख के तौर पर भारत से हिंदुओं एवं मुसलमानों को दो अलग-अलग राष्ट्र के रूप में मान्यता देने का आह्वान किया था। तीन साल के उपरांत 1940 में लीग ने पृथक पाकिस्तान का प्रस्ताव पारित किया।'

जबकि वास्तव में देखा जाए तो 1937 के अधिवेशन में सावरकर द्वारा निम्नलिखित आह्वान किया गया था, 'भारत को आज एक एकात्मक और सजातीय राष्ट्र नहीं माना जा सकता है। लेकिन इसके विपरीत मुख्य रूप से दो राष्ट्र हैं हिंदू और मुस्लिम। यदि इस तरह के एक भारतीय राज्य को ध्यान में रखा जाता है, तो हिंदू संगठनवादी, हिंदू संगठन के हित में, सबसे पहले अपनी पूरी निष्ठा से इसके प्रति समर्पण करेंगे। मेरे जैसे हजारों महासभाइयों के लिए मैंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत से ही एक भारतीय राज्य के इस आदर्श को अपने राजनीतिक लक्ष्य के रूप में निर्धारित किया है और अपने जीवन के अंत तक इसकी परिणति के लिए काम करता रहूंगा।'

इससे यह स्पष्ट होता है कि सावरकर ने हिंदुओं और मुसलमानों को एक समान राष्ट्र में मिलकर काम करने का आह्वान किया था, और उनके लिए अलग-अलग राज्यों का सुझाव नहीं दे रहे थे। उन्होंने अलगाव के खतरों की ओर भी इशारा किया था। उनके उक्त भाषण से यह स्पष्ट है कि उनके द्वारा द्विराष्ट्र सिद्धांत का प्रतिपादन स्पष्टत: नहीं किया गया। यदि वे 'द्विराष्ट्र सिद्धांत' की बात करते तो उनके 'हिंदुत्व' की अवधारणा ही खंडित हो जाती। उस काल में आलोचकों एवं उनके विरोधियों द्वारा सावरकर के 'हिंदुत्व' की ठीक से समझ न होने अथवा स्वहित होने के कारण द्विराष्ट्र सिद्धांत का ठीकरा उनके सिर पर फोड़ने का प्रयास किया गया। जिन्ना एवं अन्य मुस्लिम नेताओं का कहना था कि 1940 के लाहौर प्रस्ताव के अंतर्गत प्रस्तावित पाकिस्तान की योजना इसी की प्रतिक्रिया थी किंतु द्विराष्ट्र सिद्धांत की जड़ें 19वीं शताब्दी में अलीगढ़ आंदोलन एवं बीसवीं शताब्दी में अलीगढ़ योजना के अंतर्गत देखी जा सकती हैं। द्विराष्ट्र का सिद्धांत सावरकर की मूल 'हिंदुत्व' एवं अखंड भारत की संकल्पना से मेल ही नहीं खाता था।

सावरकर की हिंदुत्व की अवधारणा का प्रतिबिंबन 1945 के अखिल भारतीय हिंदू महासभा के 'स्वतंत्र हिंदुस्थान' के संविधान में देखा जा सकता है। सावरकर एवं हिंदू महासभा द्वारा स्वतंत्र भारत के संविधान बनने से 5 वर्ष पूर्व अखंड भारत के लिए एक नए संविधान-हिंदुस्थान मुक्त राज्य का संविधान 1944 का प्रस्ताव बनाया गया। इस नए संविधान के प्रस्ताव का मूल आधार हिंदुत्व ही था। लंबी प्रक्रिया के उपरांत बने इस संविधान में राजधर्म के रूप में किसी धर्म का उल्लेख नहीं किया गया है तथा विधि के समक्ष सभी को बराबर माना गया, जैसा कि स्वतंत्र भारत की संविधान सभा द्वारा बनाए गए संविधान में भी स्पष्टत: उल्लिखित किया गया है। सावरकर के हिंदुत्व के आलोचकों की यह मान्यता थी कि सावरकर के हिंदुत्व की संकल्पना में मुस्लिम विरोधी नीति के कारण मुसलमानों को द्वितीय दर्जे की नागरिकता प्राप्त होगी किंतु इस संविधान में न बहुसंख्यकों को विशेषाधिकार प्रदान किए गए न ही अल्पसंख्यकों के लिए किसी प्रकार की रियायतों का प्रावधान किया गया। इस संविधान में सावरकर के हिंदुत्व की विशेषताओं की स्पष्ट झलक संवैधानिक विकास की ऐतिहासिक प्रक्रिया के अंतर्गत देखी जा सकती है। इस प्रकार सावरकर के हिंदुत्व में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पर आधारित एक वृहत्तर राजनीतिक सांस्कृतिक अवधारणा मिलती है।

# ईश्वर से अंतरक्रिया का विषय है आस्था

**"हमें अपनी स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग करके ईश्वर के पास जाना चाहिए, जो कई तरीकों से किया जा सकता है।"**

**अजित कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)



हां यह ज्ञान की बात नहीं है। इंटरनेट के आगमन के साथ, भगवान के बारे में कौन नहीं जानता है? लेकिन कितने इस ज्ञान का अनुसरण करते हैं? कम से कम कहने के लिए बहुत कम। क्यों? क्योंकि विश्वास ईश्वर के साथ बातचीत से आता है। हम भगवान के पास जाते हैं और वह जवाब देते हैं, अन्यथा यह रिश्ता शुरू नहीं होता है। एक साधारण उदाहरण मदद करेगा। मेरे पड़ोस के किसी विशेष निवासी के साथ मेरी कोई बातचीत नहीं है। उस व्यक्ति के साथ मेरे संबंधों में कोई प्रगति नहीं होगी। हां, हमें ईश्वर के संपर्क में आना चाहिए, जो प्रामाणिक शास्त्रों, प्रचारकों, जिनके व्यापक अनुयायी हैं, आदि के माध्यम से हमें निर्देश देने के लिए खुद को सीमित करते हैं। हमें अपनी स्वतंत्र इच्छा का प्रयोग करके ईश्वर से संपर्क करना चाहिए। और हम ऐसा कई तरीकों से कर सकते हैं जैसे भगवान से प्रार्थना करना, मंदिर जाना, भगवान के नाम का जाप करना आदि। ऐसे हर कार्य को भगवान द्वारा नोटिस किया जाता है, जो उचित प्रतिक्रिया देते हैं।

इस घटना को स्पष्ट करने के लिए मैं इस संबंध में अपना अनुभव बताता हूं। सबसे पहली चीज़ जिस पर परमेश्वर ध्यान देता है वह है हमारी कर्तव्यपरायणता। हम मनुष्यों को समय, स्थान और परिस्थिति के अनुसार अपने कर्तव्यों का पालन करने की जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह सृष्टि चल सकती है। भगवान कृष्ण चेतावनी देते हैं कि निष्क्रियता से शरीर का रखरखाव भी संभव नहीं होगा। (भगवद-गीता 3.8) भगवान उन लोगों में रुचि रखते हैं जो कर्तव्यपरायण हैं। अगली बात, जो भगवान को प्रभावित करती है वह है धर्म का पालन करना। आखिरकार, धर्म वह आधारशिला है जिस पर सृष्टि टिकी है। भगवान भी धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। (4.8)



अब ऐसे लोगों पर पैनी निगाह रखी जाती है क्योंकि ऐसे लोग अच्छे इंसान बनते हैं. रजोगुण और अंधकार के अन्य दो गुणों को प्रबल करके उनमें सतोगुण प्रधान हो जाता है। (14.10) यदि ऐसा व्यक्ति सहायता के लिए अनुरोध करता है, तो भगवान ऐसा करने के लिए तैयार हैं; बस इसके लिए ईमानदारी से प्रार्थना करनी होगी।

हम आम तौर पर दो तरह से परमेश्वर से मदद मांगते हैं। एक है किसी परेशानी से बाहर निकलना और दूसरा है किसी अच्छी नौकरी जैसी कोई सामग्री हासिल करना। परमेश्वर की प्रतिक्रिया क्या है? आइए हम एक सरल नियम को समझें, ईश्वर हमेशा न्यायी होता है, वह दूसरे की कीमत पर किसी का पक्ष नहीं ले सकता, जैसा कि नौकरी मिलने के मामले में होगा। हालांकि, किसी बड़ी बीमारी से उबरने में किसी की मदद करने के मामले में भगवान अधिक उदार हो सकते हैं। इस मामले में भी, परमेश्वर को यह निर्धारित करना है कि बीमार व्यक्ति इस तरह के एहसान का हकदार है या नहीं और कितना। लेकिन सब कुछ कहा और किया, भगवान जवाब देता है। भगवान द्वारा कितना और कब तय किया जाता है, जैसा कि उनके द्वारा उचित पाया जाता है। मदद के लिए किसी भी अनुरोध को नजरअंदाज नहीं किया जाता है, केवल मात्रा और गुणवत्ता तय की जानी है।

एक मामले में, भगवान अधिक आगामी हैं, अर्थात मार्गदर्शन करने के लिए। यदि कोई व्यक्ति ईमानदारी से कुछ अच्छा करने के लिए मार्गदर्शन की तलाश कर रहा है, तो भगवान मदद करने के लिए बहुत उत्सुक होंगे, क्योंकि हर चीज का मालिक होने के नाते, उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए कि सृष्टि के अनुकूल क्या है। क्या हम सभी को चलते रहने के लिए अच्छे लोगों की आवश्यकता नहीं है?

भगवान सही बुद्धि देते हैं, जैसा कि चिकित्सा वैज्ञानिकों के मामले में होता है। अगर कोई वास्तव में एक चिकित्सा समाधान की तलाश कर रहा है, जो लाखों लोगों की मदद कर सकता है, और इसका मकसद इसे पूरी तरह से भुनाना नहीं है, तो भगवान मदद करेंगे। आपको क्या लगता है कि अगर हमें फैसला करना है तो हम क्या करेंगे? ईश्वर मुझे सामान्य समस्याओं का आध्यात्मिक समाधान देते हैं, जिसके बारे में मैं लिख सकता हूं। कोई इसे अहसास कह सकता है क्योंकि यह वास्तव में मुझे व्यक्तिगत रूप से मदद करता है। किसी भी अन्य एहसान से अधिक जो विश्वास को मजबूत करता है वह शांति है, जिसे हम सभी जानते हैं कि हर कोई चाहता है, लेकिन कुछ ही इसे प्रबंधित करते हैं।

निष्कर्ष यह है कि ईश्वर को उन तरीकों से जाना चाहिए जो उन्हें प्रसन्न करते हैं, जिसके बारे में उन्होंने विस्तृत निर्देश दिए हैं। स्वामी रवि दास चमड़े का काम करते थे। उनकी कोई औपचारिक शिक्षा नहीं थी, लेकिन वे भगवान के एक महान भक्त बन गए। ज्ञान केवल एक उपकरण के रूप में सहायक होता है, यहां तक कि आध्यात्मिक भी, इसका अभ्यास किया जाना चाहिए। आध्यात्मिक गतिविधियां हमें उच्च स्तर पर ले जाती हैं। इसलिए, आइए हम आगे बढ़ते हैं और सृष्टि के मालिक से जुड़ते हैं। वह प्रतीक्षा कर रहा है और उसके पास देने के लिए बहुत कुछ है।

## आप की बात

### डॉक्टरों की कमी

**मेडिकल** की पढ़ाई के लिए नीट परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या इस वर्ष 21 लाख से अधिक थी। जबकि देश में शासकीय व प्राइवेट कॉलेज को मिलाकर एक लाख के लगभग सीटें उपलब्ध है। इनमें से भी लगभग आधी सीटें आरक्षित वर्ग की जातियों के लिए हैं। एक छात्र को नीट की परीक्षा पास करने से लेकर डॉक्टर बनने तक में अपनी जिंदगी का सर्वोत्तम भाग खर्च करना पड़ता है। सीटों की कमी के कारण मात्र पांच प्रतिशत छात्रों को ही मेडिकल की पढ़ाई का अवसर मिल पाता है। इनमें से भी प्राइवेट कॉलेज में सिर्फ अमीर वर्ग ही प्रवेश कर पता है। कई देश भारत से कम खर्चे में मेडिकल पढ़ाई करवा कर डिग्री दे देते हैं, मगर उनमें से अनेक छात्र भारतीय अस्पतालों में नियुक्ति के योग्य नहीं होते हैं। डब्लूएचओ के अनुसार प्रत्येक 1000 व्यक्ति पर कम से कम एक डॉक्टर उपलब्ध होना चाहिए, लेकिन भारत 7000 लोगों पर एक डॉक्टर उपलब्ध है। इनमें से भी अधिकांश डॉक्टर निजी अस्पतालों में हैं जहां इलाज आम आदमी के बस की बात नहीं है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज की भारी कमी को तत्काल पूरा करने के लिए सरकार को अधिक धन का प्रावधान करना चाहिए। इस दिशा में प्रयास तेज होने चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### नया संसद भवन

**नया संसद भवन** अत्याधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण आकर्षक और देश को देश का गौरव बढ़ाने वाला है। इसके उद्घाटन का क्षण ऐतिहासिक है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री से उद्घाटन करवाए जाने पर दर्ज की गई याचिका को निरस्त कर दिया गया है। राष्ट्रपति की गरिमा के नाम पर विपक्ष संसद भवन को उद्घाटन में भी घटिया राजनीति करने से नहीं चुका है। आज संसद भवन को उद्घाटन की बात का विरोध करने वाला विपक्ष कल कहेगा कि 15 अगस्त के दिन भी राष्ट्रपति लाल किले से भाषण दें, प्रधानमंत्री नहीं। सभी जानते हैं कि वैधानिक रूप से राष्ट्रपति देश का प्रथम व्यक्ति है, मगर सभी यह भी जानते हैं कि संविधान की सभी शक्तियां प्रधानमंत्री व उनके मंत्रिमंडल द्वारा ही उपयोग की जाती है। राष्ट्रपति पद सर्वोच्च होते हुए भी व्यवहारिक कार्य प्रधानमंत्री और उनका मंत्रिमंडल ही चलता है। विपक्ष के इस कदम ने उसकी ही गरिमा को ठेस पहुचाई है। सैंगोल को लेकर विवाद भी नेहरू जी के जमाने की पोल खोल गया कि सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सैंगोल को संग्रहालय में नेहरू जी के छड़ी के नाम पर रखा गया।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### बदहाल पाकिस्तान

**पाकिस्तान** में जिस तरह से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सेना के रेंजर्स द्वारा अदालत परिसर से गिरफ्तार कर लिया था। उसके बाद देश भर में विरोध प्रदर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। पहली बार पाकिस्तान के इतिहास में सेना के खिलाफ तहरीके इन्साफ पार्टी के समर्थक सीधे कार्रवाई करते नज़र आए। हालांकि, दूसरे दिन ही वहां के सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को जमानत दे दी। लग रहा था इमरान ने लड़ाई का पहला अध्याय बहुत ही शान के साथ जीत लिया है। लेकिन अब पाकिस्तान तहरीके इन्साफपार्टी का अस्तित्व ही समाप्त होता दिखने लगा है। पूर्व मानवाधिकार मंत्री शिरीन मज़ारी से लेकर सूचना मंत्री चौधरी फवाद हुसेन तक ने इमरान से दूरी बनाने का ऐलान कर दिया। यहाँ तक की इमरान खान के तमाम कार्यकर्ता व समर्थक भी मैदान छोड़ चुके हैं। मतलब साफ़है कि सेना ने बाज़ी अपनी तरफ पलट दी है। इमरान खान को अगर अपनी जान बचानी है तो उन्हें फौरन मुल्क से बाहर भागना होगा। लेकिन इमरान खान व बुशरा बेगम के देश छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। इस बीच बदहाल पाकिस्तान में जनता की भुखमरी खबरों से गायब है।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### योगी का आदेश

**योगी आदित्यनाथ** सरकार ने धार्मिक स्थलों पर अवैध रूप से लगाए गए लाउडस्पीकर को उतारने का आदेश दिया है। योगी सरकार का यह आदेश न्यायोचित है और इसको अमलीजामा पहनाने के लिए निष्पक्ष और जरूरी कार्रवाई की जानी चाहिए। आखिर भक्ति भावना के लिए शोर मचाने का तर्क समझ से परे है। कबीर साहेब ने अपनी ओजस्वी वाणी में कहा है कि मनुष्य के जीवन में आडंबर को कोई स्थान नही है। कांकर-पाथर जोरि के..कहने वाले कबीर साहब के मर्म को भी समझने की आवश्यकता है। सभी धर्मगुरूओं को यह बात समझ लेनी चाहिए कि इससे किसी का भला नहीं होने वाला है केवल परेशानी खड़ी होती है। इससे छात्रों, बीमारों तथा शोर-शराबे को नापसंद करने वालों को परेशानी होती है। प्रदेश सरकार ने पहले भी अवैध लाउडस्पीकर पर रोक लगाई थी। तब यह कदम कारगर साबित हुआ था। उस समय दसियों हजार अवैध लाउडस्पीकरों को धार्मिक स्थलों से हटा दिया गया था। आदेश की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए कठोरता बरतनी होगी।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

बिजली मंत्री ने किसानों का किया आह्वान, अपने बच्चों को खेती की अपेक्षा लगाए अन्य व्यवसाय में

# विकसित देशों में भी केवल चार प्रतिशत लोग ही कर रहे हैं खेती : रणजीत सिंह

## सरकार ने नहीं बढ़ाए आठ सालों में बिजली के दाम

## बिजली मंत्री पहुंचे गांव गुंदियाना, सुनी जन समस्याएं



पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**सरकार** में बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में नौकरियों के क्षेत्र व विकास कार्यों के क्षेत्र में कहीं भी कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने पढ़े-लिखे नौजवानों से आह्वान किया कि वह आईटीआई के इलैक्ट्रोनिक पोर्टल पर जाकर कोर्स करके रोजगार ले सकते हैं। बिजली मंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को खेती से निकालकर अन्य कार्यों में लगाए, आज जापान, आस्ट्रेलिया और कनाडा में भी दो से चार प्रतिशत लोग खेती का व्यवसाय करते हैं।

बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला रविवार देर सायं गांव गुन्दियाना में जन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में बिजली की चोरी होती थी आज उस पर भी अंकुश लगाया गया है। पिछले 8 सालों में बिजली के दाम भी नहीं बढ़े। आज किसानों से ट्यूबवैलों पर 10 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से बिल लिया जाता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो को जन-जन तक पंहुचाए।

उन्होंने उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाया कि हरियाणा में तीसरी बार भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार आएगी। उन्होंने उपस्थित लोगों की बिजली से संबंधित सभी प्रकार की समस्याएं सुनीं। संबंधित बिजली अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में केवल 8 से 10 घण्टे ही बिजली आती थी, लोग बिजली के बिना बहुत दुखी थे, परंतु वर्तमान सरकार ने प्रदेश में बिजली की स्थिति को दुरूस्त किया। आज बिजली की व्यवस्था सब जगह ठीक है और बिजली 24 घंटे मिल रही है। हरियाणा प्रदेश आज बिजली की व्यवस्था में प्रथम स्थान पर है।

उन्होंने जन सभा को सम्बोधित करने के उपरांत लोगों की समस्याएं सुनीं। गुन्दियाना ग्रामवासियों ने बिजली मंत्री से मांग की गांव गुन्दियाना को सरस्वती नगर तहसील में शामिल कर दें ताकि लोगों के कार्य आसानी से हो सके। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव गुन्दियाना इस समय रादौर तहसील में आता है जो कि गांव गुन्दियाना से 25 किलोमीटर दूरी पर है जिससे लोगों अपने कार्य के लिए आने-जाने में समस्या होती है। इस अवसर पर सरपंच सुरेन्द्र, पूर्व सरपंच सतीश कुमार, गुरुपाल सिंह व कार्यकर्ता देवीदयाल, गुरुनैब सिंह, जसमेर सिंह, नवाब सिंह, जस्सी, राजू, राम सिंह, अनूप कुमार व आस-पास के गांवों के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाहाबाद मारकंडा।** इलेवन स्टार वेलफेयर सोसायटी द्वारा दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन एमएन कॉलेज के सभागार में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री कृष्ण बेदी ने किया। बेदी ने खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। प्रतियोगिता के समापन पर एमएन कॉलेज के प्रधान एवं समाजसेवी यशपाल वधवा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि इलेवन स्टार वेलफेयर सोसायटी ने खेलों को बढ़ावा देकर सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने खिलाड़ियों और सोसायटी के सदस्यों को आश्वासन दिया कि जहां भी उनके सहयोग की आवश्यकता होगी वे उनका पूर्ण सहयोग करेंगे। इलेवन स्टार वेलफेयर सोसायटी के प्रधान राजेश वत्स ने बताया कि दो दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और शाहाबाद के खिलाडियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें अंडर-11 में 16, अंडर-13 में 16, अंडर-15 में 18 और ओपन डबल वर्ग में 22 खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि अंडर-11 का फाइनल मैच अंबाला और शाहाबाद के बीच खेला गया।

# प्रशासनिक आश्वासन के बावजूद नहीं शुरू हुई सूरजमुखी की सरकारी खरीद

## नाराज किसान भाकियू के नेतृत्व में आज करेंगे अनाजमंडी में पंचायत

पायनियर समाचार सेवा। शाहाबाद मारकंडा

**सूरजमुखी** की सरकारी खरीद सोमवार को भी शुरू नहीं हुई, न ही सूरजमुखी की खरीद को लेकर किसानों की अन्य मांगों पर कोई नोटिफिकेशन जारी हुआ। नाराज और परेशान किसान मंगलवार को पुन: अनाज मंडी शाहाबाद में पंचायत करेंगे।

यह पंचायत भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की शाहाबाद कोर कमेटी ने बुलाई है। इस पंचायत का एक ही उद्देश्य है कि सूरजमुखी की सरकारी खरीद तुरंत शुरू करवाई जाए और अन्य तीन मांगों को भी माना जाए। उल्लेखनीय है कि भारतीय किसान यूनियन ने 22 मई को अनाज मंडी में बैठक करके प्रशासन को 25 मई तक सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू करने बारे समय दिया था, जिसके बाद सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई। किसानों ने पुन: अनाज मंडी शाहाबाद में 26 मई को पंचायत बुलाई, जिसमे 301 के करीब किसानों ने हिस्सा लिया। तब एसडीएम कपिल शाहाबाद किसानों के बीच में पहुंचे और सोमवार तक सरकारी खरीद शुरू करवाने का आश्वाशन दिया। किसानों ने एसडीएम को समय दिया और चेतावनी भी दी कि अगर सोमवार तक सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई, तो किसान मंगलवार को पुन: पंचायत करेंगे और कड़ा फैसला भी लेंगे। आज जब सोमवार को भी सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई और किसानों की अन्य मांगों हेतु भी नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ, तो भाकियू के प्रवक्ता राकेश बैंस ने किसानों को मंगलवार को पुन: अनाजमंडी में एकत्रित होने के लिए कहा। राकेश बैंस ने कहा कि हमने एक बार एसडीएम को मौका दिया, लेकिन सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है। अब वह मंगलवार को किसानो के साथ पंचायत करेंगे और कड़ा फैसला लेंगे। अटकलें ये भी हैं कि कल होने वाली पंचायत में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी भी शिरकत करेंगे।



सोमवार को अनाजमंडी में खुले में पड़ी सूरजमुखी की फसल।

### किसान क्यों कर रहे मांग

**भाकियू** ब्लॉक कार्यकारी सदस्य जसबीर सिंह मामू माजरा ने बताया कि सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू न होने के कारण किसान सूरजमुखी की फसल को मंडी में लाकर पंखा आदि लगवाने के बाद सुखा कर वापिस अपने घरों में ले-जाने को मजबूर हैं। दूसरी ओर रोजाना रुक-रुक कर हो रही बे-मौसमी बारिश ने भी किसानों की चिंता बढ़ा रखी है। इन-दिनों बारिश के साथ चलने वाली हवाएं खेतों में खड़ी सूरजमुखी की फसल के लिए नुकसानदायक है। तेज हवाओं से सूरजमुखी के फूल गिरने की संभावना है। सरकार की तरफ से हैफेड ने सरकारी खरीद 1 जून से शुरू करनी है। ऐसे में रोजाना किसानों को परेशानी हो रही है, जिस कारण किसान सूरजमुखी की खरीद शुरू करने की मांग कर रहे है, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।

# सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन



रोडवेज महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**कुरुक्षेत्र** डिपो में सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने विशाल धरना प्रदर्शन किया। अध्यक्षता डिपो प्रधान नरेंद्र पांचाल एवं राजेश गोयल ने संयुक्त रूप से की। मंच का संचालन डिपो सचिव रणजीत अरोड़ा ने किया।

धरना प्रदर्शन में महासंघ के राज्य उपप्रधान निशान सिंह व आल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान मायाराम उनियाल एवं प्रेस सचिव बलदेव सिंह मामू माजरा खास तौर पर मौजूद रहे। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए राज्य वरिष्ठ उपप्रधान मायाराम उनियाल एवं निशान सिंह ने संयुक्त रूप से बयान दिया कि हरियाणा सरकार ने जो परिवहन विभाग में ट्रांसफर पॉलिसी बनाई है, यह किसी भी तरह से न तो कर्मचारी हित में है और न ही विभाग हित में है। हरियाणा सरकार से जिन कर्मचारियों को पलवल से गुरुग्राम भेजा जाना चाहिए था, उन कर्मचारियों को पंचकूला भेजा गया यानी कि लगभग प्रत्येक कर्मचारी को 200 से ढाई सौ किलोमीटर तक दूरदराज भेजा गया और तो और जिन कर्मचारियों का किसी का एक महीना किसी के 2 महीने किसी के 6 महीने किसी के 8 महीने 1 साल से कम रह गए हैं। उन कर्मचारियों को भी रोहतक से कुरुक्षेत्र सोनीपत से सिरसा आदि दूरदराज बदल दिया गया है, जबकि ऐसा नियम के विरुद्ध है।

## विद्यालय में मातृ गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती हरियाणा हिंदू शिक्षा समिति के तत्वावधान विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर-3 में शिशु वाटिका विभाग में मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य नन्हें बालकों के सर्वांगीण विकास में मां की भूमिका के बारे में बताना था। कार्यक्रम का आयोजन शिशु वाटिका प्रमुख आचार्या निर्मला मलिक द्वारा किया गया।

निर्मला मलिक ने बताया कि आचार्य और अभिभावक के परस्पर मेल से ही बालकों का सर्वांगीण विकास हो सकता है, और उनकी सूक्ष्म गतिविधियों का अवलोकन किया जा सकता है। समस्याओं का समाधान भी किया जा सकता है। छोटी-छोटी आदतें ही बाद में बड़ी समस्या बन जाती हैं। माताओं को अपने दैनिक जीवन में छोटी-छोटी गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए। उसके बाद स्वच्छता विषय पर चर्चा की गई। हमें बच्चों का बैग, किताब और खानपान के विषय में बताया गया। बताया कि राष्ट्र निर्माण में मां की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चों को घर का बनाया हुआ खाना भोजन ही देना चाहिए। जन्मदिन भारतीय पद्धति से मनाना चाहिए। घर में बुजुगों का महत्वपूर्ण स्थान है।

# गृहणियों व दुकानदारों को अब एक पुस्तिका के जरिए कचरा प्रबंधन की मिलेगी जानकारी

## शहरी स्थानीय निकाय मंत्री हरियाणा डॉ. कमल गुप्ता ने पुस्तिका की लांच

### पुस्तिका में सचित्र दर्शाए गए हैं अलग-अलग तरह के अपशिष्ट व डस्टबिन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**गृहणियों** को अब एक पुस्तिका के जरिए घरेलू स्तर पर कचरा प्रबंधन की जानकारी मिलेगी। सोमवार को प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने अपने करनाल आगमन पर पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में पुस्तिका की लांचिंग की। इस अवसर पर महापौर रेनू बाला गुप्ता व नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा भी उपस्थित रहे।

लांचिंग के बाद शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने बताया कि तेजी से बढ़ते हुए शहरीकरण के दौर में कचरा प्रबंधन की मूलभूत आवश्यकता है। इस दिशा में शहरी निकाय का लक्ष्य है कि घरों से निकलने वाले प्रतिदिन के कचरे का 100 प्रतिशत पृथ्थकरण हो। इसे प्राप्त करने के लिए तैयार पुस्तिका मील का पत्थर साबित होगी।



पत्रिका का विमोचन करते शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता

उन्होंने बताया कि करनाल नगर निगम व सुगम स्वच्छता प्राईवेट लिमिटेड के सांझे प्रयासों से इस पुस्तिका का प्रकाशन किया गया है और अब यह शहर के सभी हाऊस होल्ड को वितरित की जाएगी। इसी प्रकार कॉमर्शियल एरिया यानि दुकानदारों को और नगर निगम स्टाफ को भी एक-एक पुस्तिका दी जाएगी। पुस्तिका के प्रकाशन को लेकर उन्होंने नगर निगम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी के आह्वान पर देश में स्वच्छ भारत मिशन की जो मुहिम शुरू की गई थी, उसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। हमारा प्रदेश हरियाणा पहले से ही खुले में शौच से मुक्त हो चुका है। अब घर-घर से कूड़ा एकत्रिकरण, परिवहन और निस्तारीकरण पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाए जाएंगे। कूड़े-कचरे से निकलने वाले आरडीएफ से ऊर्जा तैयार की जाएगी।

**क्या है पुस्तिका में:** बता दें कि 10 पृष्ठों की पुस्तिका में अलग-अलग तरह के अपशिष्टों को सचित्र दर्शाया गया है, जिसे कोई भी नागरिक/गृहिणी आसानी से देख-पढ़ कर समझे सकते हैं।

# कन्या भ्रूण हत्या की सूचना देने पर एक लाख का इनाम, नाम रखा जाएगा गुप्त : डीसी

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर,

**उपायुक्त** राहुल हुड्डा ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या करने व करवाने वालों की सही सूचना देने वालों को सरकार द्वारा एक लाख रुपये तक का इनाम दिया जाएगा। ऐसी सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गुप्त रखा जाएगा। सरकार व प्रशासन की ओर से कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट 1994 के तहत पंजीकृत सैंटर संचालक व डॉक्टर द्वारा पहली बार गर्भधारण पूर्व लिंग चयन और प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण संबंधी जुर्म करने पर तीन साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना तथा इसके उपरांत पुन: जुर्म करने पर 5 साल कैद और 50 हजार रुपये जुर्माना का प्रावधान है। पति/परिवार के सदस्य या लिंग चयन के लिए उकसाने वाले व्यक्ति के लिए एक्ट में पहले अपराध पर 50 हजार रुपये तक के जुर्माने के साथ तीन साल तक की कैद तथा इसके उपरांत पुन: अपराध करने पर एक लाख रुपये तक जुर्माने के साथ 5 साल तक की कैद का प्रावधान है।



### लिंगानुपात बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर करने होंगे सामूहिक प्रयास

डीसी राहुल हुड्डा ने जिलावासियों से जिले के घटते लिंगानुपात को बढ़ाकर जिला को लिंगानुपात के मामले में पहले पायदान पर लाने का आह्वान किया है। लिंगानुपात को बढ़ाने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कहा कि बेटियां अनमोल हैं और इन्हें भी दूनिया में आने का पूरा हक है। उन्होंने कहा कि केवल बालिका दिवस व महिला दिवस मनाने से कन्या भ्रूण हत्या समाप्त नहीं होगी। इसके लिए हम सबको मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। जिस दिन हम अपनी बेटियों को बेटों के बराबर समझने लगेंगे, उस दिन कन्या भ्रूण हत्या अपने आप रुक जाएगी। उन्होंने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक कानूनी अपराध होने के साथ-साथ सामाजिक अपराध भी है।

# हरियाणा में एक और इनोवेशन, ड्रॉप आउट छात्रों का पता लगाने पर कॉलेज छात्रों को मिलेंगे पांच नंबर

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ

**हरियाणा** की इनोवेटिव सरकार ने कई पहले किए इनोवेशन की श्रृंखला में अब एक और इनोवेशन किया है। इस इनोवेशन के तहत कॉलेज में पढ़ने वाले युवाओं को समाज सेवा के लिए भी नंबर दिए जायेंगे। हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग ने ड्रॉपआउट युवाओं का पता लगाने के लिए कॉलेज छात्रों की ड्यूटी लगाई है। इसके लिए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पांच अंक दिए जाएंगे। छात्रों को यह पता लगाना होगा कि राज्य में 18 से 25 साल तक ऐसे कितने युवा हैं जो कॉलेज छोड़कर खाली बैठे हुए हैं।

हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग को सरकार की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि राज्य में कॉलेज ड्रॉपआउट युवाओं का डाटा एकत्र किया जाए। दरअसल सरकार चाहती है कि राज्य में कॉलेज छोड़ के घर बैठे युवाओं को वापस उच्च शिक्षा से जोड़ा जाए। इसके लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि राज्य में ऐसे कितने युवा हैं। इसके बाद सरकार इन युवाओं को उनकी रुचि के आधार पर रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिलाने का काम करेगी।

हरियाणा उच्च शिक्षा की ओर से कहा गया है कि छात्रों को ये पांच अंक एनएसएस के तहत मिलेंगे। इसको समाज सेवा की श्रेणी में रखा जाएगा। सर्वे के इस काम में तेजी आ सके इसके लिए कॉलेजों, यूनिवर्सिटी को सर्वे करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ाने को कहा गया है। हालांकि स्कूल के प्रोफेसर इसका विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे छात्रों की पढ़ाई बाधित होगी।

# पुनीत सागर अभियान में स्वच्छता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**फर्स्ट** हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक के कमान अधिकारी कर्नल एस.के बिजारणिया के नेतृत्व में वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहतक व वैश्य पब्लिक स्कूल रोहतक के 145 एनसीसी कैडेट द्वारा पुनीत सागर अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम महात्मा गांधी स्मारक पर माला अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तदोपरांत महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी ने शपथ ली। स्वच्छता जागरूकता पर कैडेट के द्वारा पोस्टर आदि बनाकर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। तत्पश्चात वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य प्रवीण बंसल, वैश्य पब्लिक स्कूल प्राचार्या सुषमा सुहाग, एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट नवीन पंधाल, सतीश भारद्वाज आदि ने रैली को रवाना किया।



# जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाएं

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**युवा** कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार आदेशानुसार नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य से 30 मई को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में जिला स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में कविता लेखन, चित्रकला, प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाएगा। जिला स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात: 9.30 बजे सोनीपत सांसद रमेश कौशिक द्वारा किया जाएगा।

नेहरू युवा केंद्र के अधिकारी नवीन गुलिया ने कहा कि जिला स्तरीय एक दिवसीय युवा उत्सव कार्यक्रम में पांच अलग-अलग विधाओं कविता लेखन, चित्रकला, प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक नृत्य ग्रुप प्रतियोगिता में जिले भर से युवा भाग लें सकते हैं।

# फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने दीपालय के सहयोग से शुरू किया 'नारी शक्ति' प्रोग्राम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/करनाल



**फ्लिपकार्ट** ग्रुप के तहत फ्लिपकार्ट फाउंडेश ने समाज के कमजोर तबके की महिलाओं, युवाओं और बच्चों के लिए कार्यरत एनजीओ दीपालय के साथ एक नई पहल के लिए हाथ मिलाया है। इस पहल के जरिए समाज के कम सुविधा प्राप्त वर्ग की युवतियों तथा महिलाओं को सशक्त एवं समर्थ बनाया जाएगा। प्रोग्राम के तहत 600 से अधिक युवतियों एवं महिलाओं को ऐसी जरूरी वोकेशनल स्किल्स दी जाएंगी। जो उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकें। साथ ही, उन्हें माइक्रो-एंटरप्राइज स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहित भी करें।

इस प्रोजेक्ट को हरियाणा के तावडू जिले और उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के तितरों नगर में 12 महीने चलाने की योजना है। यह प्रोग्राम 18 साल से अधिक उम्र की उन महिलाओं को प्रशिक्षण देगा जो लक्षित भौगोलिक इलाकों में रहती हैं। प्रशिक्षण दो बैचों में दिया जाएगा, साथ ही उन्हें उद्यमिता, स्वास्थ्य तथा पोषण संबंधी कौशल और क्षमता निर्माण कौशलों से भी सुसज्जित किया जाएगा।

इस भागीदारी के बारे में, पूजा त्रिशाल, डायरेक्टर, फ्लिपकार्ट फाउंडेशन ने कहा, दीपालय के साथ हमारी भागीदारी, शिक्षा और कौशल विकास के जरिए समुदायों को सशक्त बनाने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता का हिस्सा है। यह पहल सीमित संसाधनों के साथ गुजर-बसर करने वाली युवतियों एवं महिलाओं के लिए आजीविका के अवसरों को प्रदान करने की दिशा में बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है। डॉ जॉर्ज जॉन, मुख्य कार्यकारी, दीपालय का कहना है, हमारा 'नारी शक्ति प्रोजेक्ट' महिलाओं को आत्म-निर्भरता हासिल करने के उनके सपनों को पूरा करने के मकसद से तैयार किया गया है।

# महिलाओं के जीवन की सुरक्षा को मासिक धर्म स्वच्छता आवश्यक : सुषमा शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**उदयन** केयर आईटी सेंटर व उदयन शालिनी फैलोशिप कार्यक्रम के द्वारा मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर एक आनलाइन कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्ता एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र की मित्रता क्लीनिक से डॉक्टर सोनिया सतीजा व उदयन केयर संस्था कुरुक्षेत्र की संयोजिका डॉ सुषमा शर्मा रही।

डॉक्टर सोनिया सतीजा ने शालिनियों के साथ चर्चा की। बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक होता है, इसमें बरती जाने वाली किसी भी तरह की लापरवाही आपके लिए समस्याएं बढ़ा सकती है। इसी बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। औसत पीरियड साइकिल 28 दिन की होती है। यही वजह है कि हर साल 28 मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। उन्होंने शालिनियों को बताया कि माहवारी के दौरान आपका पीएच लेवल भी बढ़ सकता है, इसे कंट्रोल में रखने के लिए समय-समय पर पानी पीते रहना बहुत आवश्यक माना जाता है। पानी पीते रहने से संक्रमण के खतरे को भी कम किया जा सकता है, साथ ही यह आपको डिहाइड्रेशन से भी बचाता है। डॉ सुषमा शर्मा ने शालिनियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस दिन को मनाने की शुरूआत सबसे पहले साल 2014 में हुई थी।

'योग महोत्सव' में जुटे 50 हजार उत्साही प्रतिभागी

# तेलंगाना की राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदर राजन समारोह की मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आज** यहां हैदराबाद के एनसीसी परेड ग्राउंड में आयोजित 'योग महोत्सव' में 50 हजार लोगों की उत्साही भागीदारी देखी गई। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अधीन कार्यरत मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 25वें काउंटडाउन पर योग महोत्सव का आयोजन किया।

इस अवसर पर तेलंगाना की राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सुंदर राजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। साथ ही, केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रीजी किशन रेड्डी, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ मुंजपरा महेंद्र भाई ने भी इस समारोह की शोभा बढ़ायी। योग महोत्सव को और भी उत्साहजनक बनाने के लिए शहर की अनेक हस्तियां भी उपस्थित थीं। जिनमें पद्म भूषण विजेता और जाने-माने बैडमिंटन खिलाड़ी तथा कोच पुलेला गोपीचंद, एक्टर विश्वकसेन के अलावा कृष्ण चैतन्य आदि भी शामिल हैं। मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग के निदेशक डॉ ईश्वर बासवरड्डी ने इस कार्यक्रम में कॉमन योगा प्रोटोकॉल का संचालन किया और हजारों प्रतिभागियों ने आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर कार्यक्रम में योगाभ्यास किया। इस मौके पर, तेलंगाना की राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सुंदरराजन ने कहा, आज यहां इस समारोह में योग करने के लिए उपस्थित होना मेरे लिए खुशी का विषय है। यह हम सभी के लिए प्रसन्नता का और स्वास्थ्य का पर्व है। मैं सभी से योग को अपनाने की अपील करती हूं। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आभारी हूं। जिन्होंने योग को विश्वमंच पर स्थान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इसे लोगों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक आंदोलन का रूप दिया है। समारोह को करते हुए केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा भारत की गौरवशाली विरासत योग को पूरे विश्व समुदाय ने हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने का फैसला किया। योग ने सभी तरह की जातीय, नस्लीय, लैंगिक, धार्मिक और राष्ट्रीयता की दीवारों को लांघकर समाज में अपनी स्वीकार्यता बढ़ायी है।

# महिला खिलाड़ियों को जबरदस्ती उठाने व मुकदमे दर्ज करने से गुस्साए किसानों ने पुतला फूंका, राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा



**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**संयुक्त** किसान मोर्चा भिवानी के नेतृत्व में विभिन्न जन संगठनों ने 28 मई को राज्य व केन्द्र सरकार की पुलिस ने आंदोलनरत महिला पहलवानों को न्याय दिलाने हेतु महिलाओं किसानों को दिल्ली जाने से रोकने, उनके नेताओं को गिरफ्तार करने, महिला पहलवानों को जबरदस्ती उठाकर उन पर संगीन मुकदमें बनाने व उनका धरना स्थल उठवाने से गुस्साए किसानों, मजदूरों व महिलाओं ने संयुक्त रूप से उपायुक्त कार्यालय के सामने केन्द्र व राज्य सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया व उनका पुतला फूंका।

### ज्ञापन जिला आपदा प्रबंधक प्रवीन कुमार ने प्राप्त किया

उपायुक्त के माध्यम से पहलवानों को न्याय देने के लिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भिजवाया है। पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता यादविरेन्द्र शर्मा , कमल सिंह प्रधान , सन्तोष देशवाल, युद्धवीर सिंह अहलावत व रोहताश पहलवान मिताथल ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन किसान सभा के कामरेड ओम प्रकाश ने किया । ज्ञापन जिला उपायुक्त की तरफ से जिला आपदा प्रबंधक प्रवीन कुमार ने प्राप्त किया। पुतला दहन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विभिन्न किसान सभा, जनवादी महिला समिति, नौजवान सभा, सीटू, जय किसान, जाटू खाप, युवा कल्याण संगठन व जय किसान संगठनों के नेताओं ने 28 मई को हरियाणा, उतर प्रदेश, पंजाब व दिल्ली से महिला पहलवानों के समर्थन में जाने वाले किसानों, महिलाओं को गिरफ्तार किया व महिला खिलाड़ियों के साथ बर्बरता की कड़ी निंदा की।

## खिलाड़ियों के समर्थन में गांव धनाना में जारी धरने को समर्थन देने पहुंचीं किरण चौधरी



**भिवानी।** पूर्व मंत्री एवं तोशाम से विधायक किरण चौधरी ने कहा कि भाजपा शासनकाल में लोकतंत्र खतरे में है। एक तरफ जहां महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है।

वही देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकाने वाली बेटियां भी यौन शोषण का आरोप लगाकर धरने पर बैठी है। लेकिन अपने चहेतों को बचाने के लिए बेटियों की मांग सुनने की बजाए उनसे बर्बरतापूर्वक व्यवहार कर उनको अपमानित करने का काम किया जा रहा है, जो कि लोकतंत्र का गला घोंटने का काम है। किरण चौधरी जिले के गांव धनाना में सर्व जातीय जाटु खाप-84 एवं घणघस खाप द्वारा खिलाड़ियों के समर्थन में जारी धरने को समर्थन देने के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उनके साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसचित विभाग के राष्ट्रीय संयोजक दीपेश सारसर भी मौजूद रहे, जिन्होंने बेटियों पर हुए अत्याचार की निंदा की। इस मौके पर किरण चौधरी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसचित विभाग के राष्ट्रीय संयोजक दीपेश सारसर ने कहा कि देश के चैंपियन खिलाडियों के साथ इतना गलत बर्ताव, बेहद दुखद और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि घमंड में भाजपा के शीर्ष नेतमाओं का दिमाग पूरी तरह से खराब हो चुका है।

## विधायक ने 108 पात्र लोगों को किए बीपीएल कार्ड वितरित

# दिल्ली में धरनारत पहलवानों को मिले इंसाफ : रामकरण

**पायनियर समाचार सेवा।** शाहाबाद मारकंडा



पात्र लोगों को बीपीएल कार्ड वितरित करने के बाद साथ खड़े विधायक रामकरण।

**विधायक** रामकरण काला ने अपने कार्यालय में 108 पात्र लोगों को बीपीएल कार्ड वितरित किए। विधायक ने कहा कि इन पात्र लोगों के बीपीएल कार्ड अज्ञात कारणों से कट गये थे जिस कारण यह परिवार परेशान थे। कार्यालय में पहुंचकर राशन कार्ड शुरू करने की मांग की थी। जिस पर उन्होंने स्वयं संबंधित अधिकारियों से संपर्क किया और औपचारिकताओं को पूरा किया। जिसके चलते 108 लोगों के राशन नए बने हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा अन्य लोगों के राशन कार्ड बनने का सिलसिला भी जारी रहेगा। विधायक ने कहा कि उनकी एक विशेष टीम गांव-गांव जाकर परिवार पहचान पत्र और राशन कार्डो को दुरुस्त करने में लगी है। इसके अलावा उन्होंने कंप्यूटर व्यवस्था अपने कार्यालय में की हुई है ताकि लोगों को फैमिली आईडी और राशन कार्ड ठीक करवाने के लिए पैसे खर्च न करने पड़ें।


**धरनारत पहलवान खिलाड़ियों को मिले इंसाफ:** विधायक रामकरण काला ने बड़ा बयान देते हुए दिल्ली में धरनारत पहलवान खिलाड़ियों को समर्थन देते हुए उनके लिए इंसाफ की मांग केंद्र व प्रदेश सरकार से की है। विधायक ने कहा कि खिलाड़ी देश का सम्मान है और बिना वजह ऐसे कोई धरने पर नहीं बैठता इसलिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खिलाड़ियों की बात सुनते हुए इन्हें न्याय दिलाना चाहिए।

### किसानों के अल्टीमेटम से पहले शुरू होगी सूरजमुखी की खरीद

**वहीं** विधायक रामकरण ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि किसानों का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू करवा दी जाएगी। इसके लिए उन्होंने विशेष तौर पर संबंधित अधिकारियों से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि 30 मई दोपहर से पहले-पहले खरीद शुरू हो जाएगी और किसानों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। विधायक ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि किसानों की फसल का दाने-दाने ी खरीद की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल की चौकीदारी वह खुद करेंगे लेकिन किसानों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

## बरसात के सीजन से पहले सभी ड्रेनों की होनी चाहिए सफाई: डीसी

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



ड्रेन का निरीक्षण करते हुए डीसी।

**डीसी** जगदीश शर्मा ने कहा कि बरसात के सीजन से पहले सभी ड्रेनों की साफ-सफाई हो जानी चाहिए। ग्योंग ड्रेन को पूरी तरह से साफ करके पानी के बहाव को दुरूस्त किया जाए ताकि बरसात के सीजन में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

जींद रोड पंप हाउस पर लगे दोनों जनरेटरों को अच्छी तरह चैक करवाकर उनकी सर्विस करवाई जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर यह जनरेटर ठीक प्रकार से काम कर सके। डीसी जगदीश शर्मा ने ग्योंग ड्रेन, अमीन ड्रेन, जींद रोड पंप हाउस, तितरम ड्रेन, कलायत सिरसा ब्रांच पंप हाउस, बड़सिकरी में बाढ़ प्रबंधन हेतू पूर्व व चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। डीसी जगदीश शर्मा ने कहा कि ग्योंग ड्रेन को साफ करने के लिए चार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत है। बरसात से पूर्व ही इस ड्रेन को साफ किया जाए। इस व्यवस्था से जहां पानी का बहाव ठीक होगा वहीं गंदगी से भी निजात मिलेगी। जींद रोड पर 345 एमएमडी के 6 पंप स्थापित हैं। इन सभी को समय-समय पर चैक किया जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर बरसात के पानी को अमीन ड्रेन में डाला जा सके। इस कार्य को भी समयबद्ध पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर अधीक्षक अभियंता एमआर गर्ग, कार्यकारी अभियंता प्रशांत ग्रोवर, अरविंद रोहिला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## 21 जून को जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

# तेजली स्टेडियम में करवाया जा रहा है योगाभ्यास : डॉ. विनोद पुंडीर

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर



**जिला** आयुर्वेद अधिकारी डॉ. विनोद पुंडीर ने बताया कि उपायुक्त राहुल हुड्डा के निर्देशानुसार जिला स्तर पर यमुनानगर में होने वाले 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस- 21 जून को आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व सोमवार को सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक तेजली खेल परिसर यमुनानगर में शिक्षा विभाग के सभी प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा एवं पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण (सरकारी एवं प्राईवेट स्कूलों के प्रवक्ता शारीरिक शिक्षकों, पीटीआई व डीपीई भी) आयुष विभाग के आयुष चिकित्सा अधिकारी, आयुष फार्मासिस्ट, आयुष योग सहायकों, पंतजलि योग समिति के जिला प्रभारी जय कुमार, योगी मनोज तथा आयुष विभाग के सभी योग सहायकों द्वारा योग प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी ने बताया कि जिला के सभी विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को 21 जून के मुख्य कार्यक्रम से पहले योगाभ्यास करवाने के उददेश्य से आयुष विभाग द्वारा सभी को योग का अभ्यास करवाया जा रहा है ताकि 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस- 21 जून को मुख्य कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी योग के अभ्यस्त हो सके ।

## 1086 में से मात्र 113 स्कूल अपग्रेड किए जाने से नाराज संगठन

**भिवानी।** स्कूल कैडर लेक्चरर एसोएिशन हरियाणा (सलाह) ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेशभर के 113 स्कूलों को अपग्रेड की सख्या को नाकाफी बताया है। सलाह के प्रदेश अध्यक्ष गुरदीप सैनी, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा व राज्य उपाध्यक्ष राजबीर धारेडू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 1086 में से मात्र 113 स्कूलों को अपग्रेड किया जाना बेहद कम है। इसलिए सरकार द्वारा सभी 1086 स्कूलों को अपग्रेड करना चाहिए, जबकि छात्र संख्या 80 से घटाकर 50 भी किया जाए।

सलाह पदाधिकारियों ने शिक्षक संगठनों का आह्वान किया कि इस कार्य के लिए सरकार से पुरजोर मांग की जाए या सरकार स्कूल अपग्रेड के लिए दबाव बनाया जाए। उन्होंने आश्चर्य जताया कि शिक्षक संगठन स्कूल अपग्रेड के मामने में अभी तक चुप है, जबकि छात्र व शिक्षक हित में यह कार्य बेहद महत्वपूर्ण है। सलाह संगठन स्कूल अपग्रेड मामले को लेकर जल्द ही प्रदेश मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से मिलकर जनहित में यह कार्य व्यापक स्तर पर करने की मांग करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्लाईओवर के दोनों तरफ की सड़क का होगा पुनर्निर्माण : मेयर



विकास कार्यों के शुभारंभ पर मेयर, विधायक, पार्षद एवं दुकानदार।

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर निखिल मदान ने शहर के विधायक सुरेंद्र पवार, डिप्टी मेयर मंजीत गहलावत, निगम पार्षद नीतू दहिया एवं निगम अधिकारियों के साथ मिलकर वार्ड 20 में विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर मिशन चौक से लेकर ककरोई चौक तक जा रहे फ्लाईओवर के नीचे दोनों तरफ की सड़क को इंटरलॉकिंग टाइलों एवं आवश्यकता अनुसार कुछ जगह पर सीसी से पक्के किए जाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस कार्य को नगर निगम द्वारा 36 लाख 20 हजार रुपये की लागत से पूरा करवाया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक प्रेमचंद जिंदल ने नारियल फोड़कर इस कार्य का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारियों ने विधायक, मेयर एवं पार्षदों का फूल मालाओं से स्वागत किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि स्थानीय व्यापारी दीपक रोहिल्ला, मार्केट एसोसिएशन के अन्य सदस्यों और निगम पार्षद नीतू दहिया के माध्यम से इस सड़क पर जलभराव की समस्या उनके संज्ञान में आई थी। निगम अधिकारियों के निरीक्षण में यह बात सामने आई थी कि सड़क का लेवल ठीक नहीं है। अब फ्लाईओवर के दोनों तरफ सड़क का लेवल ठीक करके दोबारा से इंटरलॉकिंग टाइलों के साथ सड़क का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इस कार्य में आवश्यकतानुसार कई जगह सीसी से भी सड़क को पक्का किया जाएगा। क्षेत्र की व्यस्ततम सड़क होने के चलते उन्होंने निगम अधिकारियों और संबंधित एजेंसी को इस कार्य को जल्द से जल्द पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, निगम पार्षद नीतू दहिया, संजय सिंगला, राजेश दहिया, विजय वर्मा, राधेश्याम, सोनू मित्तल, दीपक रोहिल्ला, नवीन जिंदल, अशोक मित्तल, प्रेम जिंदल, सोमवीर दूहन, राजेश, पारस जैन, सोनू, अशोक, राजेश, राजेश पांचाल, सतीश आदि लोग मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए शुरू हुआ योग प्रशिक्षण शिविर



**भिवानी।** नौवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए भीम खेल परिसर में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में सरकारी व प्राईवेट स्कूलों के शारीरिक शिक्षा-पीटीआई व डीपीआई को शारीरिक योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों व खेल विभाग के योग प्रशिक्षकों द्वारा योगासन के लिए प्रशिक्षित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जिला, उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण शिविर में योगाचार्य गजानंद शास्त्री, कविता व सन्नी ने पीटीआई, डीपीआई व अन्य संबंधित को योगाभ्यास व प्राणायाम करवाया। इस दौरान उन्होंने योगासान व प्राणायाम से होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

## जमालपुर बैंक से चोर बन्दूक व 16 जिंदा कारतूस लेकर फरार

**भिवानी।** भिवानी जिले की तहसील बवानीखेड़ा के गांव जमालपुर में केंद्रीय सरकारी बैंक में चोरों ने बैंक के पीछे के रास्ते से घुसकर बैंक में रखी बंदूक व 16 जिंदा कारतूस चोरी कर लिए। फिलहाल पुलिस आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और चोरों का पता लगा रही है। बैंक में कैश को चोरी करने में चोर नाकामयाब रहे।

आपको बता दें कि चोरों ने शनिवार की रात इस घटना को अंजाम दिया है। शनिवार व इतवार की छुट्टी के चलते शनिवार की देर रात चोरों में बैंक के पीछे के रास्ते से छत का गेट तोड़कर व नीचे दरवाजे का रोशनदान तोड़कर सीसीटीवी फुटेज को बंद करके बैंक से एक बंदूक व 16 जिंदा कारतूस चोरी कर ले गये। कैश को निकालने में चोर नाकामयाब रहे। चोरों जिस रास्ते से आये वहां के सीसीटीवी भी चोरों ने तोड़ दिए।

## आप आठ जून को जींद रैली से करेगी चार राज्यों के चुनाव प्रचार का आगाज

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़,

**आम** आदमी पार्टी देश के चार राज्यों के चुनावी अभियान की शुरुआत हरियाणा से करने जा रही है। अभियान की शुरुआत के लिए आठ जून को राज्य की राजनीति का केंद्र कहे जाने वाले जींद में एक मेगा रोड शो का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आएंगे।

पार्टी के सूत्रों का कहना है कि इस रैली में हरियाणा के बड़े चेहरों के साथ ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद रहेंगे। आम आदमी पार्टी देश के चार राज्य हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों को लेकर फोकस कर रही है। हालांकि हरियाणा से पहले तीन राज्यों में इसी साल विधानसभा चुनाव होंगे। चुनावी अभियान की शुरुआत के लिए आम आदमी पार्टी ने हरियाणा को चुना है क्योंकि दिल्ली और पंजाब के लगता हुआ राज्य है। चूंकि इन दोनों राज्यों में पार्टी की सरकार है, इसलिए सोच यह है कि हरियाणा में इसका अच्छा असर रहेगा। हरियाणा में सत्ता विरोधी लहर चल रही है, जिसका फायदा चुनाव में अन्य पार्टियों को होगा। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल का गृह राज्य हरियाणा है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने अब तक 2 चुनाव लड़े हैं। 2022 में हुए निकाय चुनाव से पार्टी ने हरियाणा में शुरुआत की। इस चुनाव में पार्टी को 10.96 फीसदी वोट हासिल हुआ। वहीं दूसरा चुनाव हाल ही में संपन्न हुए पंचायत चुनाव हैं। इस चुनाव में आप ने कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों से बेहतर प्रदर्शन किया और 13 फीसदी से अधिक वोट हासिल किए। हालांकि भाजपा के मुकाबले यह कम ही रहा।

## नचले हरियाणा ग्रैंड फिनाले फोक डांस के जूनियर ग्रुप में ऋचा ने मारी बाजी

### 120 बच्चों ने दिखाई अपनी डांस प्रतिभा

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल।



विशेष अतिथि के साथ विजेता बच्चे।

**लव** डांस एंड म्यूजिक एकेडमी व स्कूल स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एक्टिविटी फेडरेशन एंड रूरल ओलंपिक एसोसिएशन वह सोशल एंड फोक कल्चर अवेयरनेस ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम नचले हरियाणा के तहत स्टेट लेवल ग्रैंड फिनाले फोक डांस कंपटीशन में 120 विद्यार्थियों ने अपने-अपने फोक डांस की प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने पंजाबी डांस, राजस्थानी डांस महाराष्ट्र डांस और हरियाणवी डांस प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में बीजेपी युवा नेता तुषार ढांडा ने बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने पहले, दूसरे, तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित किया। इसी प्रोग्राम में कपिल स्थल स्टार अवॉर्ड से 11 लोगों को सम्मानित किया गया।

### ये रहे डांस कंपटीशन के रिजल्ट

**सब** जूनियर में पहला स्थान प्राप्त किया है, जैस्मिन चीका, दूसरा स्थान योगन्या ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, तीसरा स्थान दिव्या न्यू लिटिल स्टार पब्लिक स्कूल कसान, और कॉसोलिएशन प्राइस मायरा इंडस पब्लिक स्कूल, रवि चीका को मिला। इसी प्रकार जूनियर में पहला स्थान रिचा कपिल स्थल पब्लिक स्कूल, दूसरा स्थान अनुष्का सुपार्श्व जैन बाल सदन, तीसरा स्थान नव्या सुपार्श्व जैन बल सदन, कॉन्सोलेशन प्राइस रूहानी इंडस पब्लिक स्कूल, अनिका आईजी पब्लिक स्कूल और राधिका बीआरडीएम पब्लिक स्कूल को मिला। सीनियर ग्रुप में पहला स्थान पूजा आरकेएसडीपीएस, दूसरा स्थान चंचल सुपार्षव जैन बाल सदन, रितिका हिंदू गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कंसोलेशन प्राइज आदिति व दीपांशु सुपर्षव को मिला।

## अपनी धुन पर नाचना-सुश्री आकांक्षा,ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के डांस टीचर की कहानी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**हैप्पीनेस** के शॉर्टकट हैं और डांस उनमें से ही एक विधा है, आर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की एक डांस टीचर आकांक्षा अपने छात्रों के बीच डांस सिखा रही हैं। खुशियां बांट रही हैं। यह सिलसिला तब से शुरू हुआ जब मैंने एक एनजीओ के साथ काम किया और कुछ स्पेशल बच्चों को डांस सिखाना शुरू किया।

आकांक्षा का मानना है कि डांस के जरिए ये बच्चे अपनी अन्य क्षमताओं को निखार पाते हैं। मैंने एक मूक-बधिर लड़की को पढ़ाया, और वह सबसे अच्छा अनुभव था जब मैंने उसमें बड़े सुधार देखे, और उसके माता-पिता बहुत खुश थे। साथ ही, मुझे एक लड़की को पढ़ाना याद है जो अपनी कक्षा में धीमी गति से सीखती थी। जब मैंने उसे डांस सिखाना शुरू किया, तो उसने स्कूल में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, आकांक्षा ने कहा। वह केवल 16 वर्ष की थी जब एक कार्यक्रम था जहां उसने तमिल संगम उत्सव में हिप हॉप और टुटिंग नृत्य किया था। अरुण कुमार (तमिल संगम दिल्ली के ट्रस्टी) ने उन्हें देखा और उन्हें प्रशिक्षक के रूप में अपनी अकादमी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। आकांक्षा ने अपने दम पर नृत्य में अपना पेशा चुनने का विकल्प चुना और प्रयाग संगीत समिति से भरतनाट्यम में स्नातक और इग्नू से अंग्रेजी में एमए पूरा किया। आकांक्षा 2021 में ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में शामिल हुईं और छात्रों को भरतनाट्यम, सेमी क्लासिकल, चार्ल्सटन, फोक और हिप हॉप सहित नृत्य के विभिन्न रूपों को सिखा रही हैं। मुझे ऑर्किड्स में एक डांस शिक्षक होने की खुशी है। मैं स्पेशल बच्चों को भी डांस सिखाना जारी रखती हूं, और मेरा लक्ष्य अपनी खुद की अकादमी खोलना है।

# स्थानांतरण पॉलिसी है रोडवेज कर्मचारियों के साथ धोखा

## 11 जून को फरीदाबाद स्थित परिवहन मंत्री रामविलास शर्मा के आवास का घेराव करेंगे कर्मचारी

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक




**हरियाणा** रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर सैकड़ों कर्मचारियों द्वारा स्थानांतरण पॉलिसी के विरोध में नया बस अड्डा के परिसर में हरियाणा सरकार के विरोध में नारे लगाकर दो घंटे प्रदर्शन किया और रोडवेज जीएम भारत भूषण गोगिया को सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

यह जानकारी रोडवेज डिपो के सचिव जय कुंवार दहिया ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन की अध्यक्षता सभी यूनियनों के डिपो प्रधान नरेश सिवाच, दीपक हुड्डा, सुरेश नेहरा, सुमेश कुंडू, नरेश नांदल, जोगिंदर मलिक, जोगिंदर ढुल, अनील करौंथा मायना, जितेंद्र लाकड़ा आदि ने की। प्रदर्शन सभा का संचालन डिपो सचिव जयकुंवार दहिया ने किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य वीरेंद्र सिंहरोहा, सुमेर सिवाच ,जगदीप लाठर, दिनेश हुड्डा,अमीत महाराणा, ओमप्रकाश, हिम्मत राणा आदि की मौजूदगी में जीएम रोडवेज भारत भूषण गोगिया के मार्फत सीएम ऑफिस में भेजेंगे। कर्मचारियों ने मांग की है कि हरियाणा सरकार अपने वायदे से पीछे हट कर रोडवेज के कर्मचारियों के साथ वादाखिलाफी करते हुए जहां 50 से 60 किलोमीटर स्थानांतरण की बात रखी गई थी। वही 200 ढाई सौ से लेकर 300 किलोमीटर तक के कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। जिससे प्रत्येक कर्मचारी रूष्ट है । उन्होंने बताया कि अपने परिवार से दूर जाकर सरकार के रवैया को एकमत होकर विरोध प्रकट करते है। इसे सरकार तुरंत वापिस करते हुए आपसी स्थानांतरण की नीति को प्राथमिकता देकर तबादला करें, अन्यथा आने वाले समय में रोडवेज का कर्मचारी बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

इसी कड़ी में रोडवेज का कर्मचारी 11 जून को फरीदाबाद स्थित परिवहन मंत्री रामविलास शर्मा के आवास का घेराव करेगा। इसके पश्चात भी परिवहन मंत्री द्वारा हरियाणा सरकार से बातचीत करके मांगी हुई मांगों को लागू नहीं करते हैं तो 26 जून को पूरे प्रदेश का रोडवेज कर्मचारी आम जनता, युवा, नौजवान, छात्र, किसान, महिला, पुरुष, बुजुर्ग सभी को साथ लेकर एक दिन का चक्का जाम कर हड़ताल करके विरोध जताते हुए बीजेपी की सरकार को कुंभकर्णी नींद से जगाने का काम करेगा। स्थानांतरण पॉलिसी पूर्ण रूप से वापिस हो। आपसी मेल मिलाप के स्थानांतरण को प्राथमिकता दी जाए ,सभी रोडवेज कर्मचारियों को छुट्टियों का लाभ पुरानी नीति की तरह लागू किया जाए, 2019 से 2022 ब्लाक की एलटीसी का लाभ दिया जाए, कर्मशाला कर्मचारियों को तकनीकी वेतनमान का लाभ दिया जाए, 1992 से 2000 तक के चालकों को सीनियर जूनियर का मामला दूर कर वेतन विसंगति दूर की जाए आदि मांगें हैं। प्रदर्शन के दौरान में हिम्मत राणा,बलजीत सिंह, प्रदीप हुड्डा, राजीव, जयबीर फौजी रणबीर दहिया, सुरेंद्र दलाल, पंकज, नवीन, अशोक चमारीयां, राहुल, राजेश, सुरेंद्र दांगी, प्रहलाद सिंह आदि सैकड़ों कर्मियों ने भाग लिया।

मोदी सरकार के कार्यकाल के नौ साल पूरे

# सभी राज्यों में प्रेस कांफ्रेंस करके बताई सरकार की उपलब्धियां

**एजेंसी।** नई दिल्ली







सोमवार को मोदी सरकार के नौ साल पूरे हो गए। इस अवसर पर भाजपा ने देशभर के सभी राज्यों में एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सरकार की उपलब्धिंया गिनाईं। भाजपा शासित राज्यों में मुख्यमंत्रियों के साथ केंद्रीय मंत्री इसमें शामिल रहे। जहां भाजपा की सरकार नहीं है, वहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केंद्र सरकार के मंत्रियों के साथ प्रेस को संबोधित करते दिखाई दिए। इससे पहले रविवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें 2024 के लोकसभा चुनाव पर व्यापक चर्चा हुई।

भाजपा 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इसके तहत भाजपा जनता से संपर्क करने के लिए कई तरह के कार्यक्रम करेगी। बैठक में गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल हुए। इसके साथ ही यूपी के सीएम योगी, उत्तराखंड के सीएम धामी, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, नगालैंड के डिप्टी सीएम पैटन, एमपी के सीएम शिवराज सिंह चौहान पहुंचे। मीटिंग के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा- भाजपा के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों के साथ रचनात्मक बैठक की। हमने विकास में तेजी लाने और अपने नागरिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने बैठक के दौरान अपने मन की बातें भी बताईं।

# जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** जम्मू



जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के एक गांव में सुरक्षा बलों ने कुछ संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों के बारे में गुप्त सूचना मिलने के आधार पर सोमवार को वहां तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पुरानी गांव के एक निवासी ने तड़के कम से कम तीन संदिग्ध लोगों की गतिविधि देखी थी और यह सूचना पुलिस के साथ साझा की थी। अधिकारियों ने कहा कि सेना एवं केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ पुलिस ने तुरंत इलाके की घेराबंदी कर ली और घर-घर जाकर तलाशी ली लेकिन उन्हें कोई संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला।

स्थानीय निवासियों का दावा है कि एक पखवाड़े में यह दूसरी बार है, जब ग्रामीणों ने रात के अंधेरे में संदिग्ध लोगों की गतिविधि देखी है। उन्होंने सुरक्षा के लिए गांव में एक स्थाई सुरक्षा चौकी की भी मांग की।

# सरकार चुनावी गारंटी को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध : डिप्टी सीएम

## राज्य में एक जिम्मेदार सरकार है और वह लोगों से किए अपने वादों को पूरा करेगी

**एजेंसी।** बेंगलुरु



**कर्नाटक** के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने सोमवार को कहा कि राज्य में एक जिम्मेदार सरकार है, जो विधानसभा चुनाव से पहले लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा करेगी और उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। शिवकुमार ने इन गारंटी को लागू करने की कोई समय सीमा नहीं बताई, लेकिन कहा कि एक जून को होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में इन्हें पूरा करने पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा, एक जून को कैबिनेट की बैठक होनी है। मुख्यमंत्री के पास वित्त विभाग का भी प्रभार है। वह अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे और मंत्रिमंडल में प्रासंगिक जानकारी देंगे। हम अपना वादा पूरा करेंगे। हमें व्यवस्थित तरीके से ऐसा करना होगा और इसकी तैयारी जारी है। शिवकुमार ने यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य में एक जिम्मेदार सरकार है और वह लोगों से किए अपने वादों को पूरा करेगी तथा उन्हें चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्रियों को अपने-अपने विभागों की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है और वह एवं अन्य सभी मंत्री अपना काम शुरू करेंगे।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने 24 नए मंत्रियों को शामिल कर शनिवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया था। उन्होंने रविवार देर रात अपने मंत्रिमंडल में मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया। राज्य में विपक्षी दल और विभिन्न वर्गों के लोग कांग्रेस की सरकार पर अपनी पांच चुनावी गारंटी को पूरा करने का दबाव बना रहे हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में पांच गारंटी लागू करने का वादा किया था।

इन वादों में गृह ज्योति (सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली), गृह लक्ष्मी (हर परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपये मासिक सहायता), अन्न भाग्य (गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवार के प्रत्एक सदस्य को 10 किलोग्राम मुफ्त चावल), युवा निधि (18 से 25 वर्ष के आयु वर्ग में बेरोजगार स्नातक युवाओं को दो साल तक हर महीने 3,000 रुपये और बेरोजगार डिप्लोमा धारकों को 1500 रुपये की सहायता) और शक्ति (सार्वजनिक बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा) शामिल हैं।

## भिंड में एहतियातन उतरा वायुसेना का विमान कोई हताहत नहीं

**भिंड।** भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के अपाचे हेलीकॉप्टर को सोमवार को मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एहतियातन उतारा गया। वायुसेना के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। दिल्ली में वायुसेना के प्रवक्ता ने बताया, विमान सामान्य रूप से दैनिक प्रशिक्षण अभियान पर था। पायलट ने एहतियात के तौर पर विमान को नीचे उतारा था। अधिकारियों ने बताया कि विमान को एहतियातन उतारे जाने का मतलब है, उसमें कुछ मामूली दिक्कतें हो सकती हैं, जिसके कारण विमान को उतारा गया। वायुसेना के प्रवक्ता ने कहा कि घटना सुबह करीब पौने नौ बजे हुई। उन्होंने कहा कि इस घटना में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि विमान की अभी जांच की जा रही है। इससे पूर्व चंबल जोन के पुलिस महानिरीक्षक एस. सक्सेना ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया, मुझे जानकारी मिली है कि विमान को आपात स्थिति में उतारे जाने के दौरान कोई हताहत नहीं हुआ है। सोशल मीडिया मंचों पर कुछ वीडियो हैं और वीडियो में कई लोग विमान के पास जमा नजर आ रहे हैं।

# नाबालिग लड़की की सड़क पर सरेआम हत्या, प्रेमी ने चाकू से 30 बार किए वार

## 6 बार सिर पर पत्थर पटका, मरने तक मौके पर डटा रहा

### वारदात के दौरान कोई भी नहीं आया छुड़ाने

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दिल्ली** में लड़की की चाकू से गोदकर हत्या करने वाले आरोपी साहिल (20) को पुलिस ने सोमवार दोपहर तीन बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने साहिल को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया है। साहिल ने शाहबाद डेयरी इलाके में रविवार शाम 16 साल की साक्षी की सरेराह हत्या कर दी थी। साक्षी को 30 से ज्यादा बार चाकू मारे गए थे। साहिल ने 6 बार उसके सिर पर पत्थर भी पटका था। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया। पुलिस के मुताबिक, दोनों रिलेशनशिप में थे, लेकिन शनिवार को किसी बात पर दोनों का झगड़ा हो गया था।

पुलिस ने बताया- एक व्यक्ति ने लड़की की हत्या की जानकारी दी। पुलिस टीम को साक्षी का शव सड़क पर मिला। वह जेजे कॉलोनी की रहने वाली थी। जब वह रविवार शाम बर्थडे पार्टी में जा रही थी, तब अचानक साहिल ने उसे रोका और हमला कर दिया। पहले चाकू से वार किए। इसके बाद पत्थर पटका। उसके सड़क पर गिरने के बाद लगातार लात से मारता रहा। दिल्ली डिप्टी पुलिस कमिश्नर सुमन नलवा के मुताबिक, लड़की के शव का पोस्टमॉर्टम जारी है। उसके शरीर पर कई चोटें थीं।

घटना की जानकारी मिलते ही सीएम केजरीवाल ने सीसीटीवी फुटेज ट्वीट करते हुए लिखा- दिल्ली में खुलेआम एक नाबालिग बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी जाती है। ये बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं, पुलिस का कोई डर नहीं है। एलजी साहब, कानून व्यवस्था आपकी जिम्मेदारी है, कुछ कीजिए। दिल्ली के लोगों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।

वहीं, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा- दिल्ली में दरिंदों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस को नोटिस जारी कर रहे हैं। सब हदें पार हो गई हैं। मैंने अपने इतने सालों के कॅरियर में इससे ज्यादा भयानक कुछ नहीं देखा। लड़की के पिता की शिकायत के आधार पर शाहबाद डेयरी थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# अगले महीने विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हो सकती हैं ममता बनर्जी

**एजेंसी।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी अगले महीने बिहार में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हो सकती हैं। पार्टी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) की बैठक से मिले संकेतों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोधी दलों की बहुप्रतीक्षित बैठक 12 जून को पटना में हो सकती है। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, ममता बनर्जी के अगले महीने बिहार में विपक्षी दलों की बैठक में शामिल होने की संभावना है। वह 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में विपक्षी एकता बनाने और इसे मजबूत करने को लेकर अपने विचार साझा करेंगी।

पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक आयोजित करने का विचार बनर्जी ने दिया था, जिन्होंने पिछले महीने कोलकाता में कुमार से मुलाकात की थी। इस महीने की शुरुआत में कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत के बाद बनर्जी ने कहा था कि तृणमूल 2024 के लोकसभा चुनाव में उन राज्यों में पार्टी का समर्थन करेगी, जहां वे मजबूत हैं। तृणमूल सुप्रीमो ने यह उम्मीद भी जताई थी कि सीट के बंटवारे में उन क्षेत्रीय दलों को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां वे मजबूत हैं।

जद (यू) के वरिष्ठ नेता नीतीश पिछले साल अगस्त में भाजपा से नाता तोड़ने के बाद से विपक्षी एकता का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा पर उनकी पार्टी में दरार डालने और उनका कद कम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। कुमार विपक्ष को एकजुट करने के अपने प्रयासों के तहत अभी तक उद्धव ठाकरे तथा शरद पवार जैसे कांग्रेस के सहयोगियों के अलावा तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव जैसे प्रतिद्वंद्वियों के साथ भी चर्चा कर चुके हैं।

# प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने नए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ली

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को सोमवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) पद की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति भवन से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। श्रीवास्तव, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के पद पर सुरेश एनपटेल का कार्यकाल पूरा होने के बाद पिछले साल दिसंबर से कार्यवाहक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) के तौर पर काम कर रहे थे।

बयान में कहा गया है, सुबह साढ़े दस बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रवीण श्रीवास्तव ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के तौर पर शपथ ली। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष पद और गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त का एक पद रिक्त है। फिलहाल निकाय में पूर्व खुफिया ब्यूरो प्रमुख अरविंद कुमार एकमात्र सतर्कता आयुक्त हैं। श्रीवास्तव, असम-मेघालय कैडर के 1988-बैच (सेवानिवृत्त) के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी हैं। वह पिछले साल 31 जनवरी को सचिव (समन्वय), कैबिनेट सचिवालय के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। गृह मंत्रालय में विशेष सचिव और अतिरिक्त सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के कैडर प्रबंधन, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और केंद्र शासित प्रदेशों के कर्मियों और सामान्य प्रशासन से संबंधित मामलों का प्रबंधन किया था। केंद्रीय सर्तकता आयुक्त और सतर्कता आयुक्त का कार्यकाल चार वर्ष या पदधारी व्यक्ति के 65 वर्ष की आयु पूरा होने तक का होता है।

## बस में महिला के साथ फिर हुई अश्लील हरकत

**कन्नूर।** केरल के एर्नाकुलम में एक पखवाड़े से भी कम समय के भीतर बस में एक महिला के साथ अश्लील हरकत किए जाने का दूसरा मामला सामने आया है। करीब पंद्रह दिन पहले एक व्यक्ति को बस में अश्लील हरकत करते हुए पकड़ा गया था। अब इस तटीय जिले में पय्यनूर के निकट इसी प्रकार की दूसरी घटना सामने आई है। घटना का वीडियो सार्वजनिक हुआ है। रविवार को एक महिला पय्यनूर के निकट चेरूपुझा में केरल राज्य परिवहन निगम की बस में सवार हुई। बस में एक व्यक्ति नीले रंग की टीशर्ट और सफेद रंग की धोती पहने तथा काला मास्क लगाए समाचार पत्र पढ़ रहा था। उस व्यक्ति के अलावा बस में कोई और नहीं था। सोशल मीडिया में सार्वजनिक वीडियो में दिखाई दे रहा है कि महिला के बस में सवार होने के बाद व्यक्ति ने अश्लील हरकत शुरू कर दी। इसके बाद व्यक्ति उठा और बस से उतर गया, जिनकी पहचान नहीं हुई है।

# पुराना पटना कलेक्ट्रेट ढहाना गलत था संरक्षित करना चाहिए था: भाजपा सांसद

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**बिहार** से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि नए परिसर के निर्माण के वास्ते बरसों पुराने पटना कलेक्ट्रेट को ढहा देना एक गलती थी और ऐसा करने के बजाय इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जाना चाहिए था। लोकसभा के सदस्य सिंह ने नए संसद भवन का उदाहरण देते हुए कहा कि बिहार की नीतीश कुमार सरकार पुराने धरोहर ढांचे को संरक्षित करते हुए नए पटना कलेक्ट्रेट परिसर का निर्माण कहीं और करा सकती थी। नए संसद भवन का निर्माण पुरानी संसद इमारत को नुकसान पहुंचाए बिना किया गया है।

औरंगाबाद से चार बार के सांसद सिंह ने रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन में शामिल होने के बाद यह टिप्पणी की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन का उद्घाटन किया था। इस समारोह का नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड सहित कई विपक्षी दलों ने बहिष्कार किया था।

दरअसल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा था कि नए संसद भवन की कोई आवश्यकता नहीं थी। साथ ही उन्होंने पूरे कार्यक्रम को इतिहास को उन लोगों द्वारा बदले जाने की कोशिश करार दिया, जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए हुए संघर्ष में कोई योगदान नहीं दिया।

# मणिपुर का चार दिवसीय दौरा करेंगे अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को चार दिवसीय यात्रा पर मणिपुर जाएंगे। इस दौरान वह राज्य की स्थिति का आकलन करने और सामान्य स्थिति बहाल करने को लेकर योजना बनाने के लिए सुरक्षा संबंधी बैठक करेंगे। मणिपुर में तीन मई को शुरू हुए जातीय संघर्ष के बाद शाह का इस पूर्वोत्तर राज्य का यह पहला दौरा है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री 29 मई से एक जून तक राज्य में रहेंगे। वह आज शाम इम्फाल पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि शाह स्थिति का आकलन करने और सामान्य स्थिति बहाल करने के वास्ते आगे की कार्वाई को लेकर योजना बनाने के लिए सुरक्षा बैठकें करेंगे। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इंफाल में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि जारी संकट का समाधान करने के लिए शाह 29 मई को मणिपुर पहुंच गए।

## चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक हुई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस साल के आखिर में होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पार्टी के राज्य प्रभारी जयप्रकाश अग्रवाल समेत कई नेता यहां आए थे।

# पूर्वोत्तर के लिए रेलवे बजट बढ़ाया परियोजनाओं में तेजी लाएं : वैष्णव

**एजेंसी।** गुवाहाटी



**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि 2014 से पहले पूर्वोत्तर के मद में रेलवे का आवंटन 2000 करोड़ रुपये था लेकिन नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में यह बढ़कर 10200 करोड़ रुपये हो गया है, जिससे क्षेत्र में परियोजनाओं को पूरा करने में तेजी आई है। सेमी-हाई स्पीड गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुडी वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत से पहले गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जून तक उन सभी राज्यों में जहां विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो गया है, वहां वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने जारी एक बयान में कहा कि असम में गुवाहाटी और पश्चिम बंगाल में न्यू जलपाईगुड़ी को जोड़ने वाली इस ट्रेन से दोनों स्थानों के बीच मौजूदा सबसे तीव्र ट्रेन की तुलना में यात्रा के समय में करीब एक घंटे की बचत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नर्मदा नदी में तीन लोगों की डूबने से मौत

**सीहोर।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में सोमवार को नर्मदा नदी में नहाने गए तीन लोगों की डूबने से मौत हो गई। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। बुधनी के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) शशांक गुर्जर ने बताया कि घटना बुधनी विधानसभा क्षेत्र के जहाजपुरा गांव में सुबह करीब 10 बजे हुई। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान सौरभ नागर (26), प्रियांशु नागर (19) एवं हर्ष नागर (19) के रूप में हुई है। गुर्जर ने बताया कि ए तीनों माथनी गांव से नर्मदा नदी में नहाने के लिए गए थे, जहां डूबने से इनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शवों को बाहर निकाला गया।

### देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 4709 हुई

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के 310 नए मामले सामने आए हैं जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या 4972 से घटकर 4709 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से दो लोगों की मृत्यु होने से मृतक संख्या बढ़कर 531866 हो गई है। मंत्रालय ने बताया कि संक्रमितों की संख्या 4.49 करोड़ (4,49,90,054) दर्ज की गई। उपचाराधीन मरीजों की संख्या कुल संक्रमितों का 0.01 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से ठीक होने की राष्ट्रीय दर 98.80 प्रतिशत है। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,44,53,479 हो गई है और मृत्यु दर 1.18 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में कोविड-19 रोधी टीके की अब तक 220.66 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी-एनजेपी वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई

**एजेंसी।** नई दिल्ली






**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गुवाहाटी से पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जाने वाली पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को सोमवार को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रधानमंत्री ने स्क्रीन पर प्रतीकात्मक रूप से हरी झंडी दिखा कर गुवाहाटी स्टेशन से ट्रेन रवाना की, जहां रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस पूर्वोत्तर में पर्यटन, शिक्षा, व्यापार एवं रोजगार को बढ़ावा देगी। गुवाहाटी एवं न्यू जलपाईगुड़ी (एनजेपी) के बीच चलाई गई अर्द्ध उच्च गति की यह ट्रेन असम एवं पश्चिम बंगाल के बीच संपर्क सेवा को मजबूत करेगी।

मोदी ने कहा कि पिछले नौ साल में रेलवे नेटवर्क से जुड़े सभी राज्यों के साथ पूर्वोत्तर भारत ने ढांचागत विकास देखा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ढांचागत विकास बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए है, जो असल सामाजिक न्याय एवं धर्मनिरपेक्षता को दिखाता है। यह अत्याधुनिक ट्रेन क्षेत्र के लोगों को तेज गति और आराम के साथ यात्रा करने का साधन प्रदान करेगी और इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। वंदे भारत एक्सप्रेस यात्रा को पांच घंटे 30 मिनट में तय करेगी, जबकि इस मार्ग पर वर्तमान सबसे तेज ट्रेन उसी यात्रा को तय करने में छह घंटे 30 मिनट का समय लेती है। प्रधानमंत्री ने 182 किलोमीटर लंबे मार्ग के नए विद्युतीकृत खंडों को भी राष्ट्र को समर्पित किया और असम के लुमडिंग में नवनिर्मित डेमूमेमू शेड का भी उद्घाटन किया।

# भंगेल एलिवेटेड निर्माण की लागत 33 प्रतिशत बढ़ी

## एक साल से धीमी गति से चल रहा है प्रोजेक्ट, आईआईटी दिल्ली करेगी जांच

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** और ग्रेटर नोएडा के बीच ट्रैफिक जाम खत्म करने के लिए डीएससी (दादरी-सूरजपुर-छलेरा) रोड पर बन रहे भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण चल रहा है।

पिछले करीब एक साल से यह प्रोजेक्ट बहुत धीमा चल रहा है। अब निर्माण कर रही कंपनी नोएडा प्राधिकरण से अतिरिक्त पैसा मांग रही है। कंपनी का दावा है कि लगत बढ़ गई है। यह प्रोजेक्ट अथॉरिटी के लिए सिरदर्द बन चुका है।

अब अतिरिक्त लागत को लेकर आईआईटी दिल्ली से जांच कराई जाएगी। अगर आईआईटी अतिरिक्त लागत को जायज ठहराता है तो नोएडा प्राधिकरण इसको मंजूर करने को लेकर विचार करेगा। भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण करने के लिए अथॉरिटी ने साल 2020 में ठेका निकाला था। निर्माण कर रही कंपनी ने सबसे काम कीमत लगाकर यह ठेका हासिल कर लिया।

कंपनी ने 468 करोड़ रुपये में एलिवेटेड रोड बनाने के लिए बिडिंग की थी। जिसके चलते कई बढ़ी कंपनियां दौड़ से बाहर हो गई थीं। निर्माण आठ जून 2020 में शुरू हुआ था। एलिवेटेड रोड के निर्माण का जिम्मा उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड के पास है। अब तक निर्माण पूरा हो जाना चाहिए था। पिछले करीब एक साल से कंस्ट्रक्शन की रफ्तार बेहद धीमी है।

अब कंस्ट्रक्शन एजेंसी ने नोएडा अथॉरिटी को पत्र लिखा है, जिसमें कहा गया है कि पिछले दो वर्षों में निर्माण सामग्री की कीमतें बहुत तेजी से बढ़ गई हैं। अब टेंडर में तय लागत 468 करोड़ रुपये में एलिवेटेड रोड का निर्माण पूरा करना संभव नहीं है।

एजेंसी ने करीब 150 करोड़ रुपये अतिरिक्त लागत बढ़ाने की मांग की है। मतलब, साफ है कि पिछले दो वर्षों में इस परियोजना की लागत करीब 33 प्रतिशत बढ़ गई है। एजेंसी के पत्र पर सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने संज्ञान लिया है।

उन्होंने प्रोजेक्ट डिपार्टमेंट को आदेश दिया है कि एजेंसी के दावों का सत्यापन करवाया जाए। इसके लिए आईआईटी दिल्ली से मदद ली जाए। अगर आईआईटी दिल्ली एजेंसी के तर्कों से सहमत हो जाती है तो बजट बढ़ने पर विकास प्राधिकरण विचार करेगा। डीएससी रोड नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच आवागमन का महत्वपूर्ण और सबसे पुराना रास्ता है। पिछले दो वर्षों से इस मार्ग पर एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। इस कारण यह रास्ता बंद पड़ा हुआ है। लाखों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

भंगेल, बरौला और आसपास के सेक्टरों में व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव है। पिछले दिनों जिलाधिकारी के साथ व्यापारियों की बैठक हुई।

व्यापारियों ने एलिवेटेड रोड का निर्माण ठप पड़ने का मुद्दा उठाया। दूसरी ओर इस पूरे इलाके में दो वर्षों से ट्रैफिक डायवर्जन लागू है।

रोजाना बड़ी संख्या में निवासियों को लंबी दूरी तय करके नोएडा और ग्रेटर के बीच आवागमन करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि जिस गति से एलिवेटेड रोड का निर्माण चल रहा है, उसे देखकर लगता है कि अगले एक साल में भी काम पूरा नहीं हो पाएगा।

## इंजीनियर ने मेट्रो के आगे कूदकर दी जान

**नोएडा।** सेक्टर-34 मेट्रो स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सेक्टर-24 कोतवाली पुलिस पुलिस के मुताबिक भदोही के प्रशांत दीक्षित सेक्टर-74 स्थित अजनारा सोसायटी में रहते थे।

वर्ष 2017 में मुंबई से बैचलर आफ इंजीनियरिंग का कोर्स किया हुआ था। वह नौकरी की तलाश में काफी दिनों से परेशान थे। वह नौकरी की तलाश में घर से निकले थे। वापस आते समय सेक्टर-34 मेट्रो स्टेशन पर एक मेट्रो से उतर कर प्लेटफार्म पर खड़े होकर दूसरे मेट्रो का इंतजार करने लगे। सीसीटीवी फुटेज में परेशान से दिख रहे थे। घड़ी को बार-बार देख रहे थे। दूसरी मेट्रो के आते उसके सामने अचानक छलांग लगा दी। जानकारी होने पर स्टेशन पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआइएसएफ के जवानों द्वारा जब बाहर निकाला तो प्रशांत के सिर में गंभीर चोटें आई थी। इलाज के लिए स जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने प्रशांत दीक्षित को मृत घोषित कर दिया।

## देह व्यापार कराने का आरोपी स्पा सेंटर का मालिक गिरफ्तार

पैसेफिक मॉल मामला

● छापेमारी में 99 युवक-युवती पकड़े गए थे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पैसेफिक मॉल के अंदर स्वाधिका स्पा सेंटर में देह व्यापार कराने के आरोप में 20 हजार के इनामी वांछित मालिक सुधीर यादव उर्फ दीपक रविवार सुबह गिरफ्तार हो गया। पुलिस ने उसे रेलवे रोड चौकी क्षेत्र में साहिबाबाद डिपो से पकड़ा। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन विवेक यादव ने बताया कि स्पा सेंटरों के फरार मालिक व संचालकों की तलाश में पुलिस टीम जगह.जगह दबिश दे रही थे।

स्वाधिका स्पा सेंटर का मालिक दीपक किसी काम से रेलवे रोड आने वाला है। पुलिस टीम ने उसे दबोचने के लिए जाल बिछा दिया। काफी देर बाद पुलिस को उसे पकड़ने में सफलता मिली। पुलिस ने उससे पूछताछ की जिसमें उसने बताया कि वह एक महीने से पैसेफिक मॉल में स्पा सेंटर चला रहा था। पुलिस और लोगों से अपनी पहचान छुपाने के लिए उसने अपना नाम दीपक रखा लिया था जबकि वह सुधीर यादव और अभयखंड.एक में रहता है।

आरोपी ने खुद का पता दिल्ली बताया हुआ था। 24 मई की शाम डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन के निर्देश पर एसीपी साहिबाबाद भास्कर वर्मा के नेतृत्व में टीम ने छापे की कार्रवाई कर आठ स्पा सेंटरों में देह व्यापार का भंडाफोड़ किया था।

इस मामले में लिंक रोड थाना पुलिस ने संचालकए मालिक और मैनेजर व स्टाफ समेत 53 लोगों के खिलाफविभिन्न धारा में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपियों के भागने के बाद डीसीपी ने टीम को संभावित जगह पर दबिश देने के निर्देश दिए।

## फर्जी निकला हैड मास्टर के खिलाफ दर्ज मुकदमा

● 12वीं कक्षा की मार्कशीट व अन्य दस्तावेज नकली निकले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**फर्जी** मार्कशीट व दस्तावेजों के आधार पर सरकारी अध्यापक की नौकरी पाने वाले जालसाज के खिलाफ थाना जारचा में मुकदमा दर्ज कराया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधान अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने पटाडी गांव स्थित प्राइमरी स्कूल के प्रधान अध्यापक जोगिंदर सिंह के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी नौकरी पाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में उन्होंने बताया कि ग्राम रानोली लतीफ पुर निवासी जोगिंदर सिंह के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त किए जाने की शिकायत मिली थी। शिकायत के आधार पर विभाग द्वारा जब गोपनीय जांच कराई गई तो यह शिकायत सही मिली। आरोपी जोगिंदर सिंह ने 12वीं कक्षा की मार्कशीट व अन्य दस्तावेज फर्जी लगाए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। आपको बता दें कि मेरठ में रहने वाले मनोज कुमार ने फरवरी में चार शिक्षकों की शिकायत की थी।

मनोज कुमार ने शिकायती पत्र में चारों शिक्षकों के शैक्षिक दस्तावेज की जांच कराने की मांग की थी। सहायक मंडलीय शिक्षा निदेशक एडी बेसिक मेरठ दिनेश कुमार यादव ने गौतमबुद्ध नगर की बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी को जांच करके कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया था।

शिकायत मिलने पर मेरठ बोर्ड कार्यालय से जोगेंद्र सिंह के शैक्षिक दस्तावेजों की जांच कराई गई। मेरठ बोर्ड कार्यालय की ओर से 17 अप्रैल को जोगेंद्र सिंह की 12वीं की फर्जी मार्कशीट की जानकारी विभाग को प्राप्त हुई। विभाग की ओर से अन्य कानूनी कार्रवाई पूरी होने के बाद 12 मई को जोगेंद्र सिंह की सेवा समाप्त कर दी गई।

## नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**नोएडा।** थाना फेस-3 के ग्राम गढ़ी चौखंडी में किराए पर रह रही एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का पति बीमारी की वजह से उसकी मौत होना बता रहा है।

मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मूल रूप से जनपद सीतापुर निवासी सचिन अपनी पत्नी रेनू के साथ गांव गढ़ी चौखंडी में महेश यादव के मकान में किराए पर रह रहा है। रविवार को उसकी पत्नी रेनू की अचानक तबीयत खराब हुई। घर पर खून की उल्टी होने की वजह से रेनू बेहोश हो गई। गंभीर हालत में सचिन उसे अस्पताल लेकर पहुंचा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सचिन ने चिकित्सकों को बताया कि रेनू घर में कोई दवा खा ली जिसके बाद उसे खून की उल्टी हुई। थाना फेस-3 प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कारोबारी मुकेश की हत्या के मामले में आरोपियों को शरण देने वाले धरे

● पुलिस चौकी सामने हुआ था हत्याकांड

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मुकेश गोयल की हत्या को अंजाम देने वाले बदमाश को शरण देने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अभी तक हत्या करने वाले बदमाशों को पकड़ने में नाकाम रही है। जिस कारण लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।


बता दें कि गत 23 मई को रेलवे रोड पुलिस चौकी के सामने बुलेट सवार बदमाशों ने दुकान में घुसकर गोली मारकर व्यापारी मुकेश गोयल की हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक के पुत्र अनिमेष ने अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि व्यापारी मुकेश गोयल की हत्या मकान के 15 लाख रुपये के विवाद को लेकर विशाल चौधरी उर्फ मोनू ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी। विशाल चौधरी उर्फ मोनू पर एक अप्रैल को उखालरसी कॉलोनी में हुई ठेकेदार नवीन भारद्वाज की हत्या का भी आरोप है।

ज्ञात हो कि 54 दिन के अंदर बदमाश विशाल चौधरी ने दो हत्या करके पुलिस को खुली चुनौती दी है।

## प्रेमिका का गला घोंटा फिर खुद दे दी जान

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

● युवती की शादी कहीं और हो जाने से था खफा, होटल में बुलाकर किया कत्ल



**गाजियाबाद** के मोदीनगर स्थित होटल में शादीशुदा प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या करने वाला बॉयफ्रेंड उससे शादी करना चाहता था। लेकिन गांव की रिश्तेदारी होने की वजह से दोनों शादी नहीं कर पाए। प्रेमिका की शादी कहीं और हो जाने पर अब वो मिलने से मना कर रही थी। यही बात दोस्त को नागवार गुजरी। उसने प्रेमिका को होटल में बुलाकर पहले उसकी हत्या की। फिर खुद जान दे दी।

मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद स्थित होटल में प्रेमी युगल की लाश मिली। इनकी पहचान मधु 22 वर्ष निवासी हापुड़ और हिमांशु 21 साल निवासी मेरठ के रूप में हुई। मधु की लाश बेड पर पड़ी थी और हिमांशु की लाश पंखे से फंदे के सहारे लटकी हुई थी। हिमांशु मेरठ के एक कॉलेज से पढ़ाई कर रहा था। पता चला है कि मधु की शादी करीब दो साल पहले रिंकू नामक युवक से हुई थी। शादी के करीब 6 महीने बाद ही रिंकू की सड़क हादसे में मौत हो गई। इसके बाद हिमांशु और मधु की प्रेम कहानी शुरू हुई। दोनों अक्सर मिलते-जुलते रहे। फैमिली को ये बात पता चली तो हिमांशु और मधु ने एक-दूसरे से शादी करने की हामी भर दी। लेकिन परिजनों को ये रिश्ता मंजूर नहीं था। उसकी वजह ये थी कि हिमांशु, मधु के गांव का भांजा लगता था। आपस में रिश्तेदारियां होने की वजह से परिजनों ने रिश्ते की हामी नहीं भरी। आखिरकार 3 मार्च 2023 को मधु की दूसरी शादी मोदीनगर में मंगल विहार निवासी मोहित से हो गई। मोहित शेफ है। दूसरी शादी होने के बाद मधु ने बॉयफ्रेंड हिमांशु से दूरियां बनानी शुरू कर दी।

## किसान पंचायत में उठेगा पहलवानों का मुद्दा

● 1 जून को टप्पल, 11 को भाजू में बड़े आंदोलन की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



महिला पहलवानों के समर्थन में यूपी-दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर रविवार को इकट्ठा हुए किसान और राकेश टिकैत भले ही 7 घंटे में वहां से हट गए हों, लेकिन उन्होंने इस बहाने आंदोलन की नई चिंगारी को हवा दे दी है। किसानों के बड़े नेता राकेश टिकैत ने साफ तौर पर कह दिया है कि अब पहलवानों का मुद्दा हमारा मुद्दा है। जहां-जहां भारतीय किसान यूनियन की बैठक/पंचायतें होंगी, वहां-वहां इस मुद्दे पर भी जोर.शोर से चर्चा होगी।

एक जून को अलीगढ़ के टप्पल और 11 जून को शामली जिले के गांव भाजू में किसान पंचायत होगी। गाजीपुर बॉर्डर से लौटते वक्त टिकैत ने ये भी कह दिया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। वैसे तो सामान्य चुनाव मई-24 में निर्धारित हैं, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि ये चुनाव निर्धारित वक्त से पहले कराए जा सकते हैं। इधर, 3 नवंबर 2024 को ही हरियाणा सरकार का कार्यकाल पूरा हो रहा है। यानि 2024 में ही हरियाणा असेंबली के भी चुनाव होंगे। इन सबसे पहले मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं। यानि साल 2023 और 2024 इलेक्शन के नाम है। ऐसे में किसान संगठन भी चाहते हैं कि वे चुनाव के बहाने अपने मुद्दों को गरमाए रखें।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा, ज्यादातर किसान संगठनों को मिलाकर संयुक्त किसान मोर्चा बना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी की सदस्यता रद्द कर उन्हें जेल भेजा जाए।

## संक्षिप्त समाचार



चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी पुलिस गिरफ्त में।

### चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी गिरफ्तार

**नोएडा।** शहर में आए दिन बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा अनेकों अभियान चलाए जा रहे है। इसी के चलते थाना दादरी पुलिस द्वारा एक बड़ी कामयाबी हासिल की गई है। पुलिस ने चोरी के माल को सस्ते दामों में खरीद कर महंगे दामों में बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किये गये सामान के साथ 1 लाख 22 हजार रुपये नगद बरामद किए है। थाना दादरी पुलिस ने चोरी किए गए माल को सस्ते दामों में खरीदकर महंगे दामों में बेचने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी कबाड़ी की दुकान चलाता है। आरोपी अबरार अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी किए गए माल को खरीदकर महंगे दामों में बेचते थे। जिससे कमाया गया मुनाफा दोनों आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने आरोपी अबरार पुत्र अनवर को पुलिस ने कबाडी की दुकान देशी ठेके के पास अजायबपुर रेलवे स्टेशन के पीछे से गिरफ्तार किया है।

### बदमाशों ने पूर्व सभासद का लूटा मोबाइल

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में दिल्ली मेरठ मार्ग पर पीबीएस इंटर कॉलेज के सामने देर रात को बाइक सवार तीन बदमाशों ने पूर्व सभासद का मोबाइल लूट लिया। पूर्व सभासद ने सात सौ मीटर पीछा करके बदमाशों को पकड़ लिया। बदमाशों ने तमंचे की बट मारकर पूर्व सभासद को घायल कर दिया। बदमाश अपनी बाइक व लूटा गया मोबाइल छोड़कर फरार हो गए। नगर की गुरुनानकपुरा कॉलोनी के राजकुमार खुराना पूर्व सभासद हैं। बताया जा रहा है कि रात को दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित एक होटल से खाना लेने के लिए गए थे। इसी बीच उनका फोन बज उठा। वह मोबाइल पर बात कर रहे थे तो इसी बीच बाइक सवार तीन युवक आए और उनके हाथ से मोबाइल लूटकर भागने लगे।

### पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हवन

**गाजियाबाद।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा कहे जाने वाले स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर रालोद नेताओं ने मेरठ तिराहा स्थित कार्यालय पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हवन पूजन का आयोजन किया। इस अवसर पर मौजूद रालोद नेताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अमित त्यागी, महानगर अध्यक्ष डॉ रेखा चौधरी, प्रदेश प्रवक्ता अजयवीर सिंह एडवोकेट, पूर्व राष्ट्रीय सचिव चौधरी तेजपाल सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष रविन्द्र चौहान, ओडी त्यागी, लोकेश चौधरी, भुपेन्द्र डबास, भुपेन्द्र बॉबी, विनोद गौतम, सुरेन्द्र चिकारा, यश तेवतिया आदि रालोद नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस ने वाहन चोरों का गैंग दबोचा



**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाने के एसएचओ चंद्रकांत पांडेय को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब चेकिंग के दौरान अंतर्राज्जीय स्तर पर वाहन चुराने वाले गैंग के तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस की पकड़ में आये बदमाशों के पास से विभिन्न थाना क्षेत्रों से चुराई गई चार बाइक व एक स्कूटी बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक गिरफ्त में आये चोरों के गैंग का सरगना अनस है और इसके अन्य दो साथियों के नाम गुडडू व पप्पू हैं। यह गैंग पहले रेकी करता है और मौका मिलते ही वाहन को चुराकर उडन् छू हो जाता। पुलिस के मुताबिक यह गैंग दिल्ली, यूपी व हरियाणा सहित कई प्रदेशों में वाहन चोरी की दर्जनों वारदातों को अंजाम दे चुका था।

## कार हटाने को लेकर विवाद दबंगों ने युवक को पीटा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**सूरजपुर** कस्बे में कार हटाने के विवाद में कुछ दबंगों ने एक डीड राइटर को जमकर पीटा। दबंगों के हमले से डीड राइटर लहूलुहान हो गया और उसने भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। जानकारी के मुताबिक विपिन कुमार शर्मा सूरजपुर कस्बे में अंबेडकर भवन के पास अपने परिवार सहित रहते हैं। सुबह वह अपने बड़े भाई के यहां एक धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए गए थे। गली में एक कार खड़ी देखकर उन्होंने हॉर्न बजाया। काफी देर तक हॉर्न बजाने के बावजूद कोई बाहर निकलकर नहीं आया। कुछ समय बाद एक युवक आया और उसने हॉर्न बजाने को लेकर विपिन कुमार के साथ अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। विपिन कुमार ने जब उसे गाड़ी हटाने को कहा तो उक्त युवक ने गाड़ी हटाने से इनकार कर दिया और विपिन कुमार के साथ हाथापाई शुरू कर दी। इस दौरान उक्त युवक के अन्य साथी भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने डीड राइटर विपिन कुमार शर्मा के साथ जमकर मारपीट की। दबंगों के इस हमले में डीड राइटर को गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गए। इस दौरान कार में बैठे डीड राइटर के पिता व उनकी पत्नी ने हमलावरो को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए मारपीट की। विपिन कुमार ने किसी तरह वहां से भाग कर अपनी जान बचाई और कोतवाली सूरजपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी हमलावरों के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कुछ युवकों के नाम प्रकाश में आये। पुलिस ने उनके घर पर दबिश दी लेकिन वहां ताला लगा हुआ मिला। थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। इस संबंध में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। घायल डीड राइटर विपिन कुमार की सूचना पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। डीड राइटर के साथ मारपीट होने की जानकारी मिलने पर उनके सहकर्मी भी थाने पहुंच गए और उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## इंदिरापुरम में संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र की बिहारी मार्केट के पास सड़क किनारे खड़ी कार में सोमवार सुबह युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शरीर पर पुलिस को कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, सोमवार तड़के सड़क किनारे खड़ी एक बलेनो कार में युवक के बड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कार खुली हुई थी। युवक चालक के बगल वाली सीट पर था। जबकि उसकी चप्पले चालक वाली सीट के नीचे थी। युवक की पहचान विडसर नोवा सोसायटी के अक्षत अग्रवाल के रूप में हुई है।

## शराब के ठेके पर सेंध लगाकर चोरी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

**मोदीनगर** में दिल्ली मेरठ मार्ग पर बह्मलोक कॉलोनी में देर रात बदमाशों ने शराब के ठेके की दुकान में सेंध लगाकर चोरी की। एक लाख रुपये की नगदी व शराब चोरी करके ले गए। चोरी की वारदात के समय ठेके के अंदर सेल्समैन सोता रहा। पुलिस जल्द घटना के खुलासे की बात कह रही है। जिला गौतमबुद्धनगर के दादरी निवासी अदिति गोयल का दिल्ली मेरठ मार्ग पर अम्बर सिनेमा से आगे बह्मलोक कॉलोनी में शराब का ठेका है। ठेके पर जिला बुलन्दशहर के स्याना रिनवासी आशीष सेल्समैन हैं। ठेके के पीछे खाली प्लॉट पड़ा हुआ है। देर रात को बदमाशों ने दुकान के पिछली दुकान में सेंध लगाया। इसके बाद बदमाश दुकान के अंदर घुस गए। बदमाशों ने गल्ले में रखे एक लाख रुपये की नगदी व सात शराब की बोतल चोरी करके ले गए। सुबह होने पर सेल्समैन आशीष को चोरी की बात का पता चला। पुलिस का कहना है कि जिस स्थान पर सेंध लगाया गया है। उसके आसपास शराब की पेटी रखी हुई है। केवल सेंध वाले स्थान पर पेटी नहीं लगी थी। इतना ही नहीं टूटी दीवार की डस्ट ठेके के भीतर की तरफ थी। जबकि दीवार में पीछे से सेंध लगाया गया। ऐसे में डस्ट प्लॉट की तरफ होनी चाहिए थी। ऐसे तमाम बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## राजधानी में एक और विश्वस्तरीय स्कूल खुला

### रिठाला में शिक्षा मंत्री ने किया राणा प्रताप राजकीय सर्वोदय कन्या/बाल विद्यालय का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



● चार मंजिला भवन में स्मार्ट क्लासरूम, 10 अत्याधुनिक लैब, 2 लाइब्रेरी, लिफ्ट समेत अन्य सुविधाएं

**केजरीवाल** सरकार ने सरकारी स्कूलों के भवन निजी स्कूलों से भी बेहतर बना रही है। ऐसा ही एक और रिठाला में राणा प्रताप राजकीय सर्वोदय कन्या/बाल विद्यालय शुरू किया है। इस स्कूल में 2 शिफ्ट में 5500 से ज्यादा बच्चे पढ़ सकेंगे।

नया भवन में अत्याधुनिक सुविधाओं वाले 50 क्लासरूम, 10 प्रयोगशाला, 2 पुस्तकालय, ऑफिस और स्टाफ रूम, एक्टिविटी रूम, छात्रों के लिए लिफ्ट और करीब 250 लोगों की क्षमता वाला वातानुकूलित मल्टी पर्पस हॉल है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने सोमवार को नई बिल्डिंग का उद्घाटन कर दिल्ली वालों को समर्पित किया। आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली सरकार स्कूल की ये नई बिल्डिंग निजी स्कूलों से भी शानदार है, जो हर तबके के बच्चों को विस्व स्तरीय शिक्षा मुहैया कराएगा। अकसर यह कहा जाता है कि इंसान का भाग्य उसके हाथ की लकीरों में लिखा हुआ है। अगर कोई बच्चा अमीर परिवार में पैदा होता है, जहां पर उसके माता पिता के पास महंगी निजी स्कूलों के फीस देने के पैसे है ऐसे में जब 3 साल के उम्र से उस बच्चे का दाखिला महंगे निजी स्कूल में होता है तो उसका भविष्य वहीं से तय हो जाता है लेकिन दूसरी ओर कोई गरीब परिवार का बच्चा है जिसके माता-पिता के पास निजी स्कूल में दाखिला कराने के पैसे नहीं है तो वह मजबूरी में सरकारी स्कूल में दाखिला कराते हैं।

अगर देश भर के सरकारी स्कूल का शिक्षा का डेटा देखे तो उससे साफ होता है कि ज्यादातर मौकों में अगर बच्चे ने सरकारी स्कूल में एडमिशन लिया तो वह 12 वीं की पढ़ाई पूरी करने से पहले ही पढ़ाई छोड़ देता है।

## मधुमेह के लिए शोध व परीक्षण पर जोर



**नई दिल्ली।** कम से कम 400 औषधीय पौधे ऐसे हैं जो रक्त में शर्करा के स्तर को कम करने में मददगार हो सकते हैं, लेकिन इनमें से अब तक केवल 21 पर ही गहन शोध किया गया है। शोधकर्ताओं ने 'ट्रीटमेंट इन नेचर्स लैप-यूज ऑफ हर्बल प्रोडक्ट्स इन मैनेजेमेंट ऑफ हाइपरग्लाइसीमिया' शीर्षक वाले इस अध्ययन में यह भी कहा कि (मधुमेह से निपटने संबंधी) 'कई एलोपैथिक दवाओं की पृष्ठभूमि जड़ी-बूटियों से जुड़ी है।' एमिल फार्मास्युटिकल्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. संचित शर्मा ने कहा, 'इनके अलावा प्रतिरोधक क्षमता व एंटी-ऑक्सीडेंट स्तर को बढ़ाने के लिए इसमें गिलोय और मजीठ जैसे पादप भी मिलाए गए हैं।' जवाहरलाल स्नातकोत्तर स्वास्थ्य शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान-पुडुचेरी और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-कल्याणी के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया यह अध्ययन हाल में 'वर्ल्ड जर्नल ऑफ डायबिटीज' में प्रकाशित हुआ है।

# 46 साल के बाद हुए जल सम्मेलन से हमें क्या मिला?



**बढ़ते जल संकट पर चर्चा करने के लिए करीब आधी सदी के बाद दुनिया एक बार फिर इकट्ठा हुई। लेकिन, इस संकट से निपटने के लिए संकल्प लेने के नाम पर पहले से चले आ रहे कामों को दोहरा भर दिया गया**

**1970** का दशक संयुक्त राष्ट्र के लिए यकीनन बेहद महत्वपूर्ण था। इस बहुपक्षीय संगठन ने इन सालों में 9 प्रमुख वैश्विक बैठकें आयोजित कीं, जिनमें से हर बैठक ने एक ऐसे उभरते हुए खतरे या अवसर की तरफ ध्यान खींचा, जिसके लिए पूरी धरती को एक साथ आने की जरूरत थी। यह कुछ ऐसा था, मानो दुनिया इन संकटों से कई फ्रंट पर लड़ने के लिए तैयार हो रही हो। इन सम्मेलनों में लगभग सभी देशों ने भाग लिया। वैश्विक तौर पर इसे मील के पत्थर के रूप में चिह्नित किया गया।

ये सम्मेलन पर्यावरण (1971 में स्टॉकहोम सम्मेलन), जनसंख्या और भोजन (दोनों 1974 में), महिलाओं (1975), मानव बस्ती (1976), पानी और रेगिस्तान (दोनों 1977 में), विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी (1979) और नए व नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर (1981) पर हुए थे। अगले चार दशकों में इन सम्मेलनों में से हर एक की वजह से विश्वव्यापी परिवर्तन हुए। इनके चलते कई ऐतिहासिक अधिवेशन और वैश्विक संधियां हुईं। इनमें से अधिकतर सम्मेलनों के बाद बैठकें की गईं, जिनमें उठाए गए कदमों के बारे में जानकारियां दी गईं और सभी देशों के संकल्प दोहराए गए।

लेकिन, 14-25 मार्च 1977 को अर्जेन्टीना स्थित मार डेल प्लाटा में पानी के लिए हुआ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन बाकी आयोजनों की तरह मील का पत्थर नहीं बन सका। इसे अनियमितताओं के लिए ज्यादा जाना गया। दूसरे सम्मेलनों के विपरीत इसे किसी भी सरकार की तरफ से शुरू नहीं किया गया था और किसी भी देश ने इसकी जिम्मेदारी नहीं ली। हालांकि, आखिर में 105 देशों की सरकारों ने इस बैठक में भाग लिया। संयुक्त राष्ट्र के रिकॉर्ड बताते हैं कि संस्था के राष्ट्रीय संसाधन, ऊर्जा और परिवहन केंद्र (अब निष्क्रिय) के तीन वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्मेलन की शुरुआत की और 1975 में कई देशों की सरकारों से बातचीत शुरू की, ताकि संयुक्त राष्ट्र महासभा से अनुमोदन हासिल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया जा सके। उसके बाद दुनिया को फॉलोअप बैठक के लिए 46 साल तक इंतजार करना पड़ा, जो इस साल 22-24 मार्च को संयुक्त राष्ट्र के जल सम्मेलन के तौर पर न्यूयॉर्क में आयोजित की गई।

हालिया सम्मेलन का आयोजन सतत विकास के लिए जल के अंतरराष्ट्रीय दशक (वाटर एक्शन डेकेड) के दौरान किया गया। हालांकि, इसका औपचारिक नाम जल और स्वच्छता पर कार्रवाई के लिए संयुक्त राष्ट्र दशक (2018-2028 के लिए संयुक्त राष्ट्र के सदस्य राज्यों और हितधारकों की स्वैच्छिक प्रतिबद्धताओं) के कार्यान्वयन की मध्यावधि व्यापक समीक्षा के लिए 2023 सम्मेलन है। यह नाम इसे विश्व सम्मेलन के तौर पर पहचान नहीं देता है।

**लंबे समय तक ठहरी रहीं कोशिशें**

1977 में हुए सम्मेलन को 20वीं सदी के अंत तक जल संकट से बचने की पहली कोशिश के तौर पर में पेश किया गया। इस सम्मेलन में खासतौर पर घोषणा की गई कि सभी लोगों को बुनियादी सुविधाओं की तरह ही पीने के पानी तक पहुंच का अधिकार है। इसके परिणामों को मार डेल प्लाटा एक्शन प्लान के रूप में जाना गया, जिसमें जल संसाधनों की स्थिति का बेहतर आकलन करने के साथ ही बेहतर व्यवस्था और तकनीक का विकास करने की बात भी कही गई, ताकि इंसानों और जैव विविधता के सतत उपयोग के लिए पानी का प्रबंधन किया जा सके और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के जरिए चुनौतियों से निपटा जा सके।

2023 में हुए सम्मेलन के उद्घाटन के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया को एक कड़वी हकीकत से रूबरू कराया, पानी पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। हम पाश्विक तरीके से जीवनदायी जल का भयंकर दोहन कर रहे हैं। सस्टेनेबल तरीके से पानी का इस्तेमाल नहीं हो रहा है। हमारी वजह से धरती का तापमान बढ़ रहा है जिससे वाष्पीकरण की प्रक्रिया तेज हो गई है। हमने जलचक्र को तोड़ दिया है, पारिस्थितिक तंत्र को नष्ट कर दिया है और भूजल को दूषित कर दिया है।

इन दो जल सम्मेलनों के बीच लंबे अंतराल के दौरान पानी पर इंसानों के असर का मूल्यांकन करते हुए गुटेरेस ने कहा कि चार प्राकृतिक आपदाओं में से लगभग तीन पानी से जुड़ी हैं। हर चार में से एक व्यक्ति को पीने के लिए साफ पानी और सुरक्षित प्रबंधित जल सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं। लगभग 1.7 अरब से अधिक लोग बुनियादी स्वच्छता सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। आधा अरब लोग खुले में शौच करते हैं। लाखों महिलाओं और लड़कियों को पानी लाने के लिए रोज घंटों तक मेहनत करनी पड़ रही है। 1977 के सम्मेलन के मेजबान रहे अर्जेंटीना में लगातार तीसरे साल बारिश में रिकॉर्ड तोड़ कमी देखी जा रही है। इसकी वजह से वहां सोयाबीन के उत्पादन में 44 फीसदी और गेहूं के उत्पादन में 31 फीसदी की गिरावट आई है।

सम्मेलन के पहले ही दिन एक के बाद एक प्रतिनिधियों ने स्वीकार किया कि पानी के वैश्विक सर्वेक्षण में कुछ ज्यादा ही लंबा गैप आ गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नए आंकड़ों के साथ इस सर्वेक्षण की जरूरत पर ध्यान दिलाते हुए कहा कि साफ पानी और स्वच्छता के अभाव के चलते दुनिया भर में डायरिया का शिकार हो रहे पांच साल से कम उम्र के 700 से रोज जान गंवा रहे हैं। उसने बताया, 2030 तक पूरी दुनिया को साफ पानी और स्वच्छता सुविधाएं मुहैया कराने के लिए की जा रही कोशिशों को 4 गुना ज्यादा बढ़ाना होगा। इन लक्ष्यों को हासिल करने से हर साल 8,29,000 लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी। यह संख्या उन लोगों की है, जो आज सीधे तौर पर गंदे पानी, गंदगी और खराब हाइजीन से जुड़ी बीमारियों के कारण जान गंवा रहे हैं।

कहर बरपा रहे जल संकट और पानी के भविष्य पर दुनिया भर में उठाए जा रहे कदमों पर न्यूयॉर्क में 40 घंटे तक करीब 10,000 प्रतिभागियों ने बहस की। 1977 में दिए गए एक बयान (जो अब एक व्यापक रूप से स्वीकृत सिद्धांत है) को दोहराते हुए उन्होंने घोषणा की कि पानी को पूरी दुनिया की साझा संपत्ति मान लेना चाहिए। 1977 और हाल के सम्मेलन में महज एक ही अंतर है, और वह यह कि इस बार के वैश्विक जल विमर्श में जलवायु परिवर्तन और खाद्य उत्पादन प्रणाली को भी शामिल किया गया।

सम्मेलन में हिस्सा ले रहे देशों, निजी संस्थानों और बहुपक्षीय एजेंसियों ने अंतिम दिन करीब 700 स्वैच्छिक संकल्प लिए, जिन्हें वाटर एक्शन एजेंडा में शामिल किया गया। गुटेरेस ने कहा, इस सम्मेलन में लिए गए संकल्प मानवता को जल सुरक्षा से लैस ऐसे भविष्य की ओर ले जाएंगे, जिसकी जरूरत धरती पर मौजूद हर इंसान को है।

**फंड के नाम पर कोरी बातें**

इस सम्मेलन से जैसे परिणामों की उम्मीद थी, वाटर एक्शन एजेंडा उन पर खरा नहीं उतर सका। इसके शुरू होने से पहले उम्मीद थी कि जलवायु परिवर्तन (यूएन फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज) और जैव विविधता (यूएन कन्वेंशन ऑन बायोलॉजिकल डायवर्सिटी) की तरह ही पानी के लिए भी कोई औपचारिक समझौता हो सकेगा। ताजिकिस्तान के साथ इस सम्मेलन की सह-मेजबानी कर रहे नीदरलैंड की तरफ से पानी के लिए नियुक्त विशेष दूत हेंक ओविंक ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा, इस सम्मेलन से भले ही हमें कोई जनादेश नहीं मिल सका, लेकिन हम आगे की कारवाई सुनिश्चित करने के लिए दुनिया को एक-साथ लाने में सफल रहे।

उन्होंने कहा, दुनियाभर में जल प्रशासन टुकड़ों में बंटा है, वित्तीय व्यवस्था अव्यवस्थित है। वैज्ञानिक संसाधनों और आंकड़ों का भी अभाव है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष साबा कोरोसी ने बताया कि इन कामों के लिए कुल मिलाकर 300 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक रकम खर्च करने का वादा किया गया। अपने समापन भाषण में उन्होंने कहा, इस सम्मेलन के नतीजों में भले ही कानूनी तौर पर कोई बाध्यकारी दस्तावेज शामिल नहीं है, लेकिन फिर भी इसकी वजह से ऐतिहासिक बदलाव आ सकते हैं।

ये 700 संकल्प ज्यादातर देशों और एजेंसियों के जल क्षेत्र में चल रहे निवेश या स्थानीय जल और स्वच्छता से संबंधित चुनौतियों से निपटने के लिए दशकों से लागू किए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों पर आधारित हैं। उदाहरण के लिए, अमेरिका ने जलवायु के मुताबिक पानी और साफ-सफाई के बुनियादी ढांचे और सेवाओं का समर्थन करने के लिए 49 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के संकल्प की घोषणा की। ये निवेश पहले से ही देश के जलवायु और जल क्षेत्र के कार्यक्रमों का एक हिस्सा है। जापान ने घोषणा की कि वह एशिया-पैसेफिक में पानी से संबंधित सामाजिक मुद्दों के समाधान के लिए गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा विकसित करके और अगले पांच वर्षों में लगभग 500 अरब येन (3.65 अरब डॉलर) की वित्तीय सहायता प्रदान करके सक्रिय रूप से अपना योगदान देगा। विकासशील देशों के सामाजिक-आर्थिक विकास में सहायता पहुंचाने वाली जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) के माध्यम से जापान ऐसे बुनियादी ढांचे के कार्यक्रमों में फंड देता रहता है। वियतनाम ने प्रमुख नदी घाटियों के प्रबंधन के लिए 2025 तक नीतियों को विकसित करने और 2030 तक सभी घरों में साफ बहते पानी की पहुंच सुनिश्चित करने का वादा किया। हालांकि ये 1990 के दशक से इसके राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों का हिस्सा रहे हैं।

सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने हाल-फिलहाल में चल रहे जल-संबंधी कार्यक्रमों का हवाला देते हुए कहा कि वाटर एक्शन डेकेड के प्रति देश की प्रतिबद्धता अटूट है। उन्होंने कहा, भारत ने पानी के क्षेत्र में 240 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है। इस देश में दुनिया में सबसे बड़ा बांध पुनर्वास कार्यक्रम लागू होने जा रहा है और साथ ही भूजल के स्तर को सही जगह पर लाने के भी प्रयास हो रहे हैं।

पानी और स्वच्छता से संबंधित बीमारियों और आर्थिक बोझ से सबसे ज्यादा पीड़ित अफ्रीका के राष्ट्राध्यक्षों ने जल क्षेत्र के लिए अपनी शीर्ष राजनीतिक प्रतिबद्धताओं को दोहराते हुए अध्यक्षीय समझौतों की घोषणा की। जलवायु के मुताबिक पानी और स्वच्छता में निवेश पर ध्यान देने वाले अफ्रीकी संघ आयोग और कॉन्टिनेंटल अफ्रीका इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम ने 2030 तक प्रति वर्ष कम से कम 30 अरब अमेरिकी डॉलर जुटाने की घोषणा की, ताकि इन देशों में पानी की बेहतर व्यवस्था के लिए जरूरी फंड की कमी दूर की जा सके।

अधिकतर अफ्रीकी देशों ने सुरक्षित जल और स्वच्छता के लिए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 6 को पूरा करने की राष्ट्रीय योजनाओं को दोहराया। मोजाम्बिक सरकार ने 9.5 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के साथ 2030 तक एसडीजी 6 की उपलब्धि में तेजी लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने की तरफ अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। नौ अफ्रीकी देशों की सदस्यता वाले नाइजर बेसिन अथॉरिटी (एनबीए) नाम के एक अंतर-सरकारी निकाय और जर्मन पर्यावरण मंत्रालय ने एनबीए के सदस्य देशों में एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन को मजबूत करने की परियोजना के लिए 21.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद देने का संयुक्त संकल्प लिया। यह परियोजना भी पहले से ही चल रही है।

यूरोपीय संघ ने 2030 तक 700 लाख लोगों को बेहतर पेयजल स्रोत और स्वच्छता सुविधाएं मुहैया कराने में मदद देने की घोषणा की और सदस्य-राज्यों को गंदे पानी की निगरानी में तेजी लाने के लिए 20 मिलियन यूरो (21.8 मिलियन डॉलर) धन उपलब्ध कराने के संकल्प की घोषणा की। यूरोपीय संघ से बाहर स्विट्जरलैंड ने संयुक्त राष्ट्र के काम में योगदान देने के लिए पांच संकल्प लिए, जिसमें यूरोप के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग की तरफ से अंतरराष्ट्रीय जल संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए जल सम्मेलन में सहभागिता शामिल है।

## महत्वाकांक्षा की कमी

24 मार्च को संयुक्त राष्ट्र ने वाटर एक्शन एजेंडा अपनाया जिसके बाद दुनियाभर के संस्थानों और सिविल सोसायटी ग्रुप्स से जुड़े 114 एक्सपर्ट्स ने गुतारेस को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने पानी के लिए गंभीर निर्णायक कार्रवाई की कमी पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हम आपसे साहसिक नेतृत्व करने का आग्रह करते हैं, ताकि सम्मेलन के परिणामों में जवाबदेही, कठोरता और महत्वकांक्षा का स्तर बढ़े, जिससे हमारी वैश्विक जल चुनौतियों की गंभीरता और तत्काल समाधान की आवश्यकता को समझा जा सके। उन्होंने 700 संकल्पों पर कहा कि उन्हें डर है कि उनकी असमान और असंगठित प्रकृति पहले से ही अव्यवस्थित क्षेत्र को और अधिक बिगाड़ देगी, कोई ठोस प्रगति सुनिश्चित किए बिना पानी पर राजनीतिक कब्जे को बढ़ावा देगी। स्वैच्छिक संकल्पों के तौर पर उनकी जवाबदेही न्यूनतम स्तर पर पहुंच सकती है, इससे प्रभावी समाधान की राह मुश्किल होगी। सम्मेलन के दौरान हुए एक इवेंट में स्कॉटलैंड स्थित गैर-लाभकारी संस्था वाटर विटनेस इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक और पत्र में हस्ताक्षर करने वाले निक हेपवर्थ ने कहा, मानवता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक को स्वैच्छिक संकल्पों और आधे-अधूरे सबूतों के आधार पर हल करने की कोशिश करना गोले-बारूदों वाली लड़ाई में चाकू ले जाने जैसा है। यह पर्याप्त नहीं है और दुनियाभर के उन सारे गरीबों के साथ हुए विश्वासघात को दिखाता है, जो जल संकट का खमियाजा भुगत रहे हैं। द वर्ल्ड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट नाम की एक गैर लाभकारी शोध संस्था ने संकल्पों का विश्लेषण करते हुए कहा कि 18 मार्च तक वाटर एक्शन एजेंडा में पेश किए गए कुल संकल्पों में से 74 फीसदी यानी 290 से अधिक संकल्पों में फंडिंग के लिए स्पष्ट लक्ष्य नहीं थे। काम पूरे करने के लिए जरूरी पैसे के बिना ये संकल्प बेमतलब हैं। संस्था में पानी से जुड़े मुद्दों के लिए ग्लोबल डायरेक्टर चार्ल्स आइसलैंड का कहना है कि केवल एक तिहाई संकल्प ही गेम-चेंजर हैं, जो जल संकट से उबरने में काफी हद तक मदद करेंगे। मुझे लगता है कि स्वैच्छिक संकल्प एक अच्छी शुरुआत है। हर स्वैच्छिक संकल्प में एक पॉइंट ऐसा आता है, जहां आप उसके लिए मुहैया कराए जाने वाले पैसे के बारे में बात करते है, लेकिन सम्मेलन में मौजूद अधिकतर लोगों ने इस बारे में कोई बात नहीं की।

# मेंढकों को मार रही है घातक महामारी चिट्रिड, भारत में खोजे जा रहे हैं निपटने के उपाय



**भारत** में सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के शोधकर्ताओं की एक टीम नए क्यूपीसीआर परीक्षण पर काम कर रही है जो एशिया में चिट्रिड के वेरिएंट का पता लगा सकती है पिछले 40 वर्षों से एक विनाशकारी कवक रोग दुनिया भर में मेंढकों की आबादी को नुकसान पहुंचा रहा है, जिससे उनकी 90 प्रजातियों का सफाया हो चुका है। दुनिया भर में कोविड-19 महामारी के विपरीत, पेन्जूटिक जानवरों की दुनिया की एक महामारी है। यह दुनिया की सबसे घातक वन्यजीव बीमारी में से एक है।

एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन ने अब इस बीमारी के सभी ज्ञात वेरिएंटों का पता लगाने के लिए एक तरीका ईजाद किया है। जानवरों में यह बीमारी उभयचर चिट्रिड कवक के कारण होती है।

चिट्रिडिओमाइकोसिस, या चिट्रिड के कारण 500 से अधिक मेंढक की प्रजातियों में भारी गिरावट आई है। इसकी वजह से 90 प्रजातियां विलुप्त हो गई है जिनमें से सात ऑस्ट्रेलिया की हैं। अत्यधिक मृत्यु दर और प्रभावित प्रजातियों की अधिक संख्या, स्पष्ट रूप से चिट्रिड को अब तक ज्ञात सबसे घातक पशु रोग बनाती है।

चिट्रिड मेंढकों की त्वचा में प्रजनन करके उन्हें संक्रमित करता है। एककोशिकीय कवक एक त्वचा कोशिका में प्रवेश करता है, अपने आपको दोगुना करता है, फिर जानवर की सतह पर वापस आ जाता है। त्वचा को यह नुकसान मेंढक की पानी और नमक के स्तर को संतुलित करने की क्षमता को प्रभावित करता है और अंतत: संक्रमण के स्तर काफी अधिक होने पर उसकी मृत्यु हो जाती है।

चिट्रिड की उत्पत्ति एशिया में हुई थी। ऐसा माना जाता है कि उभयचरों में दुनिया भर में घूमने और व्यापार के कारण यह बीमारी अनजाने में अन्य महाद्वीपों में फैल गई।

ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका जैसे क्षेत्रों में मेंढकों का चिट्रिड के साथ विकासवादी इतिहास नहीं था जो उन्हें प्रतिरोध प्रदान कर सके। इसलिए, जब वे इस नए रोगज़नक़ के संपर्क में आए, तो इसके परिणाम विनाशकारी थे।

कई प्रजातियों की प्रतिरक्षा प्रणाली रोग से बचाव के लिए सक्षम नहीं थी और बड़े पैमाने पर मौतें हुईं। 1980 के दशक में, उभयचर जीव विज्ञानियों ने तेजी से आबादी में गिरावट को देखना शुरू किया और 1998 में, चिट्रिड कवक वायरस को अंतत: जिम्मेदार के रूप में पहचाना गया।

तब से, बहुत से शोधों ने संक्रमण के रुझान और मेंढक की कमजोर प्रजातियों की रक्षा करने के तरीके पर गौर किया है। शोधकर्ता ने बताया कि, इस तरह के रुझानों पर नजर रखने के लिए, हमें पहले स्थान पर चिट्रिड का पता लगाने के लिए एक विश्वसनीय तरीका चाहिए।

यह पता लगाने के लिए कि क्या एक मेंढक में चिट्रिड कवक है, शोधकर्ता जानवर का स्वाब लेते हैं और उसी प्रकार का परीक्षण करते हैं जिसे आप कोविड -19 परीक्षण में पीसीआर से पहचान सकते हैं। इसका पता मात्रात्मक पोलीमरेज चेन रिएक्शन से होता है और सीधे शब्दों में कहें तो यह प्रजाति से डीएनए की मात्रा को मापने का एक तरीका है। परीक्षण 2004 में सीएसआईआरओ में विकसित किया गया था। एक कोविड परीक्षण के विपरीत, हालांकि, वैज्ञानिक मेंढक की त्वचा का पता लगाते हैं। क्योंकि यह परीक्षण ऑस्ट्रेलिया में चिट्रिड से विकसित किया गया था, देश में रोगज़नक़ों के आने के दशकों बाद, ऑस्ट्रेलियाई और एशियाई वेरिएंटों के बीच फैलने का मतलब था कि यह परीक्षण अपने मूल क्षेत्र में चिट्रिड का पता नहीं लगा सका। यह पिछले दो दशकों के चिट्रिड शोध की एक प्रमुख सीमा रही है।

पिछले कई वर्षों से, भारत में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में एक टीम एक नए क्यूपीसीआर परीक्षण पर काम कर रही है जो एशिया से चिट्रिड के वेरिएंट का पता लगा सकता है। ऑस्ट्रेलिया और पनामा के शोधकर्ताओं के सहयोग से, हमने अब यह साबित किया है कि नया परीक्षण भी इन देशों में अच्छे तरीके से चिट्रिड का पता लगाता है। इसके अलावा, चिट्रिड परीक्षण की एक और निकट संबंधी प्रजाति का पता लगा सकता है जो सैलामैंडर को संक्रमित करता है। परीक्षण भी अधिक संवेदनशील है, जिसका अर्थ है कि यह बहुत कम संक्रमण स्तर का पता लगा सकता है - जिससे हम उन प्रजातियों के दायरे को बढ़ा सकते हैं जिनका हम अध्ययन कर सकते हैं।

**साभार : डीटीई**

## प्राकृतिक प्रतिरक्षा ?

**चिट्रिड** के बारे में सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि कुछ उभयचर प्रजातियां, यहां तक कि वे जो रोगज़नक़ के साथ विकसित नहीं हुई हैं, वे कवक के कारण बीमार नहीं होती हैं। इन प्रजातियों में प्राकृतिक प्रतिरक्षा प्रतिरोध का कुछ रूप है। हालांकि, मेंढक की प्रतिरोधक क्षमता बेहद जटिल होती है। प्रतिरक्षा त्वचा के भीतर एंटी-माइक्रोबियल रसायनों, त्वचा पर सहजीवी बैक्टीरिया, श्वेत रक्त कोशिकाओं और रक्त में एंटीबॉडी, या इन तंत्रों के संयोजन से आ सकती है।अब तक, प्रतिरोध और प्रतिरक्षा कार्य के बीच कोई स्पष्ट रुझान नहीं पाया गया है। मामलों को और अधिक जटिल बनाने के लिए, सबूत भी हैं कि चिट्रिड मेजबान की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को दबा सकता है।क्योंकि एशिया में चिट्रिड में कोई गिरावट नहीं देखी गई है। एशिया में चिट्रिड का पता लगाना मुश्किल हो गया है, एशिया चिट्रिड अनुसंधान में दुनिया के बाकी हिस्सों से पिछड़ रहा है। फिर भी नए क्यू पीसीआर परीक्षण ने भारत भर में उभयचर प्रजातियों की एक श्रृंखला में चिट्रिड के उच्च स्तर का पता लगाया है।अपने मूल क्षेत्र में चिट्रिड का अध्ययन करने की क्षमता होने से हमें यह समझने में मदद मिल सकती है कि एशियाई प्रजातियों ने प्रतिरोध कैसे विकसित किया। यह शोधकर्ताओं को ऑस्ट्रेलिया, उत्तर और दक्षिण अमेरिका और यूरोप में उन प्रजातियों के लिए एक इलाज विकसित करने में मदद कर सकता है जो अब कगार है।शोधकर्ता ने बताया, जबकि नया क्यू पीसीआर परीक्षण भारत, ऑस्ट्रेलिया और पनामा के नमूनों में चिट्रिड का पता लगाने में सफल रहा, हमें विधि को मान्य करने और बढ़ावा देने की आवश्यकता होगी ताकि यह चिट्रिड परीक्षण के लिए नया मानक बन जाए।भविष्य के काम में यूरोप से नमूने का विश्लेषण करने के लिए परीक्षण का उपयोग करना शामिल होगा और ब्राजील से नमूने जहां आनुवंशिक अध्ययन से पता चलता है कि चिट्रिड अलग हो गया है।समय के साथ, चिट्रिड का पता लगाने का यह नया तरीका मेंढकों को बचाने में मदद करने वाला पहला कदम हो सकता है। यह अध्ययन जर्नल ट्रांसबाउंड्री एंड इमर्जिंग डिजीज में प्रकाशित हुआ है।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने पर बाद में ही बात की जा सकती है : कैरी

**एजेंसी। लंदन**



**ऑस्ट्रेलिया** के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी टीम की तैयारियों पर भरोसा है और उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण मैच से पहले अभ्यास मैच नहीं खेलने के फैसले के बारे में केवल बाद में ही बात की जा सकती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ही सात जून से ओवल में शुरू होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया की टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद भी ब्रिटेन में ही रहेगी जहां उसे 16 जून से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की एशेज श्रृंखला खेलनी है। आईसीसी वेबसाइट के अनुसार कैरी ने कहा, सभी खिलाड़ियों की हाल के दिनों में व्यक्तिगत प्रतिबद्धताएं थी।कुछ खिलाड़ी आईपीएल में व्यस्त थे तथा कुछ खिलाड़ी अपने परिवार के साथ समय बिता रहे थे। उन्होंने कहा, अब हम यहां एक साथ मिलकर टेस्ट चैंपियनशिप को लेकर वास्तव में उत्साहित हैं तथा मुझे लगता है कि इस बारे में बाद में ही बात की जा सकती है कि हमें अभ्यास मैच खेलना चाहिए था या नहीं।

# हैंडबॉल में गतिरोध खत्म, दिग्विजय चौटाला एचएआई के नए अध्यक्ष चुने गए

**एजेंसी। नई दिल्ली**




**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) के हस्तक्षेप के बाद दिग्विजय चौटाला को भारतीय हैंडबॉल संघ (एचएआई) का अध्यक्ष और जगन मोहन राव को महासचिव चुना गया। जिससे खेल के संचालन को लेकर लंबे समय से चला आ रहा गतिरोध खत्म हो गया। एचएआई ने इस मुद्दे को सुलझाने में भूमिका के लिए आईओए को धन्यवाद दिया।

भारत में खेलों की शीर्ष संस्था से मान्यता का आग्रह किया। पिछले कुछ वर्षों से राव और चौटाला दोनों की अगुआई वाली संस्थाएं हैंडबॉल का वैध राष्ट्रीय महासंघ होने का दावा कर रहीं थी। कौन की संस्था खेल का संचालन करेगी इस भ्रम के कारण पिछले साल गुजरात में हुए राष्ट्रीय खेलों से हैंडबॉल को हटा दिया गया था। आईओए ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, भारतीय ओलंपिक संघ आज भारतीय हैंडबॉल संघ में महीनों से चले आ रहे गतिरोध का हल निकालने में बड़ी सफलता की घोषणा करता है। खेल और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए दोनों गुट अब मिलकर काम करेंगे। आपसी सहमति से निकाला गया। यह हल काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत आगामी हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी कर रहा है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा को लिखे पत्र में एचएआई की कार्यकारी समिति ने सोमवार को चौटाला को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, राव को महासचिव और तेजराज सिंह को कोषाध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। उषा ने मामले का हल निकलने पर संतोष जाहिर करते हुए कहा, एचएआई ने सभी खेल महासंघों के लिए उदाहरण पेश किया है कि बातचीत से सभी मुद्दों का हल निकाला जा सकता है। मुझे खुशी है कि आईओए खेल और इसके खिलाड़ियों के प्रति समान लक्ष्यों के प्रति काम करने के लिए दोनों पक्षों को एक साथ लाने में सफल रहा। चौटाला और राव दोनों ने भारत में हैंडबॉल की बेहतरी के लिए एकजुट होकर काम करने की बात कही।चौटाला ने कहा संचालन के मुद्दे का हल निकालने में मार्गदर्शन के लिए मैं आईओए को धन्यवाद देता हूं। अब हम आगे बढ़ेंगे और देश में खेल के लिए एक साथ काम करेंगे। राव ने कहा, भारत में हैंडबॉल की सेवा और हमारे खिलाड़ियों के विकास के लिए मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करूंगा।

# कोहली ने टीम इंडिया के साथ किया अभ्यास, रोहित आज से करेंगे शुरू

**एजेंसी। ऑरनडेल**





**भारत** के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को ऑरनडेल कासल क्रिकेट क्लब में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के साथ राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अभ्यास सत्र से जुड़ गए। ऐसा लगता है कि उनादकट बाएं कंधे की चोट से उबर गए हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया सात से 11 जून तक द ओवल में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेलेंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर भारतीय टीम के सदस्यों की तस्वीर साझा की जिसमें कोहली के अलावा तेज गेंदबा मोहम्मद सिराज और उमेश यादव भी शामिल थे। बीसीसीआई ने ट्वीट में कहा, टीम इंडिया के सदस्यों ने ऑरनडेल कासल क्रिकेट क्लब में डब्ल्यूटीसी 2023 की अपनी तैयारियां शुरू की। कोहली, उमेश और सिराज को नई ट्रेनिंग किट में जॉगिंग करते हुए देखा जा सकता था। जबकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने नेट पर गेंदबाजी की। उनादकट ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और गेंदबाजी कोच पारस महाम्ब्रे के साथ भी बात की। फाइनल की तैयारी के लिए इंग्लिश काउंटी में ससेक्स की ओर से खेल रहे चेतेश्वर पुजारा भी ट्रेनिंग के लिए पहुंचे। उमेश और शारदुल ठाकुर डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए यहां पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ियों के शुरुआती समूह में शामिल थे। कप्तान रोहित शर्मा और मुंबई के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी यहां पहुंच गए हैं। रविंद्र जडेजा, शुभमन गिल, मोहम्मद शमी, केएस भरत और अजिंक्य रहाणे की मौजूदगी वाला अंतिम समूह अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड के लिए रवाना होगा। रुतुराज गायकवाड़ ने बीसीसीआई को सूचित किया है कि तीन और चार जून को उनका विवाह है। जिसके बाद जायसवाल को स्टैंडबाई खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

भारत 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले फाइनल में साउथम्पटन में केन विलियमसन की अगुआई वाली न्यूजीलैंड की टीम से आठ विकेट से हार गया था। भारत डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेगा।

# थाईलैंड को 17-0 से हराकर भारत जूनियर एशिया कप के सेमीफाइनल में

**पायनियर समाचार सेवा। सलालाह**



**गत** चैम्पियन भारत ने पूल ए के अपने आखिरी मैच में थाईलैंड को 17-0 से करारी शिकस्त देकर पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने अपने ग्रुप में चीनी ताइपे, जापान और थाईलैंड को हराया जबकि पाकिस्तान के खिलाफ उसने मैच1-1 से ड्रॉ खेला। भारत सेमीफाइनल में किससे भिड़ेगा इसका पता पूल बी में मलेशिया और ओमान तथा पूल ए में पाकिस्तान और जापान के बीच होने वाले मैच से पता चलेगा।

पाकिस्तान को पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने अंतिम लीग मैच में जापान को 14 गोल से अधिक के अंतर से हराना होगा। थाईलैंड के खिलाफ भारतीय टीम शुरू से हावी हो गई। उसकी तरफ से अंगद बीर सिंह ने चार गोल ((13वें, 33वें, 47वें और 55वें मिनट) किए।

रविवार की रात को खेले गए मैच में अंगद के अलावा भारत की तरफ से योगम्बर रावत (17वें), कप्तान उत्तम सिंह (24वें, 31वें), अमनदीप लाकड़ा (26वें, 29वें), अरिजीत सिंह हुंदल (36वें), विष्णुकांत सिंह (38वें), बॉबी सिंह धामी (45वें), शारदा नंद तिवारी(46वें),अमनदीप (47वें), रोहित (49वें), सुनीत लाकड़ा (54वें) और राजिंदर सिंह (56वें) ने भी गोल किए। भारत अंतिम क्वार्टर शुरू होने से पहले 10-0 से आगे था। थाईलैंड की टीम तब तक पस्त हो चुकी थी और भारत ने अपने आक्रामक रवैए में किसी तरह से ढिलाई न दिखाकर हूटर बजने से पहले तक गोल वर्षा जारी रखी।

## संस्थागत लीग से विभागों को फुटबॉल में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा: विजयन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी आईएम विजयन का मानना है कि संस्थागत लीग शुरू करने से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू), राज्यों के विभिन्न विभागों और पुलिस इकाइयों को देश भर में खेल में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पीएसयू, राज्य विभागों और पुलिस इकाइयों से खेलने वाले फुटबॉलारों के लिए प्रतिस्पर्धा के और मौके बनाने के लिए संस्थागत लीग शुरू करने की घोषणा की है जिसकी देश के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकरों में से एक रहे विजयन ने सराहना की है।

### आईपीएल फाइनलः गुजरात ने चेन्नई को 215 रन का टारगेट दिया

# शतक से चूके साई सुदर्शन, साहा की फिफ्टी, पथिराना को दो विकेट

**एजेंसी। अहमदाबाद**



**बी** साई सुदर्शन के 47 गेंद में 96 रन की मदद से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चार विकेट पर 214 रन बनाए। बारिश के कारण रिजर्व दिन पर खेले जा रहे मैच में चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया।

गुजरात के लिए साइ सुदर्शन ने 47 गेंद में 96 रन बनाए जिसमें आठ चौके और छह छक्के शामिल थे। वहीं रिधिमान साहा ने 39 गेंद में 54 रन की पारी खेली। शुभमन गिल 20 गेंद में 39 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई के गेंजबाजों को 19 ओवर तक 2 ही विकेट मिले। दीपक चाहर ने साहा और रवींद्र जडेजा ने गिल को पवेलियन भेजा। आखिरी ओवर में मथीश पथिराना ने 2 विकेट लिए।

शुभमन गिल के बाद नंबर-3 पर बैटिंग करने उतरे साई सुदर्शन ने संभली हुई शुरुआत की। फिर 12वें ओवर के बाद स्पिनर्स को बड़े-बड़े शॉट्स लगाने शुरू कर दिए।उन्होंने पावरप्ले ओवरों में ही बड़े-बड़े शॉट्स लगाने शुरू किए। उन्होंने पहले गिल के साथ 67 रन की पार्टनरशिप की, फिर साई सुदर्शन के साथ भी 64 रन की साझेदारी की। वे 39 बॉल में 54 रन बनाकर दीपक चाहर का शिकार हुए।

## फ्रांस अंडर-20 विश्व कप से बाहर, इंग्लैंड अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा

**ब्यूनस आयर्स।** फ्रांस ग्रुप चरण के अपने अंतिम मैच में होंडुरास पर 3-। से जीत दर्ज करने के बावजूद अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता से बाहर हो गया।फ्रांस ग्रुप एफ में अपने पहले दोनों मैच हार गया था जिसके कारण वह नॉकआउट चरण में जगह नहीं बना पाया। इस ग्रुप से गांबिया और दक्षिण कोरिया आगे बढ़ने में सफल रहे।फ्रांस को तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमों में जगह बनाने के लिए एक और गोल की दरकार थी। इससे वह बेहतर गोल अंतर के कारण अंतिम 16 में पहुंच जाता और ट्यूनीशिया बाहर हो जाता।ग्रुप एफ में गांबिया और दक्षिण कोरिया के बीच खेला गया मैच गोल रहित छूटा। अफ्रीकी टीम गांबिया अगले दौर में उरूग्वे का सामना करेगी जबकि एशियाई टीम दक्षिण कोरिया का सामना इक्वाडोर से होगा। इस बीच ग्रुप ई में इंग्लैंड ने इराक के खिलाफ गोल रहित ड्रा खेलकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उरूग्वे ने ट्यूनीशिया को।-0 से हराकर दूसरा स्थान हासिल किया। फ्रांस के लचर प्रदर्शन के कारण ट्यूनीशिया अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहा जहां उसका सामना ब्राजील से होगा।

# केरल के मुख्यमंत्री ने मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 का खिताब जीतने के लिए प्रणय को बधाई दी





**एजेंसी। तिरूवनंतपुरम।**



केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कुआलालंपुर में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट का पुरुष एकल का खिताब जीतने पर सोमवार को भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय को बधाई दी।विजयन ने कहा कि प्रणय ने शानदार प्रदर्शन से ना सिर्फ केरल को गौरवांवित किया है बल्कि इससे युवा खिलाड़ी भी कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित होंगे।मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, मलेशिया मास्टर्स 2023 में शानदार जीत के लिए एचएस प्रणय को बधाई। उनके बेजोड़ प्रदर्शन ने केरल को गौरवांवित किया है और युवा खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। चमकते रहो एचएस प्रणय। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी केरल के प्रणय ने रविवार को तीन गेम तक चले फाइनल में चीन के वेंग होंग एंग को हराकर खिताब जीता।प्रणय का यह पहला विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) विश्व टूर खिताब है। यह भारत का 2023 का पहला एकल खिताब भी है।

# सिंधू और श्रीकांत की थाईलैंड ओपन में अच्छा प्रदर्शन करने पर निगाह



**एजेंसी। बैंकाक**

**मलेशिया** मास्टर्स में अपेक्षित प्रदर्शन करने के बाद पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत सहित भारतीय खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने का प्रयास करेंगे। सिंधू पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। इन दोनों खिलाड़ियों की निगाह अब खिताब जीतने पर होगी।

ओलंपिक में दो बार पदक जीतने वाली सिंधू मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाकर खिताब का सूखा खत्म करने के करीब पहुंची थी लेकिन श्रीकांत पिछले साल थॉमस कप की ऐतिहासिक जीत के बाद संघर्ष करते हुए नजर आए। विश्व रैंकिंग में दो पायदान नीचे 13वें स्थान पर खिसकने वाली सिंधू थाईलैंड ओपन के पहले दौर में कनाडा की मिशेल ली का सामना करेगी। जबकि श्रीकांत का सामना मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में पहुंचने वाली चीन के वेंग होंग यांग से होगा। भारत के एचएस प्रणय ने चीन के इस खिलाड़ी को हराकर खिताब जीता था। लगातार लचर प्रदर्शन के कारण विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर खिसकने वाले लक्ष्य सेन पहले दौर में चीनी ताइपे के वांग जु वेई का सामना करेंगे। ऑरलियन्स मास्टर्स विजेता प्रियांशु राजावत भी थाईलैंड ओपन में कोर्ट पर उतरेंगे। उनका पहला मुकाबला मलेशिया के एन जे योंग से होगा। मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी इस सप्ताह वापसी करेगी। वह पहले दौर में फ्रांस के लुकास कोर्वी और रोनन लाबर का सामना करेंगे। पुरुष युगल में कृष्ण प्रसाद गर्ग और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला तथा महिला युगल में अश्विनी भट्ट और शिखा गौतम भी अपना भाग्य आजमाएंगे।

# रबात डायमंड लीग में 3000 मीटर स्टीपल चेज में 10वें स्थान पर रहे साबले


**एजेंसी। रबात**




**भारत** के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अविनाश साबले यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दूसरे चरण में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपल चेज स्पर्धा में 10वें स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के रजत पदक विजेता 28 वर्षीय साबले ने आठ मिनट 17.18 सेकेंड का समय लिया।

जो उनके राष्ट्रीय रिकार्ड आठ मिनट 11.20 से लगभग छह सेकेंड अधिक था। साबले ने पिछले साल इसी प्रतियोगिता में 8:12.48 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल किया था। इस स्पर्धा में 18 धावकों ने भाग लिया लेकिन केवल 14 धावक ही दौड़ पूरी कर पाए। मेजबान देश के विश्व और ओलंपिक चैंपियन सौफियाने एल बक्कली ने 7:56.68 सेकेंड का समय लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## दीक्षा डागर संयुक्त छठे स्थान पर रहीं, सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया



**एंटवर्प।** दीक्षा डागर लेडीज यूरोपीय टूर पर मौजूदा सत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यहां 2023 बेल्जियन लेडीज ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहीं।दीक्षा ने 18वें होल में बोगी के बावजूद अंतिम दौर में पार का स्कोर बनाया। जर्मनी की पैट्रीशिया इसाबेल शिमिट ने अंतिम दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब अपने नाम किया।सत्र की निराशाजनक शुरुआत करने वाली दीक्षा ने अपनी पिछली चारों प्रतियोगिताओं में कट हासिल किया है और अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। कट हासिल करने वाली एक अन्य भारतीय अमनदीप द्राल ने अंतिम दौर में एक अंडर 71 के स्कोर से संयुक्त 24वां स्थान हासिल किया।

# किसी भी परिस्थिति में जीतने का विश्वास रखता है ऑस्ट्रेलिया, इसे सिखाना मुश्किल: स्टालेकर

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**




**भारतीय** महिला क्रिकेट टीम वैश्विक प्रतियोगिताओं में लगातार नॉकआउट चरण में हारती रही है तथा ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लिसा स्टालेकर का मानना है कि अपने अंदर जीत का विश्वास जगाने पर ही हार के इस क्रम को तोड़ा जा सकता है।

पिछले दो वर्षों में भारत ने द्विपक्षीय और आईसीसी की प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी है लेकिन इसके बावजूद वह वैश्विक प्रतियोगिताओं में खिताब नहीं जीत पाया है। स्टालेकर जब खेलती थी तो ऑस्ट्रेलिया का महिला क्रिकेट में दबदबा था तथा मेग लैनिंग की अगुवाई वाली टीम इसे अगले स्तर तक ले गई। स्टालेकर ने पीटीआई से कहा, जब मैं खेला करती थी तब भी और आज भी ऑस्ट्रेलियाई टीम इस विश्वास के साथ मैदान पर कदम रखती है कि वह किसी भी परिस्थिति में जीत सकती है क्योंकि उसने अतीत में भी ऐसा किया है। मैं अपनी पीढ़ी के बारे में बात कर सकती हूं। मेरे राज्य न्यू साउथ वेल्स की टीम नियमित तौर पर राष्ट्रीय खिताब जीतती रही है। कुछ अवसर ऐसे भी आए जब हमें नहीं जीतना चाहिए था, लेकिन हम किसी तरह कामयाब रहे। उन्होंने कहा, इसलिए एक बार जब आप यह विश्वास हासिल कर लेते हैं, तो आपको परिस्थितियों का सामना करने के लिए छोड़ दिया जाता है और आपकी यह सोच कि हम किसी भी परिस्थिति में जीत सकते हैं आपको सफलता दिलाती है।

# हेजलवुड भारत के खिलाफ डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में

**एजेंसी। लंदन**



**तेज** गेंदबाज जोश हेजलवुड को भारत के खिलाफ सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है।

यह 32 वर्षीय गेंदबाज चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से ही स्वदेश लौट गया था। उन्हें हालांकि टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड जैसे तेज गेंदबाजों के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।अब तक 59 टेस्ट मैचों में 222 विकेट लेने वाले हेजलवुड के चयन का मतलब है कि चयनकर्ताओं को ऑल राउंडर माइकल नेसर या तेज गेंदबाज सीन एबोट को टीम में रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नेसर और एबोट अभी काउंटी क्रिकेट में खेल रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने हाल में कहा था कि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है।